राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 गौतम गंभीर ने शाहरुख खान से ...

बिना आधिकारिक पद के पंजाब में... 12

वर्ष : 14 | अंक : 307 | नई दिल्ली, बुधवार, 20 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 19°C

**बाजार**

सोना 67,545
चांदी 77,700
संसेक्स 72,012
निफ्टी 21,817

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के राज्यपाल को तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल के रूप में डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा झारखंड के राज्यपाल को इनका अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राष्ट्रपति ने झारखंड के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को नियमित व्यवस्था होने तक अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

### वायु सेना के लडाकू विमानों ने आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग से भरी उड़ान

नई दिल्ली। वायु सेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों ने आंध्र प्रदेश के बापटला जिले के अडांकी में राष्ट्री य राजमार्ग पर लैंडिंग और उड़ान भर कर एक बार फिर अपनी क्षमता और कौशल का परिचय दिया है। वायु सेना ने मंगलवार को एक वक्त ।व्यय जारी कर कहा कि उसके सुखोई-30 और हॉक लडाकू विमान सोमवार को बापटला जिले में अडांकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर उतरे और बाद में विमानों ने वहां से उड़ान भरी। इन विमानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग का एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा की तरह इस्तेसमाल किया। बाद में वायु सेना के मालवाहक विमान ए एन -32 और डोर्नियर परिवहन विमान भी वहां उतरे और राजमार्ग पर बनाई गयी इस पट्टी से उड़ान भरी। इस जटिल अभियान के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला प्रशासन, राज्य पुलिस और वायु सेना के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला।

### पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का ऐलान किया था।

# विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन केवल हिंदू धर्म को निशाना बनाता है: पीएम मोदी

प्रात : किरण



सलेम (तमिलनाडु)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ने इसे नष्ट करने की घोषणा कर अपने 'बुरे इरादे' का प्रदर्शन किया है। मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनके द्वारा हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है। उन्होंने कहा, '' 'इंडी' अलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान द्रमुक और कांग्रेस का 'इंडी' अलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।'' उन्होंने नारी शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में शक्ति का अर्थ है 'मातृ शक्ति और नारी शक्ति'। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और द्रमुक वाले इंडिया गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को 'शक्ति' के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं।

### शास्त्र साक्षी हैं, जो शक्ति को खत्म करना चाहता है, उसका विनाश तय

#### तमिलनाडु के सेलम में पीएम मोदी ने जनसभा को किया संबोधित

हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका हुआ है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सेलम में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इसके जरिए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है, जबकि राहुल गांधी अपने इस बयान को लेकर पहले ही सफाई दे चुके हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन दक्षिण पर हैं। इससे पहले उन्होंने केरल के पलक्कड़ में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो भी किया था। पीएम मोदी को अपने बीच पाकर लोगों ने भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे लगाए। तमिलनाडु में पीएम मोदी के रोड शो में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। पीएम मोदी के अभिवादन करने पर लोग भावुक होते हुए दिखे। रोड शो के बाद पीएम मोदी ने सेलम में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, कि तमिलनाडु में भाजपा को मिल रहे जनसमर्थन को पूरा देश देख रहा है और इसकी चर्चा भी कर रहा है। इस जनसमर्थन और आशीर्वाद ने डीएमके सरकार की नींद उड़ा दी है। पीएम मोदी ने कहा, कि अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में जाएगा, एनडीए को जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब तमिलनाडु यह तय कर चुका है, कि अबकी बार 400 पार! यहां प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन को निशाने पर लेते हुए कहा कि अभी तो चुनाव अभियान की शुरूआत हुई है, लेकिन इंडी एलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा, कि इंडी एलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान कर रहे हैं।

### टीएमसी की मांग- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हों चुनाव

नई दिल्ली। भाजपा विरोधी दल आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र सरकार, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इसी बीच लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चुनाव कराने की मांग उठा दी है। टीएमसी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में लोकसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थानों का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रही है। डेरेक ओ ब्रायन ने चुनाव आयोग को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए।

# मोदी की गारंटी का हश्र 'इंडिया शाइनिंग' जैसा ही होगा : खडगे

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में उनकी पार्टी की जीत सुनिश्चित है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'मोदी सरकार की गारंटी' का वही हश्र होगा जो 2004 के आम चुनाव में 'शाइनिंग इंडिया' का हुआ था। खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में आज कहा कि देश बदलाव चाहता है क्योंकि मौजूदा सरकार की गारंटियां धोखा साबित हो रही है। देश के माहौल से अब साफ हो गया है कि मोदी सरकार की गारंटी का 2024 के आम चुनाव में वही हश्र होना है जो 20 साल पहले 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार के 'शाइनिंग इंडिया' नारे का हुआ था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 5 स्तंभ-किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय में प्रत्येक की पांच गारंटी हैं। हर न्याय स्तंभ के अन्तर्गत पांच गारंटियों के हिसाब से कांग्रेस पार्टी ने कुल 25 गारंटियां दी हैं। घोषणा पत्र में इन सब का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 1926 से ही देश के राजनीतिक इतिहास में कांग्रेस घोषणापत्र को ''विश्वास और प्रतिबद्धता का दस्तावेज'' माना जाता है। जरूरत जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर स्वयं को केंद्रित रखने की है और अगले पांच साल में हमारी जो प्राथमिकताएं हैं उन्हें पुरजोर ढंग से जनता के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा देश बदलाव चाहता है। मौजूदा मोदी सरकार की गारंटियाँ का वही हश्र होने जा रहा है जो 2004 में भाजपा की 'इंडिया शाइनिंग' नारे का हुआ था। इसके लिए हमारे हर गांव और शहर के कार्यकर्ता को उठ खड़ा होना होगा। घर-घर अपने घोषणापत्र को पहुंचाना होगा।



### कांग्रेस कार्य समिति ने घोषणा पत्र की मंजूरी के लिए खरगे को अधिकृत किया

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा। कार्य समिति की बैठक में घोषणा पत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार उसका घोषणा पत्र पार्टी के पांच न्याय - 'भागीदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणा पत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी की गारंटियों को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए रूपरेखा तैयार की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सिर्फ घोषणा पत्र नहीं होगा, बल्कि एक न्याय पत्र होगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कार्य समिति की बैठक में कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होने जा रहा है जो 2004 में इंडिया शाइनिंग (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था कि उनकी पार्टी इस लोकसभा चुनाव में जो वादे करने जा रही है उन्हें पूरा करेगी। उन्होंने कहा, हम वादे करने के पहले गहराई से ये पड़ताल कर लेते हैं कि उनको पूरा कर पाएंगे या नहीं। खरगे ने कहा, ह्यदेश बदलाव चाहता है। मौजूदा सरकार की गारंटी का वही हश्र होने जा रहा है जो 2004 में इंडिया शाइनिंग नारे का हुआ था। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक भी होगी जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। कांग्रेस ने अब तक दो अलग-अलग सूचियों में कुल 82 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

# संजय सिंह ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ

## कोर्ट के आदेश पर तिहाड़ से संसद लेकर पहुंची थी पुलिस

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह को कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस तिहाड़ से संसद लेकर पहुंची। जहां उन्होंने राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें राज्यसभा सांसद की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि संजय सिंह कथित शराब नीति घोटाला में तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें मंगलवार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेने की इजाजत दी थी। उन्हें अमित अरोड़ा के बयान के आधार पर ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। उनका कार्यकाल खत्म होने पर आप ने दोबारा राज्यसभा सदस्य के तौर पर मनोनीत किया था। जस्टिस एमके नागपाल ने जेल अधीक्षक को सिंह की आवाजाही के दौरान पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। न्यायाधीश ने कहा था कि संबंधित जेल अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के उद्देश्य से आरोपी को 19 मार्च 2024 को पर्याप्त सुरक्षा के तहत संसद ले जाया जाए और शपथ के बाद उन्हें सुरक्षित वापस जेल लाया जाए।



# पप्पू यादव को पूर्णिया से चुनाव लड़ाने पर अड़ी कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी

पटना। सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन की लगातार बैठके हो रहीं हैं। सीटों का बंटवारा हो रहा है। कई सीटों पर सहमति बन गई और कुछ पर शेष है। अब कांग्रेस चाहती है कि पप्पु यादव को पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ाया जाए। इसको लेकर महागठबंधन में टेंशन बढ़ सकती है। कांग्रेस पार्टी ने बेगूसराय, कटिहार के अलावा पूर्णिया लोकसभा सीट पर दावा कर दिया है। कांग्रेस पार्टी पप्पू यादव के लिए पूर्णिया सीट चाहती है। पप्पू यादव की पत्नी रंजीत रंजन फिलहाल कांग्रेस से राज्यसभा सांसद हैं। तेजस्वी यादव ने पत्रकारों के साथ हुई बातचीत में कहा था कि बिहार में दो दिनों के भीतर सीटें फाइनल हो जाएंगी। वहीं एनडीए ने बिहार में सीटों का बंटवारा कर लिया। इसके तहते बीजेपी के खाते में 17, जदयू को 16, चिराग पासवान की पार्टी को 5, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की



# सीएम नायब सैनी के मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

## कमल गुप्ता के साथ ही 8 विधायकों ने ली शपथ

प्रात : किरण/एजेंसी

चंडीगढ़। लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले हरियाणा में हुए सियासी फेरबदल से उपजी सीएम नायब सैनी के मंत्रिमंडल का विस्तार आज हो गया। सरकार बनने के एक हफ्ते बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है। सीएम नायब सैनी और गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय ने मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आज मंगलवार को एक सादे समारोह में नायब सैनी के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है। सबसे पहले हिसार से विधायक डॉ कमल गुप्ता को गवर्नर बंडारु दत्तात्रेय ने शपथ दिलाई। वहीं फरीदाबाद के बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार की शपथ ली है। पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। उन्हें भी स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार अंबाला सिटी से विधायक असीम गोयल को बतौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई गई। विधायक अभय सिंह यादव ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ग्रहण की है। कुरुक्षेत्र के थानेसर से विधायक सुभाष सुधा को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई गई। बवानीखेड़ा से विधायक विशंभर वाल्मीकि को राज्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और सोहना निर्वाचन क्षेत्र से विधायक संजय सिंह को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ दिलाई गई है। इस प्रकार मंत्रिमंडल विस्तार में 8 विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली है।



# सीएए पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, अगली सुनवाई 9 अप्रैल को

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिकाओं पर मंगलवार केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए कहा, 237 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

पीठ उनकी इस गुहार पर कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई नौ अप्रैल को करेगी। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

**प्रतिक्रिया** चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा अरुणाचल प्रदेश के भूभाग पर 'बेतुके दावे को आगे बढ़ाते हुए' की गई टिप्पणी पर गौर किया

# अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अभिभाज्य हिस्सा ''था, है और हमेशा रहेगा'' : विदेश मंत्रालय

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा अरुणाचल प्रदेश के भूभाग पर 'बेतुके दावे को आगे बढ़ाते हुए' की गई टिप्पणी पर गौर किया है और कहा कि राज्य भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा 'था, है और सदैव रहेगा।'' विदेश मंत्रालय की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आयी है, जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन की आपत्ति को भारत के खारिज करने के बाद चीन की सेना ने राज्य पर अपने दावे को दोहराते हुए इसे चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के हवाले से कहा गया, हमने चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के भूभाग पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाते हुए की गई टिप्पणी पर गौर किया है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा की गई टिप्पणी पर मीडिया के सवालों के जवाब में है। उन्होंने कहा, इस संबंध में निराधार तर्क को दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। इसके लोग हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभान्वित होते रहेंगे। चीन की सरकारी मीडिया ने देश के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग के हवाले से कहा था कि जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) का दक्षिणी भाग चीन के भूभाग का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है।'' भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का

### पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली। अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। ऐसी संभावना है कि भाजपा उन्हें पंजाब के अमृतसर से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। वह पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होते हुए संधू ने भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति के बारे में बात की और कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी नड्डा को उनकी राजनीतिक पारी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विकास उनके गृहनगर अमृतसर तक भी पहुंचना चाहिए।

# गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सलियों की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान करीब चार नक्सली मारे गए। महाराष्ट्र पुलिस के सी-60 कमांडो और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें कमांडो यूनिट ने चार नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने चार विद्रोहियों के शव, एक एके-47 कार्बाइन, दो घरेलू निर्मित पिस्तौल और नक्सली साहित्य सहित हथियारों का जखीरा भी बरामद किया। मृत नक्सलियों की पहचान वर्गीश, मगतू, दोनों अलग-अलग नक्सली समितियों के सचिव और प्लाटून सदस्य कुरसांग राजू और कुडिमेट्टा वेंकटेश के रूप में की गई है। मृत नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का बड़ा इनाम था, जो नक्सली नेटवर्क के भीतर उनके महत्व का संकेत था।



पता चला है कि नक्सली तेलंगाना सीमा पार कर गढ़चिरौली में घुसपैठ कर रहे थे, संभवतः आगामी लोकसभा चुनावों को बाधित करने की एक बड़ी योजना के तहत वह कुछ बड़ा प्लान कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि जब सी-60 यूनिट की एक टीम मंगलवार सुबह रेपनपल्ली के पास कोलामरका पहाड़ों में तलाशी ले रही थी, तब नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने किया आचार संहिता का उल्लंघन, कार्रवाई करें

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा कि ऋतु खंडूरी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा है कि पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी की कोटद्वार रैली में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी उनके प्रचार वाहन पर मौजूद रही। यह लोकसभा चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहने के दौरान किसी भी राजनीतिक पार्टी के पक्ष में चुनावी प्रचार नहीं किया जा सकता। यह चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है। भाजपा, उनके प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

### हल्द्वानी की सड़कों पर मौत का सफर, फौजी की मौत

**नैनीताल , एजेंसी।** रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार मूल रूप से नाचनी पिथौरागढ़ निवासी फौजी की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार मूल रूप से नाचनी पिथौरागढ़ निवासी फौजी की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। टीपी नगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे दिल्ली का कैंटर सामान छोड़कर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। मुखानी हल्द्वानी निवासी फौजी ललित सिंह (40) पुत्र प्रताप सिंह स्कूटी से रुद्रपुर से अपने घर मुखानी आ रहे थे। टांडा बैरियर के पास कैंटर और स्कूटी में टक्कर हो गई जिससे ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि कैंटर चालक उत्तम नगर दिल्ली निवासी जवाहर सिंह को पुलिस ने पकड़ लिया है। कैंटर टांडा चौकी में खड़ा करा दिया है। बताया कि मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी ललित सिंह महार रेजिमेंट दिल्ली में तैनात थे। उनके दो बच्चे हैं। वह दो दिन पहले ही छुट्टी पर आए थे। सूचना पर परिजन सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच गए हैं।

### निकाय चुनाव में 32,2285 मतदाता करेंगे मतदान

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** जिले में इस बार 32,2285 मतदाता अगामी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। जिला पंचस्थानी कार्यालय भीमताल की ओर से नगर निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के साथ पुरुष और महिला मतदाताओं की तस्वीर भी साफ हो गई है। नगर निकाय हल्द्वानी-काठगोदाम में महिला 114930, पुरुष 119318 कुल 234330 मतदाता, नगर पालिका परिषद नैनीताल में महिला 11372, पुरुष 11757 कुल 23130 मतदाता, नगर पालिका भवाली में महिला 2863, पुरुष 2915 कुल 5779 मतदाता, नगर पालिका रामनगर में महिला 17177, पुरुष 18288, कुल 35480 मतदाता, नगर पंचायत भीमताल में महिला 4606, पुरुष 4938, कुल 9544 मतदाता, नगर पंचायत कालाढूंगी में महिला 4129, पुरुष 4333 कुल 8465 मतदाता, नगर पंचायत लालकुआं में महिला 2545, पुरुष 3009 और कुल मतदाता 5557 शामिल है। जिले में कुल महिला 157622, पुरुष 164558 और कुल मतदाता 322285 शामिल है।

### खेलों में लगने वाली चोट और पुनर्वास पर की चर्चा

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का हर्मिटेज भवन में शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड हेल्थ केयर दिल्ली के निदेशक डॉ. रमनदीप कौर ने विभिन्न खेलों से संबंधित लगने वाली चोट तथा पुनर्वास पर चर्चा कर प्राथमिक इलाज से संबंधित उपकरणों की जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. डीएस रावत ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेकर पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ओलंपियन मनीष रावत तथा अंतरराष्ट्रीय धावक सुरेश पांडेय ने उत्तराखंड में पहली बार आयोजित इस तरह की कार्यशाला के लिए आयोजकों को बधाई दी।

### बंदरों का आतंक तो रात में तेंदुए की दस्तक ने डराया

**नैनीताल, एजेंसी।** जंगली जानवरों की दस्तक से लोगों में दहशत है। दिन में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं तो रात में आवासीय क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक लोगों को डरा रही है। हालांकि वन विभाग की ओर से गश्त भी की जा रही है और पिंजरे लगाकर बंदरों को पकड़ा भी जा रहा है लेकिन इसके बाद भी समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हो रहा है।

# रामपुर तिराहा कांड : मुलायम सरकार के दबाव में नहीं झुके थे सीबीआई अधिकारी





**नैनीताल, एजेंसी।** रामपुर तिराहे पर उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार के विरोध में सुनवाई होने के बाद सीबीआई ने बिहार सीबाआई में तैनात निर्मल ढौंडियाल को जांच सौंपी। उन्होंने ही अपनी रिपोर्ट में महिलाओं पर हुए अत्याचार को उजागर किया था।

रामपुर तिराहे पर उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार के विरोध में सुनवाई नहीं होने पर जब उत्तराखंडियों के स्वर बुलंद हुए तब हाईकोर्ट ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। तत्कालीन मुलायम सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच की सिफारिश तो कर दी लेकिन इस जांच को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजतन, सीबीआई की पहली जांच सत्य से परे आई, जिसका विरोध हुआ। इस पर सीबीआई ने बिहार सीबाआई में तैनात निर्मल ढौंडियाल को जांच सौंपी। उन्होंने ही अपनी रिपोर्ट में महिलाओं पर हुए अत्याचार को उजागर किया था। देहरादून के बसंत विहार में रहने वाले निर्मल ढौंडियाल का पिछले दिनों ही निधन हो गया है।

गढ़वाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्व एचओडी और वरिष्ठ पत्रकार आशा राम डंगवाल ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि 1951 में नरेंद्र नगर टिहरी में जन्मे निर्मल ने आईपीएस के लिए चयनित होने के बाद 1988 से 1997 तक सीबीआई में सेवाएं दी थीं। 30 अप्रैल 2012 को वह एडीजीपी बिहार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

राष्ट्पति पदक से सम्मानित निर्मल चंद्र ने उत्तराखंड आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार की जांच के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की धमकियों और प्रलोभनों की परवाह न करते हुए मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा कांड के सत्य को अपनी जांच में उजागर करने के साथ ही पुष्टि भी की थी कि महिला आंदोलनकारियों के साथ अभद्रता और दुराचार हुआ। इस रिपोर्ट के आधार पर ही मुख्य रूप से दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए जिसमें से एक पर फैसला 18 मार्च को आया है। अन्य मुकदमों पर अभी सुनवाई जारी है।

#### बोले राज्य आंदोलनकारी

दो सिपाहियों को सजा सुना देने से राज्य आंदोलन के शहीदों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। असल गुनहगारों को सजा होनी चाहिए थी। सिंह कुंवर, प्रमुख राज्य आंदोलनकारी, हल्द्वानी। निहत्थे आंदोलनकारियों मारा गया, जिन अधिकारियों ने गोली कांड का आदेश दिया, जिनके इशारे पर इतना बड़ा कांड हुआ, उनका सजा का नंबर अब तक नहीं आने से हम निराश हैं।

#### नेताओं को भी दंड मिलने की उम्मीद जगी

**नैनीताल।** रामपुर तिराहा कांड में दोषी पीएसी के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने न्यायालय के फैसले की सराहना की है।

राज्य आंदोलन के दौरान दो अक्तूबर 1994 को चर्चित रामपुर तिराहा कांड में दोषी पीएसी के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने न्यायालय के फैसले की सराहना की है। राज्य आंदोलनकारी विजय भट्ट ने बताया कि आंदोलन के समय उन्हें भी बरेली के नवाबगंज में रखा गया था। जो अधिकारी और नेता इस कांड में लिप्त थे, उन्हें भी जल्द सजा मिले।

## होली आई रे होली आई...पर झूमे होल्यार

**काशीपुर, एजेंसी।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की ओर से रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित होली मिलन समारोह में कलाकारों ने होली के गीतों पर नृत्य किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों ने होली गीत, भजन, चुटकुले आदि की प्रस्तुत दी। कलाकारों ने होली आई रे होली आई..., रंग मारो पिचकारी... आदि के गीतों पर नृत्य किया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देने वालों में समिति अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, इंदुमान, भास्कर त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रह



## सार्वजनिक पार्क है या नशेड़ियों का अड्डा

**काशीपुर, एजेंसी।** सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्र में दर्जनों छोटे-बड़े पार्क का निर्माण कराया गया है लेकिन कहीं लोग निजी प्रयोग में ले रहे हैं तो कहीं नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है। नेशनल हाइवे रामनगर रोड स्थित एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय से सटा पार्क देखरेख के अभाव में नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। दिनभर नशेड़ी यहां पर नशे करते देखे जा सकते हैं। पार्क में जगह-जगह नशे की सामग्री पड़ी रहती है, वहीं पार्क का मुख्य गेट भी कई महीने पहले टूट चुका है। जिससे आवारा गाय, कुत्ते आदि घुसकर गंदगी कर देते हैं। वहीं पार्क के आगे कुछ लोगों ने अतिक्रमण अपना रोजगार शुरू कर दिया है। जिसके चलते पार्क की सुंदरता सड़क से नजर नहीं आती है। वहीं पार्क में लाइटिंग व्यवस्था नहीं होने से शाम ढहलने के बाद इसमें कोई जाना पसंद भी नहीं करता है। ऐसे में इसका उपयोग अराजक तत्व व नशेड़ी ही करते हैं।

अराजक तत्वों व नशेड़ियों के चलते आमजन ने पार्क में आना-जाना बंद कर दिया है। शुरू-शुरू में लोग सुबह शाम पार्क में टहलने और योगा करने के लिए आते थे। जब से पार्क में अराजक लोगों की आवाजाही बड़ी है तब से आम आदमी ने यहां आना बंद कर दिया है।

सरकारी अस्पताल के मुख्य गेट के पास पार्क बनाने का उद्देश्य था कि अस्पताल आने वाले रोगियों के तीमारदारों को बैठने के लिए एक अच्छा स्थान मिलेगा, लेकिन पार्क में रात के समय लाइटिंग व्यवस्था नहीं होने से तीमारदार इधर-उधर बैठ जाते हैं, पार्क में जाना पसंद नहीं करते हैं।

## महिलाओं ने होली के जुलूस में रचा स्वांग



**नैनीताल, एजेंसी।** श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित 28वें फागोत्सव 2024 के अंतर्गत महिला होली दलों की ओर से सोमवार को होली जुलूस निकाला गया और स्वांग दिखाए गए। इससे पहले मुख्य अतिथि ईओ राहुल आनंद, संस्था के अध्यक्ष मनोज शाह, सरस्वती खेतवाल, मंजू तिवाड़ी, खष्टी बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर फागोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

सोमवार को महिला होल्यारों ने तल्लीताल धर्मशाला से स्वांग एवं होली जुलूस निकाला, जो मल्लीताल रामसेवक सभा प्रांगण में संपन्न हुआ। यहां जीवन वर्षा कला संगम समिति बेतालघाट, मां का आशीर्वाद, जय ईस्ट होली ग्रुप जज फार्म हल्द्वानी, मधुबन महिला होली टीम हल्द्वानी, गौड़ धरा महिला सेवा समिति हल्द्वानी, जीवन वर्षा कला समिति गरमपानी, प्रगति महिला होली दल लालडांट हल्द्वानी, पर्वतीय सांस्कृतिक कला मंच हल्द्वानी, मां नंदा सुनंदा होली समिति भवाली, ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस भवाली, महिला होली दल कृष्णापुर के होली दलों की ओर से होली गायन किया गया।

## एशिया के सबसे बड़े सेब बागान में ट्यूलिप गार्डन की रंगत, फलों की बहार से पहले इन खास फूलों का दीदार कर सकेंगे सैलानी

**रानीखेत, एजेंसी।** एशिया के सबसे बड़े चौबटिया सेब बागान में ट्यूलिप गार्डन अब पूरी रंगत में आ गया है। करीब 235 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस बागान के बीचोंबीच इन दिनों बारी बारी खिल रही हालैंड व डेनमार्क की लगभग 12 प्रजातियां सैलानियों को आकर्षित करने लगी हैं। सात रंगों वाले इन फूलों में लाल पीला मिक्स ट्यूलिप हर किसी को मुग्ध कर रहा है।

समुद्रतल से लगभग 2200 मीटर की ऊंचाई पर चौबटिया स्थित सेब बागान में फलों के साथ फूलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्यूलिप गार्डन स्थापित किया गया। मकसद था सैलानियों को मार्च से अप्रैल मई पहले पखवाड़ा तक बागान की ओर खींचना। दरअसल, मई पहले सप्ताह तक सेब बागान में फल देखने को नहीं मिलते। मगर नैसर्गिक सौंदर्य से लबरेज सीढ़ीदार एप्पल गार्डन में फूलों खासतौर पर ट्यूलिप का दीदार कराना भी बड़ा उद्देश्य रहा।

अधीक्षक एनएस राणा के अनुसार बीते वर्ष हालैंड की लीवंडरमार्क, स्नोलेडी, व्हाइटहेग व रोसिलियन समेत चार प्रजातियों के बल्ब लगाए गए थे। परिणाम बेहतर मिलने पर इस वर्ष ट्यूलिप की आठ प्रजातियां स्ट्रांग गोल्ड, एटेलाग्रेफिटी, लैपटाप-आर, क्वीन आफ नाइट, डेनमार्क, अपडेट, रेड क्वैंक्यूरर व टामप्यूसी के बल्ब लगाए गए। वर्तमान



में 6700 बल्ब पौधों की शक्ल लेने लगे हैं। इनमें कई प्रजातियों में फूल खिलने भी लगे हैं। जो एप्पल गार्डन की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं।

ट्यूलिप के बल्ब लगाने का सही समय दिसंबर है। पौधा बनने के बाद मार्च पहले सप्ताह से अप्रैल मध्य तक ट्यूलिप के फूल खिलते हैं। इसके बल्ब अमूमन गल जाते हैं। 30 प्रतिशत पुराने बल्ब बचते हैं। जो सुरक्षित रह जाते हैं, उनमें पुराने मूल बल्ब एक से तीन नए बल्ब बनाते हैं।

बागान अधीक्षक एनएस राणा के अनुसार अगले सीजन से पर्यटकों को ट्यूलिप के बल्ब भी उपलब्ध कराएंगे। जो सैलानी बल्ब लेना चाहेंगे, उन्हें उपयुक्त कीमत पर क्रय भी किए जाने की योजना है।

उद्यान संयुक्त निदेशक बृजे गुप्ता के अनुसार, परिणाम सुखद मिले हैं। अगले सीजन में ट्यूलिप का क्षेत्रफल बढ़ाएंगे।

## एम्स के चिकित्सकों ने की बुजुर्ग महिला के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ऋषिकेश स्थित इकाई के चिकित्सकों ने ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित एक 82 वर्षीया बुजुर्ग महिला की जटिलतम सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। अपने आप में यह किसी चमत्कार से कम नहीं है, जो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और विशेषज्ञों की दक्षता से संभव हुआ। इस अप्रतिम सफलता के लिए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है। एम्स के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि उनकी न्यूरो-सर्जिकल टीम ने उक्त पीड़ित महिला के मस्तिष्क में आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान के जोखिम को कम करते हुए ट्यूमर को हटाने के लिए ग्रसित भाग को




सावधानीपूर्वक नेविगेट किया। उन्होंने बताया कि पांच घंटे तक चली इस जटिल तंत्रिका शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अपने अंजाम तक पहुंचाने के लिए सटिकता, कौशल और न्यूरोसर्जिकल सिद्धांतों की गहरी समझ की नितांत आवश्यकता थी, जो इस जटिलतम सर्जरी को सफलता से अंजाम देकर एवं बुजुर्ग महिला को जीवनदान देकर विशेषज्ञों ने साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे शल्य चिकित्सा के उच्चतम मानक की देखभाल प्रदान करने के लिए हमारी टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। न्यूरो एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) संजय अग्रवाल ने मरीज के प्रभावशाली इच्छा शक्ति और मेडिकल टीम के सहयोगात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। इस मामले से जुड़े चिकित्सकों के अनुसार बीते माह में की गई यह सर्जरी महिला के मस्तिष्क में एक बड़े ट्यूमर से मरीज को राहत दिलाने के कारण आवश्यक हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से रोगी को गंभीर सिरदर्द, संज्ञानात्मक हानि और चलने-फिरने में कठिनाई, दुर्बलता और लकवा जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ रहा था। महिला अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ थी। ऐसी स्थितियों वाले बुजुर्ग मरीजों के ऑपरेशन से अत्यधिक जोखिम व चुनौती के बावजूद, एम्स, ऋषिकेश की मेडिकल टीम ने दृढ़ संकल्प और विशेषज्ञता के साथ इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया। चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा, ''एम्स, ऋषिकेश में हम अपने सभी रोगियों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी का केस केवल एक राजनीतिक साजिश- आतिशी

## भाजपा हमारी राह में कितनी भी मुश्किलें और अड़चनें खड़ी कर दे, हम लोग उनकी साजिशों और धमकियों से घबराने वाले नहीं हैं- आतिशी

- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस केस में सत्येंद्र जैन को फंसाया गया, उसी में कुख्यात हवाला ऑपरेटर खुलेआम बाहर घूम रहे हैं- आतिशी
- सत्येंद्र जैन और उनकी पत्नी न तो कंपनी के निदेशक थे और न ही मालिक थे, इसलिए कानूनी तौर पर वो जिम्मेदार नहीं हो सकते- आतिशी



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रहे ईडी के मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ईडी के मामले की निंदा करते हुए कहा कि यह केस पूरी तरह से हवाला ऑपरेटरों के बयानों पर आधारित है, जिसमें अपराध की कोई भी रकम बरामद नहीं हुई है। इस मामले में सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं, जबकि हवाला ऑपरेटर खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्येंद्र जैन और उनकी पत्नी संबंधित कंपनी से जुड़े नहीं थे, इसलिए वो कानूनी रूप से जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं।

कैबिनेट मंत्री आतिशी ने इस पूरे मामले को आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता में रुकावट डालने के लिए एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले से खासतौर पर अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली और मोहल्ला क्लीनिक जैसी पहलों को निशाना बनाया गया। आतिशी ने भाजपा पर अरविंद केजरीवाल के काम को रोकने के लिए आप के नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के षडयंत्रों से अरविंद केजरीवाल के कामों पर असर नहीं पड़ेगा। आप ने सुप्रीम कोर्ट और कानून के प्रति सम्मान जताते हुए सत्येंद्र जैन की जमानत को लेकर कोर्ट के फैसले पर असहमति जताई है।

आप की वरिष्ठ नेता ने आगे कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को जमानत देने से इन्कार कर दिया। हम सुप्रीम कोर्ट और कानून की प्रक्रिया का सम्मान करते हैं। लेकिन साथ ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमत भी हैं। जिस मामले में सत्येंद्र जैन को जेल में डाला गया है, वो पूरी तरह से फर्जी है।

आतिशी ने कहा कि जिस दौरान यह मामला बनाया गया है, उस दौरान सत्येंद्र जैन न तो कंपनी के निदेशक थे और न ही मालिक थे। कंपनी में उनकी पत्नी की भी न के बराबर हिस्सेदारी थी। इसलिए कानून के अनुसार, अगर इस दौरान कंपनी ने कोई निर्णय लिया है तो सत्येंद्र जैन और उनके परिवार का कोई भी सदस्य कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हो सकता है। सत्येंद्र जैन को एक कंपनी के निर्णय के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिसमें न तो वह निदेशक थे, न अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता और न ही शेयरधारक थे। ऐसे में वो कंपनी के किसी भी निर्णय के लिए बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं थे।

उन्होंने कहा कि सत्येंद्र जैन पर लगाए गए आरोप कुछ हवाला ऑपरेटरों के बयानों पर आधारित हैं। यह दुभाग्यपूर्ण है कि ईडी उन हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से बयान तो देती है, लेकिन सत्येंद्र जैन से अपराध की कमाई का एक भी रुपया बरामद किए बिना उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। जबकि वो हवाला ऑपरेटर अभी भी खुलेआम बाहर घूम रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि यह पूरा मामला एक राजनीतिक साजिश है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के कामों को रोकने की साजिश है। जिस इंसान ने दिल्लीवासियों को मुफ्त बिजली और मोहल्ला क्लीनिक जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं, उनको निशाना बनाने के लिए यह साजिश रची गई है।

आतिशी ने कहा कि सबको पता है कि सत्येंद्र जैन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। पूरे देश ने देखा है कि वो एक सीढ़ी भी नहीं चढ़ पाते थे और पिछले कुछ महीनों में उन्हें कई ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। इसके बावजूद अगर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने का फैसला किया है तो हम सम्मानपूर्वक कोर्ट से असहमत हैं. हालांकि, हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और आज नहीं तो कल न्याय जरूर मिलेगा।

आप की वरिष्ठ नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी, केजरीवाल सरकार और उसके सभी सैनिक ऐसी धमकियों और साजिशों से डरने वाले नहीं हैं। हम दिल्ली के लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सत्येंद्र जैन का मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पूरे देश और दुनिया में दोहराया और सराहा जा रहा है। ऐसे अच्छे काम करने वाले व्यक्ति को गलत तरीके से निशाना बनाया गया है। आज दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक में लाखों लोग इलाज कराते हैं। बीजेपी न तो मोहल्ला क्लीनिक चला सकती है और न ही अपने शासित राज्यों में 24 घंटे मुफ्त बिजली दे सकती है। भाजपा, केजरीवाल सरकार के कामों से इतना घबरा गई है कि अरविंद केजरीवाल के कामों को रोकने के लिए आप के नेताओं और मंत्रियों को गिरफ्तार करवा रही है।

आतिशी ने कहा कि बीजेपी से कहना चाहती हूं कि आप हमारे रास्ते में चाहे कितनी भी मुश्किलें और बाधाएं खड़ी कर दें। हम आपकी साजिशों और धमकियों से घबराने नहीं हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि बीजेपी के निर्देश पर ईडी-सीबीआई ने सत्येंद्र जैन को पूरी तरह से फर्जी और मनगढ़ंत मामले में पिछले एक साल से जेल में रखा है। उन्हें ईडी ने मई 2022 में 2010-12 और 2015-16 के दौरान तीन कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे आरोप में गिरफ्तार किया था। पार्टी का कहना है कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ पूरा मामला कुछ हवाला ऑपरेटरों के बयानों पर आधारित है, जिन्होंने तीन कंपनियों में शेयर खरीदने के लिए कुछ पैसे जमा किये थे। हालांकि, उन कंपनियों में सत्येंद्र जैन की पत्नी की हिस्सेदारी न के बराबर थी। हवाला ऑपरेटरों ने भी सत्येंद्र जैन की भूमिका का कोई सबूत नहीं दिया है और सत्येंद्र जैन ने भी इन लोगों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इन्कार किया है। दूसरी तरफ, उन हवाला ऑपरेटरों को सलाखों के पीछे डालने की बजाय छोड़ दिया गया है, लेकिन ईडी ने सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया है। सत्येंद्र जैन और उनके परिवार को इन तीन कंपनियों से कोई भी पैसा नहीं मिला है। आप ने कहा कि कंपनी में नियंत्रण और कंपनी मामलों में सत्येंद्र जैन संलिप्तता के बारे में ईडी के आरोप भी पूरी तरह से निराधार हैं। क्योंकि सत्येंद्र जैन और उनके परिवार के पास इन कंपनियों में कोई शेयर होल्डिंग, निदेशक का पद या भूमि खरीद नहीं है। जिन दस्तावेजों के आधार पर ईडी ने यह मामला दर्ज किया है, उनमें न तो सत्येंद्र जैन और न ही उनका परिवार अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता था।

# दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंटेंट पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान एसएमएस या सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलने से रोकने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी और शिकायत के लिए एक नंबर व ईमेल एड्रेस जारी करने समेत कुछ कदम उठाए हैं। पुलिस विभाग ने यहां जारी एक नोटिस में कहा कि संयुक्त पुलिस आयुक्त बी.एस. जायसवाल को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान एसएमएस या विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलाने संबंधी मामलों में निपटने के लिए नोडल अधिकारी (सोशल मीडिया निगरानी एवं साइबर क्राइम) नियुक्त किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने एक नंबर 8130099025 और एक ई-मेल एड्रेस नोडल एसएमएमसी डॉट इलेक्शन 24 एटदिरेट दिल्ली पुलिस डॉट जी ओ वी डॉट इन भी जारी किया है, जहां लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री से संबंधित मामलों की शिकायत कर सकते हैं। नोटिस में कहा गया है, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ऐसे संदेशों में चुनाव कानूनों, आदर्श आचार संहिता और (निर्वाचन) आयोग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन करके चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने की क्षमता होती है। नोटिस में ऐसे आपत्तिजनक संदेशों का सामना करने वाले व्यक्तियों से तुरंत नोडल अधिकारी जायसवाल के समक्ष शिकायत देने का आग्रह किया गया है।

# आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया जायेगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। वह लगातार दूसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गये हैं। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं। इससे पहले भी श्री सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अदालत से अनुमति ली थी लेकिन उस समय उन्हें तकनीकी कारणों से शपथ नहीं दिलायी जा सकी थी।

# दिल्ली में उबर की खटारा कैब सेवा से लोग परेशान

- कंपनी नहीं दे रही ध्यान, दिल्ली के उपराज्यपाल, परिवहन मंत्री और परिवहन विभाग से सख्त कार्रवाई करने की मांग

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत और परिवहन विभाग दिल्ली सरकार को आज एक्स पर पोस्ट कर उनसे देश की राजधानी दिल्ली में उबर कैब सर्विस की खटारा सेवाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि उबर कैब सेवा में लगी कारें जिनमें मारुति की वैगन आर, स्विफ्ट डिजायर, सिलेरियो आदि ज्यादातर कारें खटारा हो चुकी है। अंदर केबिन गंदे होते हैं, एसी काम नहीं करते हैं। गाड़ियों की फिटनेस भी सही नहीं है। बाहरी हिस्से भी बदसूरत हो चले हैं। उपर से कैब बुक करते ही कैब ड्राईवर का फोन आ जाता है और वह कैब बुक करने वाले यात्री से पूछता है कि आपको कहां ड्राप करना है। जगह बताते ही कहता है कि मैं वहां नहीं जाउंगा। कैब कैंसिल कर दो। पिछले ही शनिवार को मैंने दोपहर को दिल्ली कैंट केंद्रीय विद्यालय नंबर -2 के डा. राधाकृष्णन आडिटोरियम से रोहिणी सेक्टर -36 बरवाला गांव जाने के लिए कई बार कैब बुक की। हर बार जगह पूछने के बाद कैब कैंसिल कर दी गई। मजबूरी में मुझे वहां से किसी परिचित से लिफ्ट लेनी पड़ी। उबर का अपने कैब चालकों पर कोई अंकुश नहीं है। की बार कैब इसलिए कैंसल कर देते हैं कि पेमेंट डिजिटल वे से है। अगर पेमेंट नकद देंगे तो ही आते हैं। इसी महीने में मेरे साथ ऐसा की बार हो चुका है कि कैब ड्राइवर गलत लंबे रास्ते से चलता है टोकने पर कहता है कि उबर जो रास्ता दिखा रहा है मैं उसी पर चलूंगा। इस चक्कर में समय और पैसे दोनों बढ जाते हैं। कैब बुक करते समय उबर जो किराया दिखाता है यात्रा खत्म होने पर उससे अधिक दिखाता है और वह यात्री को देने पड़ते हैं।

अब गर्मी शुरू हो रही हैं। इन खटारा कैब कारों की सर्विस तक नहीं कराई गई है। जिसके कारण एसी काम नहीं करता। पैसे खर्च करने के बावजूद सारी यात्रा दुष्कर पीड़ादायक बन जाती है। वत्स ने दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और परिवहन विभाग तथा दिल्ली यातायात पुलिस से कांग्रेस किया है कि वह उबर कैब कंपनी को अपनी सेवाओं में लगी सभी कैबों की फिटनेस, रखरखाव, कैसिलेशन और अधिक किराया वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। उबर सड़क पर वही कैब उतारे जिसकी कंडीशन सही हो, एसी सही से चल रहा हो और चालक सवारी से पहले पूछताछ ना करे। जो कारें पुरानी और खटारा हो गई हैं उन्हें फ्लीट से तत्काल हटाया जाए। पैसेंजर सेफ्टी से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। पैसेंजर सैफ्टी में फाईल स्टार रेटिंग वाली कारों को ही कैब के बेड़े में सरकार शामिल होने की अनुमति दे। दिल्ली यातायात पुलिस और परिवहन विभाग नियमित रूप से इन टैब्स की जांच करें और नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल केबल परमिट रद्द किया जाए।

# जेल में सो नहीं पाए सत्येन्द्र जैन, बेचैनी में कटी पहली रात

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येन्द्र जैन नौ महीने बाद फिर से तिहाड़ जेल पहुंच गए। जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने शाम को आत्मसमर्पण कर दिया। जेल जाने से पहले उनकी पूरी तरह से मेडिकल जांच की गई जिसमें वह स्वस्थ पाए गए। सत्येन्द्र जैन पिछले 9 महीने से मेडिकल ग्राउंड पर बेल पर चल रहे थे और अपने बेल की अवधि को बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी। लेकिन सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जमानत बढ़ाने से मना कर दिया और सोमवार को ही जेल में सरेंडर करने का आदेश दिया था। जिसके बाद वह एक बार फिर तिहाड़ जेल पहुंच गए उन्हें तिहाड़ जेल नंबर 7 में ही रखा गया है।

जेल में टेंशन में गुजरी रातः जेल में सत्येन्द्र जैन की सुरक्षा पहले की तरह ही कड़ी कर दी गई है और उनके तमाम क्रियाकलापों पर ध्यान रखा जा रहा है। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात में उन्हें नींद नहीं आई और काफी परेशान थे। उन्होंने खाना भी ठीक से नहीं खाया। अब बुधवार को अगली सुनवाई है उस दिन पता चलेगा कि कोर्ट का रुख उनके प्रति क्या है।

इलाज के लिए जमानत पर थे सत्येंद्र जैनः मनी लांड्रिंग के केस में ईडी ने जैन को मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जानकारी के अनुसार जैन को पहले से ही स्लीप एपनिया और रीड की हड्डी में दर्द की शिकायत थी। उन्होंने जेल में रहते हुए अनाज खाना भी छोड़ दिया था जिसकी वजह से उनकी शरीर काफी कमजोर हो गया था, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट से कई बार अपना ऑपरेशन कराने के लिए कोर्ट से अंतरिम जमानत के लिए गुहार लगाई थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने जैन को अपना ऑपरेशन कराने के लिए पहली बार 6 सप्ताह के लिए मेडिकल ग्राउंड पर जमानत दी थी।

# हिन्दी में काम करने के लिए उत्तर रेलवे को मिली रेलमंत्री राजभाषा शील्ड

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में बड़ौदा हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड और रेल इंजन कारखाना, चारबाग लखनऊ को आदर्श कारखाना के रूप में रेलमंत्री राजभाषा शील्ड और नकद पुरस्कार प्रदान करने के लिए चुना गया है। उन्होंने ई-ऑफिस में हिंदी का कार्य और बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होने बताया कि संसदीय राजभाषा समिति ने उत्तर रेलवे के विभिन्न कार्यालयों के अपने निरीक्षणों के दौरान हमारी सराहना की है। रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान की गई शील्ड के लिए उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार जताया।

# खंडेलवाल ने चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में जन संपर्क अभियान किया तेज

नई दिल्ली। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने मंगलवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार-प्रसार तेज कर दिया। खंडेलवाल ने जन-संपर्क अभियान के दौरान अशोक विहार, सिविल लाइन्स बाजार, सीता राम और चांदनी चौक क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को मोदी की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया। खंडेलवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आम लोगों की बुनियादी सुविधाओं की सुलभता आसानी से प्राप्त होने और जीवन स्तर में कैसे वृद्धि की जाए, इसको भी एक योजना के जरिये सुनिश्चित करेंगे।

खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस सालों के सफलतम शासन की उपलब्धियों की एक मजबूत विरासत है। भाजपा के समर्पित कार्यकताओं की ऊजार्वान टीम के जरिए राजधानी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर पार्टी भारी बहुमत से विजयी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम चांदनी चौक संसदीय सीट पर रिकॉर्ड वोटों से जीतेंगे और तीसरी बार यह सीट भाजपा की झोली में जाएगी। खंडेलवाल ने कहा कि आज हम जनता के पास वोट मांगने जा रहे हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद इसी प्रकार जनता से काम मांगने भी जाएंगे और हर काम को तय समय-सीमा में पूरा करेंगे। खंडेलवाल ने कहा कि ट्रेड एसोसिएशन एवं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महत्व को वो स्वीकार करते हैं और इन दोनों वर्टिकल को जन संवाद केंद्र के रूप में विकसित कर वो लोगों एवं व्यापारियों तथा सरकार के बीच एक सशक्त सेतु बनाएंगे, ताकि हर समस्या का समाधान प्रभावी तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक देश का सबसे अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है, जिसकी अपनी एक विशेषता है।

# 5 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, भीड़ का फायदा उठाकर करते थे चोरी

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिला के लोधी कॉलोनी थाने की पुलिस ने भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तीन चोरी के मोबाइल और अपराध में इस्तमाल की जाने वाली एक कार बरामद की है। सभी शातिर राह चलते और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आने वाले लोगों को अपना शिकार बनाते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोनू उर्फ लंगड़ा, अरबाज, वाजिद सेहबाज खान, जगदीश सिंह के रूप में हुई है। दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि जिले में अपराधिक गतिविधियों और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोधी कॉलोनी थाने को कार्य सौंपा गया था, तदनुसार एसीपी राजेंद्र कुमार और थाने के एसएचओ संजीव मंडल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। 16 मार्च की रात टीम प्रभु मार्केट लोदी कॉलोनी के पास गस्त कर रही थी इसी दौरान उन्होंने रेलवे लाइन की तरफ से एक एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में आते हुए देख, उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वब पुलिस की मौजूदगी को भापकर रेलवे लाइन की गलियों से होकर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन सतर्क पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बाद में उसकी तलाशी लेने पर तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ करने पर सभी मोबाइल फोन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से चोरी किए गए थे। बाद में उसकी पहचान सोनू उर्फ लंगड़ा के रूप में हुई पुलिसकर्मियों के द्वारा पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर स्टेडियम से मोबाइल फोन चुराए थे। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर उसके साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिल्ली में लागू रहेगी पुरानी शराब नीति

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली में शराब घोटाला सुर्खियों में है। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल सरकार द्वारा शराब की बिक्री को लेकर नई पॉलिसी अभी तक तैयार नहीं हुई है। ऐसे में नए वित्त वर्ष 2024-25 में राजधानी में शराब की बिक्री पुरानी शराब नीति के अनुसार ही होगी। यानि 1 अप्रैल से दिल्ली में पुरानी शराब नीति (नवंबर 2021 से पहले तक लागू) के तहत ही सरकारी दुकानों पर बिक्री होगी। पुरानी पॉलिसी को 31 मार्च 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में आबकारी विभाग की तरफ से तैयार किए गए प्रस्ताव को उपराज्यपाल से मंजूरी मिल गई है। अब दिल्ली में 31 मार्च 2025 तक शराब की बिक्री जैसे अभी हो रही है वैसे ही होगी। दिल्ली में अभी पुरानी शराब नीति के तहत शराब की बिक्री हो रही है। हालांकि पुरानी आबकारी नीति को अस्थाई तौर पर लागू किया गया था और इसकी मियाद गत वर्ष 30 सितंबर को खत्म हो रही थी। इस समय सीमा को 6 महीने के लिए और बढ़ाया दिया गया था ताकि किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। लेकिन अब दोबारा उसको एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। दिल्ली में शराब की बिक्री के लिए अभी नई कोई नीति नहीं बनी है। इसको बनाने का काम चल रहा है। तब तक पुरानी शराब नीति को ही जारी रखने का फैसला लिया गया है। यह 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी। सरकार को उम्मीद थी कि इस बीच में नई शराब नीति बन जाएगी। लेकिन शराब घोटाला सुर्खियों में है और यह मामला अटक गया है। बता दें कि गत वर्ष नई शराब नीति को लेकर विवाद होने से जुलाई 2022 में ही सरकार ने नई आबकारी नीति को वापस ले लिया था। इस मामले की सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है। शराब नीति में भ्रष्टाचार के मामले में ही मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था और वे अभी तक जेल में है। अब इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी बार-बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेज रही है। तीन सदस्यीय कमेटी बना रही है नई नीति उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नई शराब आबकारी नीति बनाने के लिए वित्त विभाग के प्रधान सचिव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी ने रिपोर्ट देने के लिए कुछ और समय देने की मांग की है। ऐसे में दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के अधिकारी बताते हैं कि जिस पुरानी नीति के तहत अभी दिल्ली की दुकानों, होटलों, क्लब व बार में शराब की बिक्री हो रही है

# भाजपा सांसदों की कलई खोलने वाली पेश करेंगे चार्जशीट, भाजपा के सातों प्रत्याशियों के एजेंडे पर कांग्रेस ने किया वार




नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अरविंदर सिंह लवली ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि कल भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के बाद आगामी 100 दिन का एजेंडा साझा किया। बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि जिस पार्टी के सांसद 10 वर्ष से लोकसभा में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लेकिन उन 10 सालों का रिपोर्ट कार्ड जारी करने के बजाए आगे की बात कर रहे हैं। जल्द ही कांग्रेस सभी भाजपा सांसदों की कलई खोलने वाली एक चार्जशीट जनता के बीच में लाएगी। भाजपा ने वादा किया है कि नई दिल्ली की तरह दिल्ली के अन्य हिस्सों में भी केंद्रीय अस्पताल खोले जाएंगे। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि 10 साल बाद भी क्या सिर्फ प्रयास करेंगे? यमुना पर तो मैं क्या ही बोलूं? दशकों से चले आ रहे वही वादे दक्षिणी दिल्ली से प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी तो जो वादे कर रहे हैं, वो दशकों से चले आ रहे हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद और प्रत्याशी मनोज तिवारी अभी तक भी एक सेंट्रल स्कूल चालू नहीं करवा पाए। आचार संहिता लगने से दो घंटे पहले इन्होंने एक आधे अधूरे स्कूल का उदघाटन किया, हालांकि स्कूल कब शुरू होगा, पता नहीं।

## प्रदूषण रोकने और मेट्रो विस्तार की बातें हवा हवाई

भाजपा वायु प्रदूषण से लड़ने और नए उपकरण लगाने की बात कर रही है। जबकि पहले लगे हुए उपकरण स्मारक बन गए हैं। सातों प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्र में मेट्रो के विस्तार की बात कर रहे हैं, लेकिन पुराने फेज भी अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। भाजपा सांसदों ने 2014 में गांव गोद लेने की घोषणा भी की थी, लेकिन 56 की जगह 12 गांव गोद लिए, उन में भी कुछ खास काम नहीं हुआ। भाजपा सांसदों ने दिल्ली वालों के साथ जो किया है, वो आपराधिक कृत्य है।

पूर्व मंत्री हारून यूसुफ ने कहा क भाजपा 10 साल से दिन में तारे दिखा रही है। हर बार प्रत्याशी बदल देती है। हर चुनाव में नए वादे, नई घोषणाएं, नए लोग। मैं कहना चाहूंगा कि राजधानी का मजाक न बनाएं। आने वाले वक्त में कांग्रेस भाजपा के इन सभी कारनामों को उजागर करती रहेगी। चुनाव आयोग को भी अपनी आंखें खोले और जगह जगह लगे सेल्फी पॉइंट हटाए।

# केजरीवाल बहुत दिनों तक कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकतेः भाजपा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है। पात्रा ने कहा, राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है।

केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को अवैध करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का इस्तेमाल कर रही है।

आप के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने कहा, केजरीवाल को पिछले छह महीने में नौ समन जारी किए गए और उन्होंने कोई न कोई बहाना बनाकर उन सभी की अनदेखी की। लेकिन ये बहाने काम नहीं आने वाले हैं। उन्होंने कहा, आप कानून के लंबे हाथों से कितनी दूर भागेंगे। सबूत होने पर यह अंतत आपको पकड़ लेगा। तूफान आ रहा है और यह निश्चित रूप से तब आएगा जब आपने भ्रष्टाचार किया है। पात्रा ने आरोप लगाया कहा, केजरीवाल ने करोड़ों लोगों के भरोसे, सच्चाई और विकास की हत्या की है। इसके सबूत हर जगह उपलब्ध हैं। इसलिए ईडी (उन्हें) समन जारी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि लोग उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले ईडी की ओर से दायर दो शिकायतों पर केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी। पात्रा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल जमानत दिए जाने को ऐसे पेश कर रहे हैं जैसे उन्हें अदालत से राहत मिल गई हो जबकि मामले में वह अब भी आरोपी हैं।

उन्होंने कहा, केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। जमानत देना न्यायालय द्वारा राहत नहीं है। जरूर कुछ गलत है कि उन्हें जमानत मांगनी पड़ी।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, जमानत पर बाहर रहना योग्यता नहीं बल्कि अवगुण है। जमानत मिलने को अदालत द्वारा राहत के रूप में पेश न करें। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल अब कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की श्रेणी में खड़े हो गए हैं जो नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर बाहर हैं। भाजपा नेता ने कहा, लोग समझ सकते हैं कि भ्रष्टाचार की गारंटी किसके पास है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के लिए वोट करेंगे और लोकसभा चुनावों में भाजपा को विजयी बनाएंगे। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को ईडी पर ह्यराजनीतिक हथियारह्न बनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एजेंसी का यह दावा कि बीआरएस नेता के. कविता अब रद्द की गई आबकारी नीति में आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं, को उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि संघीय जांच एजेंसी की कार्रवाई का लक्ष्य केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार करने से रोकना है।

# बार-बार याचिका दायर करना वकील को पड़ा भारी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अधिवक्ता पर बार-बार याचिका दायर करने को लेकर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने कहा कि कानून और प्रक्रियाओं से अवगत अधिवक्ता ने बार-बार चेतावनी मिलने के बाद भी आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 340 के तहत एक आवेदन दायर किया और 2009 में एक सिविल मुकदमे में दायर जाली दस्तावेजों के मुद्दे को तीसरी बार पुनर्जीवित करने की कोशिश जारी की। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि याचिकाकर्ता खुद एक प्रैक्टिसिंग अधिवक्ता है, ऐसे में अदालत यह नहीं मान सकती कि वो कानून से अनभिज्ञ है। अधिवक्ता की ओर से दायर आवेदन इस बात को स्पष्ट करता है कि वह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहा है। अदालत ने कहा कि जब कानून के संरक्षक ही कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हैं

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

मुख्य अभियन्ती निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई टेन्डर प्रणाली द्वारा खुली निविदा एकल पैकेट पद्धति के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य नाम व निष्पादन की अवधि | सहारनपुर अम्बाला खण्ड पर रूडकी यार्ड में कि०मी० 1556.839 पर क्षेत्र के भूतल स्तर में वृद्धि के कारण आर०यू०वी० भागों में रिसाव को रोकने के लिए जल पूफिंग उपचार का पावधान। कार्य निष्पादन की अवधि 3 (तीन) माह |
| 2. | कार्य कर अनुमानित लागत | 140.33 लाख |
| 3. | धरोहर राशि रू | 2,20,2000.00 रूपये |
| 4. | निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि व समय | निविदा IREPS साईट अर्थात www.ireps.gov.in पर 12.04.2024 को 11.30 वजे तक अपलोड हो सकती हैं। विडडर ई–टैन्डर में भाग ले सकते हैं। निविदा 12.04.2024 को 11.30 बजे खुलेंगी। |
| 5. | वेवसाईट का पता व कार्यालय का पता जहॉ पर निविदा की विस्तृत डिटेल देखी जा सकती है। | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेवसाईट अर्थात www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। तथा निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आफर सवमिशन हेतु IREPS वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर 22.03.2024 से 12.04.2024 नक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदा के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई विस्तृत निविदा सूचना उक्त कार्यालय के सूचना पटट पर भी देखी जा सकती है। |

टेन्डर नोटिस सं० 115 डब्लयू/उप.भु.अभि./नि./अ.छा./2023–24, दिनांक: 18.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 868/24

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, बुधवार,20 मार्च, 2024

## भाजपा द्वारा प्रचारित तथाकथित हजारों करोड़ों का शराब घोटाला घटते घटते अब 100 करोड़ पर आ गया है : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ईडी द्वारा जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए कहा, कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रचारित किए गए तथाकथित शराब घोटाला मामले में ईडी की तरफ से यह कहा गया था कि लगभग 100 करोड़ रुपए की राशि का लेनदेन इस मामले में हुआ कउन्होंने कहा कि अब तक भारतीय जनता पार्टी इसे हजारों करोड़ रुपए का घोटाला बता रही थी, परंतु समय बीतते बीतते और समय-समय पर बयानों के बदलते बदलते अंततः अब ईडी ने यह कहा है कि इस तथा कथित शराब घोटाले में 100 करोड़ रुपए की राशि का लेनदेन हुआ है व उन्होंने कहा हालांकि इस संबंध में भी ईडी आज तक एक पैसे का भी लेनदेन का कोई सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाई है क सौरभ भारद्वाज ने माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना जी द्वारा 30 अक्टूबर 2023 को जारी किए गए एक आदेश का हवाला देते हुए कहा, कि इस आदेश में माननीय न्यायाधीश ने साफ तौर पर इस बात को कहा है, कि ईडी द्वारा 100 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप केवल एक बहस का विषय है और इस संबंध में ईडी की ओर से कोई भी तथ्य या साक्ष्य कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधीश द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद भी ईडी जो की एक स्वतंत्र सरकारी संस्थान होना चाहिए, जिसे निष्पक्ष होकर किसी भी मामले की जांच करनी चाहिए, वह इस तथाकथित शराब घोटाले में 100 करोड रुपए के लेनदेन की खबर जबरदस्ती अखबारों और न्यूज चैनलों के माध्यम से प्रसारित करवाने की कोशिश करती नजर आई कउन्होंने कहा कि यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी जिसको स्वतंत्र रूप से सभी के लिए काम करना चाहिए, वह कल पूरा दिन केंद्र में बैठी सरकार के राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के खिलाफ एक नकारात्मक कहानी की संरचना करने और उन्हें बदनाम करने की कवायद में लगी रही क

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस तथाकथित शराब घोटाले मामले में अब तक 500 से अधिक जगह पर छापेमारी की जा चुकी है, एक हजार से अधिक लोगों की गवाही की जा चुकी है और लगभग 50 हजार से अधिक दस्तावेज के साथ 6 अपनी चार्ज शीट में दायर किए हुए हैं, इसके बावजूद कहीं पर भी ईडी को एक भी गैर कानूनी धनराशि, गैर कानूनी संपत्ति या कानूनी संपत्ति अब तक ईडी नहीं दिखा पाई है , कोई सबूत ईडी प्रस्तुत नहीं कर पाई है कसिर्फ और सिर्फ कोरे आरोपों पर अब तक यह मामला चल रहा है

हाल ही में रूस में पुतिन की जीत का उदाहरण देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पुतिन को अपने को 87% वोट मिला और पुतिन ने इस वोट प्रतिशत के आधार पर यूक्रेन पर की अपने हमले को जनता की ओर से स्वीकार्य बताया, उन्होंने कहा कि परंतु सत्य यह है कि पुतिन ने भी अपने देश में सभी विपक्षी नेताओं को समाप्त कर दिया, रूस में पुतिन के सबसे बड़े विपक्षी प्रतिद्वंदी को पुतिन ने जेल में रखा और अभी कुछ दिन पहले ही उनकी मृत्यु भी हो गई कनॉर्थ कोरिया जिसे पूरी दुनिया एक तानाशाह देश के तौर पर जानती है वहां के प्रेसिडेंट किम जोंग भी अपने देश में चुनाव कराते हैं और चुनाव के बाद खुद को विजेता घोषित करते हैं कआज हमारे देश में भी वही परिस्थितियां नजर आ रही हैं कजो जो विपक्षी नेता केंद्र की सत्ता में स्थापित भारतीय जनता पार्टी के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, उनको पकड़ पकड़ कर जेल में डाला जा रहा है कउन्होंने कहा कि आज केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने आम आदमी पार्टी के नंबर दो के नेता, नंबर तीन के नेता और नंबर चार के नेता को जेल में बंद किया हुआ है और नंबर एक के हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी को जेल में डालने की पूरी साजिश की जा रही है कउन्होंने कहा कि यदि सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाए

## जीआईटीएम गुरुग्राम ने उत्तर भारत में शीर्ष प्लेसमेंट अवार्ड अपने नाम किया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



नई दिल्ली स्थित भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय में आयोजित इंडियन लीजेंड एंड प्राइड अवार्ड्स 2024 समारोह में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम को उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट कॉलेज का पुरस्कार प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री सुश्री अमीषा पटेल द्वारा मिला है। अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों की घोषणा करते हुए, जीआईटीएम के माननीय अध्यक्ष श्री रविंदर टोकस ने कहा - यह पुरस्कार शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता और अपने छात्रों के भविष्य को सुंदर आकार देने में कॉलेज के असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड को रेखांकित करता है। अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया और निष्पक्ष मानदंडों के चयन के लिए प्रसिद्ध इंडियन लीजेंड एंड प्राइड अवाड्र्स उन संस्थानों और व्यक्तियों को मान्यता प्रदान करते हैं जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियां प्रदर्शित की हैं। इस शानदार आयोजन में, जीआईटीएम को यह अवॉर्ड उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, प्लेसमेंट और करियर विकास के क्षेत्र में उनके विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। नवीन शिक्षण पद्धतियों, अत्याधुनिक उद्यम व कौशल पाठ्यक्रम के माध्यम से, संस्थान ने अनगिनत छात्रों को उनकी व्यावसायिक आकांक्षाओं को साकार करने और समाज के लिए मूल्यवान योगदान देने में सक्षम बनाया है। जीआईटीएम की निर्देशिका (प्रवेश एवं आउटरीच) सुश्री अरुणा यादव ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित सम्मान को पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं । यह मान्यता हमारे संकाय, कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों के सामूहिक प्रयासों का सुंदर परिणाम है । ये सदैव शैक्षणिक और व्यावसायिक उपलब्धियों को उच्चतम स्तर तक ले जाने के लिए कटिबद्ध रहे। यह अवार्ड उत्तर भारत में शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में, जीआईटीएम की विशिष्ट उपलब्धियों को रेखांकित करती है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में, जीआईटीएम अब दुगुने उत्साह के साथ, नवीन परियोजनाओं, कुशल नेतृत्व और प्रशिक्षण द्वारा छात्रों के स्वर्णिम सपनों को साकार करने के लिए समर्पित है।

## आर के पुरम में ही करता था चोरी, ऑटो लिफ्टिंग, सेंधमारी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

आर के पुरम थाना कि पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है और पहले से सात मामलों में शामिल भी रहा है। जिसमें सेंधमारी, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। इसकी पहचान रितिक के रूप में हुई है। यह एकता विहार का रहने वाला है। इसके पास चोरी की मोटरसाइकिल और चाकू बरामद किया गया है।

डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि आरके पुरम का रहने वाला यह बदमाश इसी थाना इलाकों में वारदात को अंजाम देता था और इसपर पहले से दर्ज सभी 07 मामले आरके पुरम थाना के ही हैं। इसे एसीपी डॉ. गरिमा तिवारी की देखरेख में एसएचओ रविंद्र कुमार त्यागी की टीम ने रात में एक इनफॉरमेशन मिलने के बाद मौके से गिरफ्तार किया। जिस मोटरसाइकिल से यह जा रहा था वह आरके पुरम थाना इलाके से ही चुराई गई थी। यह साथ में चाकू इसलिए रखता था जिससे कि वारदात के दौरान जरूरी पड़ने पर उसका इस्तेमाल कर सके।

## इस गैंग के निशाने पर था जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम

- प्रोग्राम का इंतजार, मौका देख मोबाइल पर हाथ साफ
- शक ना हो किसी को, इसलिए चलते कार से एक साथ

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




लोधी कॉलोनी थाना की पुलिस टीम ने एक ऐसे गैंग का पदार्फाश किया है। जिसके निशाने पर दिल्ली का हाई प्रोफाइल इलाके का जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम होता था। यह लोग स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम का इंतजार करते थे और जैसे ही कोई प्रोग्राम होता वहां पहुंचकर भीड़ का फायदा उठाते। वहां से जेबतराशी करके महंगे मोबाइल पर हाथ साफ करते। किसी को शक नही हो, इसके लिए सभी कार पर सवार होकर वहां पहुंचते थे। इस गैंग के मास्टर माइंड सहित पांच मेंबर को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान सोनू उर्फ पंचू उर्फ लंगड़ा, अरबाज, वाजिद, शाहबाज खान और चौदरेश के रूप में हुई है। इनके पास से कई मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल कार को जप्त किया गया है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एसीपी राजेंद्र सिंह बिष्ट की देखरेख में एसएचओ संजीव मंडल, एसआई सत्यम पांडे की टीम ने पकड़ा है। जब प्रभु मार्केट के पास पहले एक आरोपी को पकड़ा जो पुलिस को देखकर रेलवे लाइन की तरफ सरपट दौड़ लगाकर भागने लगा था। उसे पकड़े जाने के बाद तलाशी ली गई तो तीन मोबाइल बरामद किए गए जो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर से चुराए गए थे। उसकी पहचान सोनू उर्फ लंगड़ा के रूप में हुई। उससे जब पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वह अपने और साथियों के साथ मिलकर इस तरह की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस टीम फिर और आरोपियों को पकड़ा और जिस कार से यह लोग चलते हैं उसको भी जप्त किया गया। सोनू पहले से सब्जी मंडी, साकेत, हौज खास थानों के कई मामलों में शामिल है। इनकी गिरफ्तारी से लोधी कॉलोनी के तीन मामलों का खुलासा किया गया है।

## पार्क से रात में गुम हुआ 6 साल का इकलौता बेटा

- ढूंढकर परिवार बेहाल, पुलिस ने डेढ़ घंटे में खोज निकाला

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने 6 साल के गुम हुए एक परिवार के इकलौते बच्चे को ढूंढकर उनके रोते हुए परिवार वालों की खुशियां लौटा दी। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि रात 8:00 बजे के आसपास मूलचंद नाम के शख्स ने पुलिस को सूचना दिया कि उनका छह साल का बेटा कहीं गुम हो गया है और काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है। मौके पर तुरंत एएसआई सज्जन, हेड कांस्टेबल पिंटू राम और लेडी कांस्टेबल पिंकी को भेजा गया। पुलिस टीम ने लगातार छानबीन शुरू की। आसपास की गलियों में पुलिस ने सर्च करना शुरू किया और डोर टू डोर भी इसके बारे में पता लगाना शुरू किया।

पता चला की बच्चा परिवार के साथ दिल्ली हरियाणा बॉर्डर इलाके में ताऊ देवीलाल पार्क में घूमने आया था। उसी दौरान भीड़ में बच्चा खेलता हुआ आगे निकल गया। जब उसके परिवार वालों को पता चला तो वे घबरा गए। पहले तो उन्होंने अपने लेवल पर खूब ढूंढा, जब नही मिला तो फिर उन्होंने थक हारकर पुलिस को फोन किया था। एसएचओ नवीन कुमार की टीम ने बच्चे के फोटो को वहां के आसपास के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा। पेट्रोलिंग स्टाफ को भी सर्च पर लगाया, जिसके कारण लगातार इस मशक्कत का परिणाम यह रहा कि लगभग डेढ़ घंटे के बाद वह बच्चा पुलिस को उस पार्क से काफी दूर भटकता हुआ मिल गया। क्योंकि वह रास्ता भूल गया था और समझ में नहीं आ रहा था उसे की किधर जाएं। फिर उस बच्चे को परिवार वालों को सुपुर्द कर उसके परिवार की खुशियां लौटा दी।

## एकतरफा प्यार में 8 साल पहले दर्ज हुई थी एफआईआर

- पुलिस की नजर से था ओझल, अब पहुंचा तिहाड़

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम ने छेड़छाड़ के मामले में काफी अरसे से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान समीर कोहली के रूप में हुई है, यह गौतम बुद्ध नगर का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि विकासपुरी थाना में लगभग 8 साल पहले दर्ज मामले में द्वारका की महिला कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी इस साल घोषित कर दिया था। क्योंकि काफी समय से फरार चल रहा था पुलिस के अनुसार यह पता चला कि आरोपी पहले कॉल सेंटर चलाता था, इसी के साथ एक महिला भी उसी कॉल सेंटर में काम करती थी। उससे इस सखा को एक तरफा प्यार हो गया था और यह उसके साथ दोस्ती बनाना चाहता था। उसके आगे पीछे घूमता रहता था, परेशान होकर उस महिला ने इसके खिलाफ 2016 में एफआईआर दर्ज कराई थी। उस समय तो इसको थाने से जमानत मिल गई थी, लेकिन उसके बाद से यह पुलिस की नजर से ओझल हो गया। कोर्ट में भी पेश नहीं हुआ था कभी। फिर काफी अरसे के बाद महिला कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित किया था। द्वारका अअळर के इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश और संदीप की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाया। जब पुलिस टीम को जानकारी मिली की यह जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है तो पुलिस टीम ने ट्रैप लगाकर वहां पर इसे धर दबोचा। इसे गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया जहां से इसे तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

## 39 वारदात में शामिल, हथियार के साथ दबोचा



बिंदापुर थाना की पुलिस टीम ने हथियार के साथ एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रमोद उर्फ गोलू के रूप में हुई है। इसके पास से कंट्री मेड पिस्टल, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है और दो मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इस बदमाश के ऊपर पहले से 39 मामले ऑटो लिफ्टिंग, सेंधमारी, आर्म्स एक्ट, घरों में चोरी इत्यादि के चल रहे हैं। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी है। एसएचओ राजेश मलिक, हेड कांस्टेबल राजू राम की टीम ने इसके बारे में एक इनफॉरमेशन इकट्ठा की और फिर इसे दबोचने में कामयाब हुई। तलाशी में पिस्टल और गोली मिले, जिस बाइक से यह जा रहा था वह चोरी की निकली। आगे की छानबीन की जा रही है।

## सपेरा बस्ती के पास शराब तस्कर दबोचा

### नंबर प्लेट चेंज करके करता शराब तस्करी



तिलक विहार पुलिस चौकी की टीम ने शराब तस्करी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1000 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने जप्त किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय के रूप में हुई है, जो हरियाणा का रहने वाला है। एडिशनल डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि इस शराब तस्कर के बारे में पुलिस को इनफार्मेशन मिली थी। यह हरियाणा से शराब की खेप गाड़ी में भरकर लाया है। एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी, एसएचओ विनीत, एसआई नरेश की टीम ने सपेरा बस्ती के पास कार को ट्रैक किया। रोका, तलाशी में 20 कार्टून मिले, जिसमें 1000 क्वार्टर भरे हुए थे। पुलिस को दो नंबर प्लेट भी मिले जिसका इस्तेमाल यह पुलिस को चकमा देने के लिए किया करता था।

## ईडी सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो चुके दावे पर प्रेस नोट जारी कर रही, यह सिर्फ आप को बदनाम करने की साज़िश-दिलीप पांडे

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी ने ईडी द्वारा मीडिया में आधार विहीन खबरें प्लांट करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि सोमवार को ईडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। ईडी ने प्रेस विज्ञप्ति में 100 करोड़ रुपए का जिक्र कर सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर बल देने का प्रयास किया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट 100 करोड़ रुपए के आरोप को सिरे से खारिज कर चुका है। कोर्ट ने साफ कहा है कि इस पर बहस तो हो सकती है लेकिन इसका कोई सबूत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो चुके दावे को ईडी अपनी सबसे बड़ी ताकत बता रही है और भाजपा की ओर से मीडिया में खबरें प्लांट कर रही है। अब जनता के सामने भाजपा का घिनौना चेहरा सामने आ चुका है और इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनादेश देगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर ईडी और भाजपा को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले कई महीने से देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। बीजेपी के एड़ी-चोटी के जोर के सामने का चेहरा कभी इनकम टैक्स, कभी सीबीआई तो कभी ईडी बन जा रहा है। हम लगातार कह रहे हैं कि बीजेपी ईडी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग तो कर रही है, लेकिन आज के दृश्य में अब ईडी जैसी एजेंसी भी राजनीतिक संगठनों की तरह काम करने लगी हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब किसी पार्टी पर झूठ या सच कोई भी आरोप लगता था तो उस पर पार्टियां अपनी प्रतिक्रिया देती थीं। कई बार ऐसा होता है कि आपको मीडिया में खबरें देनी पड़ती हैं। अब ईडी भी बिल्कुल इसी रवैये और ढर्रे पर काम करने लगी है। पूरे देश ने देखा कि कैसे ईडी ने एक मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ी की तरह मीडिया में खबरें प्लांट करने की कवायद शुरू कर दी है। उसने आधारहीन बयान को प्रेस रिलीज के तौर पर मीडिया में छपवाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले ईडी ने जिस 100 करोड़ रुपए का जिक्र करत हुए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की अपनी कोशिश को और बल देने का प्रयास किया। उस मामले में हम सब जानते हैं कि ईडी के उस तर्क को सुप्रीम कोर्ट में जज संजीव खन्ना ने यह कह कर खारिज कर दिया कि ये महज बाते हैं। इस पर बहस तो हो सकता है, लेकिन इसमें कोई तथ्य नहीं है, कोई सबूत नहीं है। 100 करोड़ रुपए की कहानी के पीछे कोई आधार नहीं है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस दावे को खारिज कर दिया, अब ईडी एक मझे हुए राजनीतिक संगठन की तरह उसी दावे को आधार बनाते हुए बीजेपी की तरफ से मीडिया में खबरें प्लांट कर रही है। आज देश की संवैधानिक संस्थाओं को ये दिन इसलिए देखने पड़ रहे हैं, क्योंकि ईडी बीजेपी की ट्रेनिंग और उसके निर्देश पर काम कर रही है। आम आदमी पार्टी बीजेपी से कहना चाहती है कि लोकसभा चुनाव में तीन स्टार कैंपेनर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को उतारने के बावजूद दिल्ली और देश की जनता आपके खिलाफ जनादेश देने के लिए तैयार बैठी है। क्यों जनता आपका घिनौना चेहरा देख रही है।

## कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही भाजपा- आप

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का षड़यंत्र रच रही भाजपा पर आम आदमी पार्टी ने तीखा हमला बोला है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही है। भाजपा को अब भरोसा नहीं रहा कि ईडी के 9 समन के बाद भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हो सकती है। इस लिए उसने नया समन भिजवाया है। सोमवार को भाजपा ने षड़यंत्र के तहत ईडी से प्रेस विज्ञप्ति जारी कराया। अब ईडी कह रही है कि अरविंद केजरीवाल भी इस षड़यंत्र में शामिल हैं। जब केजरीवाल पहले षड़यंत्र में शामिल नहीं थे, तब ईडी ने 9 समन क्यों भेजा? उन्होंने कहा कि दरअसल, इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा देश के सामने खुला चुका है। भाजपा को डर है कि कहीं उसके महा घोटाले को जनता समझ गई तो उसका 400 का नारा 40 में तब्दील हो जाएगा। इसीलिए भाजपा अब ईडी-सीबीआई से विपक्षी दलों के नेताओं को तेजी से गिफ्तार करने का प्लान बना रही है।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि बीजेपी के प्रवक्ता ने आज प्रेसवार्ता कर कोर्ट में चल रही प्रक्रियाओं और उसके निर्णयों पर बयान दिया। भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से जमानत मिलने का मतलब है कि उन्हें अभी राहत नहीं मिली है। सीएम अरविंद केजरीवाल को पिछले दिनों कोर्ट से जमानत मिलने के बाद अब बीजेपी अपने षडयंत्र को आगे बढ़ा रही है। बीजेपी ने जिस तरह से प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह ऐलान किया है, इसका मतलब साफ है कि कोर्ट में एक अप्रैल की सुनवाई की अगली तारीख देने के बावजूद बीजेपी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए नए षडयंत्र कर रही है। जिसके तहत अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए 9वां समन जारी किया गया। बीजेपी को पता है कि जिस समन को लेकर वह कोर्ट गए थे और कोर्ट में इसपर कार्रवाई चल रही है। वो समन कानूनी है या गैरकानूनी, इसका फैसला अभी कोर्ट को करना है। लेकिन उससे पहले ही बीजेपी में इतनी बैचेनी है कि वो खुद ही फैसले पर फैसला सुनाए जा रहे हैं। कोर्ट के फैसले का इंतजार करने का सब्र बीजेपी को क्यों नहीं हो रहा है? आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि शायद भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रहे थे। वो कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। क्योंकि अब उनको भी भरोसा नहीं रहा कि उस समन के आधार पर गिरफ्तारी हो भी सकती है या नहीं। वहीं, सोमवार को एक तीसरा षडयंत्र शुरू हुआ है। बीजेपी ने ईडी से एक नया प्रेस नोट जारी करवाया। जिसमें वो फिर वहीं 100 करोड़ का पुराना टेप रिकॉर्डर निकाल कर लाए। जब बीजेपी पहले 100 करोड़ का राग अलाप रही थी, तब उस समय भी कोर्ट ने कहा था कि इसका कोई सबूत नहीं है। आज भी इसका कोई सबूत नहीं है, लेकिन सोमवार को एक बार फिर झूठा माहौल बनाने के लिए एक प्रेस नोट जारी किया गया कि अरविंद केजरीवाल भी इस षडयंत्र में शामिल है। क्या जब उन्हें पहले 9 समन जारी किए गए थे, तब वो षडयंत्र में शामिल नहीं थे? और अगर नहीं थे तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया था? लेकिन आज वो षडयंत्र में शामिल हो गए हैं। क्योंकि कोर्ट ने उन समनों पर विचार करना शुरू कर दिया है। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के पास कोर्ट के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है। क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आने के बाद खुल चुका है। देश की जनता के सामने बीजेपी के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा सामने आ चुका है। इसलिए अब बीजेपी की बेचौनी बढ़ रही है कि अगर देश की जनता इस महा घोटाले के सच को समझ लेगी तो 400 पार का नारा कहीं 40 पार में तब्दील न हो जाए।

## जेएनयू : छात्रसंघ चुनाव के लिए संगठनों ने झोंकी ताकत

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्रसंघ चुनाव के लिए 22 मार्च को मतदान होगा, जिससे कैंपस में सरगर्मी बढ़ गई है। छात्र संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी है और जुबानी हमले भी तेज कर दिए हैं। इस बीच छात्रों ने कहा कि लगातार संगठनों की ओर से छात्रों के हितों को पूरा करने की बात की जाती है। कई दावे भी किए जाते हैं, लेकिन इस दिशा में जमीनी स्तर पर प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर कार्य किया जाना आवश्यक है। साथ ही, प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठकें भी की जानी चाहिए। छात्रवृत्ति को नियमित रूप से प्रदान करने के लिए कदम उठाने चाहिए। एबीवीपी ने मंगलवार को पूर्ववर्ती छात्रसंघ के खिलाफ पांच बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया। जेएनयू में एबीवीपी के मंत्री विकास पटेल ने बयान जारी करते हुए वामपंथी छात्र संगठनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष के दौरान छात्रों की आधारभूत समस्याओं का निवारण नहीं किया गया। विद्यार्थी परिषद ने जर्जर छात्रावासों की समस्या, जल संकट, छात्रवृत्ति, शैक्षणिक सत्र, परीक्षा परिणाम में अनियमितता आदि को केंद्र में रखकर आरोप पत्र जारी किया। इस बीच वामपंथी छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने एबीवीपी को घेरा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग छात्रों के हित के लिए कार्य नहीं करते हैं।

## संपत्ति विवाद में महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

नई दिल्ली। महरौली स्थित फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में मंगलवार को संपत्ति विवाद में महिला ने बालकनी से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि मंगलवार दोपहर फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में एक महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि महिला जगवीर सिंह की दूसरी पत्नी है। जगवीर सिंह और उनकी पहली पत्नी का देहांत हो चुका है। दूसरी पत्नी का पहली पत्नी के बच्चों के साथ संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में मंगलवार को झगड़े के बाद महिला आत्महत्या करने के लिए अपनी बालकनी से कूद गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## ठग चंद्रशेखर ने कहा, कविता की गिरफ्तारी से खुलेगा भ्रष्टाचार का भंडार

- आपने हमेशा सोचा था कि आपको कोई छू नहीं सकता, आप अजेय हैं, लेकिन आप यह भूल गईं कि नया भारत व कानून पहले से कहीं अधिक मजबूत और ताकतवर है।

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने तीन पन्नों के एक बयान में कहा कि कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बीआरएस नेता के कविता की गिरफ्तारी से भ्रष्टाचार का भंडार खुलने वाला है। चंद्रशेखर ने कहा, कविता अक्का, आपकी इस गिरफ्तारी से आप और आपके सभी भ्रष्ट सहयोगी, जिनमें भ्रष्टाचार के राजा मेरे प्रिय अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं, एक और स्तर पर बेनकाब हो जाएंगे।

उसने आगे कहा, सच्चाई की जीत हुई है, फर्जी मामले, फर्जी आरोप, राजनीतिक जादू-टोना का नाटक विफल हो गया है। अब आपको सच्चाई की ताकत का सामना करना होगा, आपने हमेशा सोचा था कि आपको कोई छू नहीं सकता, आप अजेय हैं, लेकिन आप यह भूल गईं कि नया भारत व कानून पहले से कहीं अधिक मजबूत और ताकतवर है। चंद्रशेखर ने अपने बयान में कहा, आपको (के कविता) एक ईमानदार सलाह, अभी भी छिपाने और इस घोटाले के सरगना और गॉडफादर अरविंद केजरीवाल को बचाने की कोशिश का कोई फायदा नहीं है, हालांकि मैं महानतम तिहाड़ क्लब में आपका स्वागत करता हूं, अक्का। कथित शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का संकेत देते हुए, चंद्रशेखर ने कहा कि केजरीवाल चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, अब सब कुछ खत्म हो गया है और उनके सभी झूठ और नाटक का अंत होने वाला है। चंद्रशेखर ने कहा, अब अपने सभी भाइयों और बहनों के पास अपने तिहाड़ क्लब में आएं, मेरे प्रिय केजरीवाल जी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 20 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कई दिनों से गिद्धौर थाने के सामने सड़क पर लगा है ट्रक



जमुई/गिद्धौर गिद्धौर थाने के सामने मुख्य सड़क पर ही जप्त ट्रक पिछले कई दिनों से लगा है। इससे अन्य वाहन चालकों के हादसे का शिकार होने का खतरा बना रहता है,लेकिन इतने लंबे समय बाद भी पुलिस की ओर से इसे नहीं हटाया जा रहा है। जबकि ट्रक के आगे ही सड़क पर रेलवे स्टेशन रोड जाने वाली सड़क है बगल में ही गिद्धौर सेंटर स्कूल व प्रखंड मुख्यालय भी मौजूद है।कई बाईक चालक साइकिल सवार ने बताया कि कई दिनों से ट्रक थाने के सामने खड़ी रहने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। अब इस ट्रक के खड़ा होने से परेशानी और बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार गाय तस्करी को लेकर पुलिस ने पूर्व में ट्रक जप्त किया था लेकिन ट्रक अभी भी सड़क पर ही लगा है। क्योंकि थाने के पास जप्त ट्रक को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।वही कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में लगाने के अलावा कोई जगह नही है। जप्त किए गए ट्रक वाहन को कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम के अलावे सड़क किनारे लगाने के अलावा कोई चारा नहीं है।

### एक शराब तस्कर सहित दो अन्य को भेजा जेल

मुरलीगंज ( मधेपुरा) लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिसिया कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस दौरान थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने बताया कि सोमवार को गस्ती के क्रम मे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी मे पुलिस ने शहर के दुर्गा चौक समीप वार्ड नंबर नौ निवासी गजेंद्र रमाणी के पुत्र भानू कुमार को 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही काशीपुर वार्ड नंबर एक निवासी मुन्ना राउत के पुत्र गोविंद कुमार को शराब का सेवन किये हुए पकड़ा गया है। वही दूसरी ओर कोल्हापट्टी पंचायत के वार्ड चार निवासी परमानंद यादव को महिला के साथ छेड़खानी के आरोप मे पकड़कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। इस दौरान एसआई बिनोद कुमार और जितेंद्र कुमार मौजूद थे।

# अपराधियों ने महिला को मारी गोली मौके पर मौत

- महिला के शरीर पर 04 गोली लगी, 02 गोली पीठ पर धसा हुआ पाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ककनचौर पंचायत के मगही निवासी तापेश्वर यादव उर्फ संजय यादव की 35 वर्षीय पत्नी पबिया देवी को सोमवार शाम 07:00 बजे के करीब अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दियो मृतक के पति संजय यादव ने बताया कि मैं मोटरसाईकिल पर पत्नी को बैठकर ईलाज करने मटिया बाजार गया थो जहां चिकित्सक के कथनानुसार अल्ट्रासाउंड कराने हेतु जमुई जाना पड़ो फिर अल्ट्रासाउंड करवा कर मटिया पहुंचो पुनः डाक्टर से पत्नी को दिखाकर अपने घर वापस आ रहा था कि बघमा रोड और मगही रोड जाने वाले मुख्य सड़क केनाल ठाकुरायन आहार के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे 7 - 8 अपराधियों एवम एक मोटरसाइकिल पर तीन अपराधियों ने मेरी मोटरसाइकिल का पीछा करने लगो तब मेरी पत्नी ने कहा कि कोई आप का पीछा कर रहा हैतब हमने अपनी मोटरसाइकिल की रफ्तार को तेज कर भागने लगो तभी मोटरसाइकिल पर सवार विजय यादव,पिता हेमन यादव, जितेन्द्र यादव ,पिता हिरामन यादव ने मेरी पत्नी पबिया देवी के पीठ पर एक एक करके दो गोली मारा जो अभी भी पीठ पर धसा हुआ है पत्नी को गोली लगते ही मैं गिरा और भागने लगा,भागते भागते ही मैंने अपने लोगों



को फोन पर घटना की जानकारी दी घर से लोगों को दौड़ते देखकर सभी अपराधी भाग खड़े हुऐ तत्पश्चात मैन लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार को फोन पर घटना की जानकारी दी मौके वारदात पर लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार एस आई प्रभात राय दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया और घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारी को फोन दिए और लाश को कब्जे में लेकर थाना लाऐ लाश का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया गयो मृतक पबीया देवी के शरीर में दो गोली पीठ पर,एक गोली दाहिने जबड़े पर और एक गोली सीने पर अपराधियों ने मारी थीघटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन, एसडीपीओ सतीश सुमन भी घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण कियो निरीक्षण के दौरान पुलिस को घटना स्थल पर दो खोखा भी बरामद हुओ वहीं मृतिका के पति संजय यादव ने बताया कि मैं थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें दस नामजद अभियुक्त बनाया है। ज्ञात हो कि संजय यादव पर ये पहली बार आक्रमण नहीं हुआ इसके पूर्व भी संजय यादव पर बमबाजी सहित पंचायत चुनाव में गोली कांड हुआ था। जिसमें संजय यादव को सात गोली लगने पर भी ईश्वर ने इन्हें बचा लिया। लेकिन इस दौरान उन्होंने अपना साथी सहित अपना साडू और बहनोई को खोया। संजय यादव को एक पुत्र और एक पुत्री है। पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने एसडीपीओ सतीश सुमन को घटना में नामजद अभियुक्त की गिफ्तारी एवम घटित घटना का सफल उद्भेदन की जिम्मेवारी सौंपी है वहीं एसडीपीओ सतीश सुमन ने थानाध्यक्ष आलोक कुमार को घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और आवश्यक निर्देश दिए हैं अनुसंधान जारी है

# जमुई पुलिस लाइन में सीआरपीएफ के 215 बटा ने मनाया 85 वीं स्थापाना दिवस





प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/बरहटः मंगलवार 19 मार्च को 215 बटा० केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सीआरपीएफ का 85वां स्थापना दिवस मनाया। उक्त कार्यक्रम जोगेन्द्र सिंह, मौर्य कमाण्डेन्ट 215 बटा० के दिशा-निर्देश में पुलिस लाइन मलयपुर, जमुई में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीदों को नमन कर किया गया। कमांडेंट जोगेन्द्र सिंह, मौर्य ने बताया कि बहुयामी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व 1939 में हुई तथा देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इसको वर्तमान स्वरूप में लाया गया। एक बटालियन से शुरू हुये इस बल में आज 246 बटालियन, 10 कोबरा बटालियन, 06 महिला बटा०, 05 वी०आई०पी० बटालियन शामिल हैं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के हर कोने में तैनात है, चाहे उग्रवाद व अलगाववाद से ग्रसित जम्मू कश्मीर हो, इन्सर्जेन्सी प्रभावित उत्तर पूर्वी राज्य हों, या नक्सलवाद से लड़ रहे मध्य भारत के राज्य हों। देश की आन्तरिक सुरक्षा को बनाये रखने में इस बल ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की हैं। बल के सैकडों अधिकारियों और जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकरियों व जवानों द्वारा दिखाई गई वीरता, कर्तव्य परायणता, समर्पण व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सभी सुरक्षा बलों में सर्वाधिक पदकों से सम्मानित किये जाने का भी गौरव प्राप्त है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 85 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 215 बटा० के द्वारा आज विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसके तहत रमेश कुमार (उप कमाण्डेन्ट) 215 बटा० एवं अन्य अधिकारियों व जवानों द्वारा बल के शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई तथा जोगेन्द्र सिंह, मौर्य कमाण्डेन्ट 215 बटा० द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने बल की उपलब्धियों, विशेषताओं एवं महत्व पर प्रकाश डाला और बल के कार्मिकों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजना के बारे में भी अवगत कराया। दोपहर बाद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाहिनी के अधिकारियों व जवानों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार (उप० कमाण्डेन्ट), सुभाष कुमार सुमन (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), प्रणव प्रकाश (सहा० कमा०), निरीक्षक / जीडी राजेश कुमार पाल एवं 215 बटा० के अधिनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में चापाकल के अधिष्ठापन में भारी अनियमितता




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा करीब 1140 चापाकल को अधिष्ठापित किया जा रहा है एक चापाकल वोरिंग कराने एवम समरसेबुल सहित का प्राक्कलन 3,07,000 है जिसमें शुद्ध पे जल हेतु लगभग 45,000 का ग्रेबुल डालने का प्रावधान है, साथ ही साथ 14 डाया में बोरिंग करने का प्रावधान है इसके बावजूद विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त भेंडर या संवेदक मनमानी तरीके से पुराने ही अंदाज में बोरिंग करते जा रहे हैं जो प्राक्कलन के विरुद्ध है।

वहीं जिलाधिकारी राकेश कुमार को विभाग द्वारा अधिष्ठापीत चापाकल में भारी अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच का आदेश जारी कर दिया है जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में समिट करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जमुई को दिऐ जिसका पत्रांक 588/ 17 मार्च 2024 है जिलाधिकारी राकेश कुमार के जांच का आदेश निर्गत होते ही सकते में शिक्षा विभागे वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कपिलदेव तिवारी ने विद्यालय के कनीय अभियंता पप्पु सहनी को भी कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी है।

# मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी ने किया बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

पुरैनी मधेपुरा पुरैनी मुख्यालय पंचायत वार्ड संख्या 1 ग्राम कोयला टोला में बाबा बजरंगबली मंदिर परिसर में टोला वासियों द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक आवश्यक बैठक बैठाया गया जिसमें मंदिर के जमीन का पैमाइस कर अतिक्रमण मुक्ति को लेकर निर्णय लिया गया तत्पश्चात हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर सर्व सम्मति से एक स्वर में सबने सहमति प्रदान की। बैठक में मुखिया विनोद काम्बली निषाद ने अंचलाधिकारी पुरैनी के नाम से आवेदन बनाकर सभी से हस्ताक्षर करबाया कि नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोयला टोला पहुंच पथ सड़क का निर्माण को लेकर जमीन मुहैय्या कराने को लेकर अंचलाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। बैठक में मंदिर संस्था का सभी हिसाब- किताब करते हुए नए संस्था में सदस्यों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से कोयला टोला निवासी रामस्वरुप सिंह को अध्यक्ष, डा0 गोपाल ठाकुर को सचिव, रंजीत साह को उपाध्यक्ष एवं रामदेव सिंह कोषाध्यक्ष का पदभार मिला। सदस्य के रूप में चानो चौधरी, संजीव सिंह, सोनू सिंह, बुच्चर चौधरी, लक्ष्मण सिंह, संजय ठाकुर, मिथुन सिंह, अशोक सिंह आदि का चयन किया गया बैठक में डोमी साह, महेश्वरी सिंह, कोकाय सिंह, जनार्दन सिंह उर्फ जाने सिंह, विशुनदेव चौधरी, लड्डू चौधरी, कैलाश सिंह, रामानंद सिंह, जीतन चौधरी, महावीर सिंह, नीरज सिंह, योगेंद्र ठाकुर, बोतल साह, सुशील मेहता, मटरु सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मधेपुरा के बीएनएमयू में सीनेट बैठक के दौरान 10 अरब 35 करोड़ की बजट पारित

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा के बीएन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट की वार्षिक बैठक मंगलवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विवि के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10.35 अरब बजट अनुमोदित किया गया। जिसमें आंतरिक श्रोत से कुल अनुमानित आय एक अरब 83 करोड़ 76 लाख 39 हजार 181 रुपए है। जबकि सरकार से 8 अरब 51 करोड़ 92 लाख 41 हजार 806 रुपए दिखाया गया है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में सत्र अनियमित है। छात्रों की पढ़ाई समय पर पूरी नहीं हो रही है। इसमें सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुकंपा का मामला लंबित है। 8 दिनों के अंदर सभी विश्वविद्यालयों में अनुकंपा की बैठकें होनी चाहिए और मामलों का निबटारा होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्यों में चुस्ती आनी चाहिए, अभी सुस्त हो चुके हैं। जब हम व्यवस्था में सुधार करेंगे तब जाकर आने वाली पीढ़ी हमको दुआ देगी।

# ऐतिहासिक कोनहारा घाट पर 23 को मसान होली महोत्सव के लिए भेजी गई चिताओं की लकड़ियां

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। मसान होली महोत्सव समिति द्वारा कौनहारा घाट स्मशान पर हरिहर क्षेत्र के विभिन्न शमसान घाटों से चीता की जली हुई लकड़ियां ऐतिहासिक कौनहारा श्मशान घाट पर भेजी गई ।

जिससे विशाल चिता सजाई जा रही है ’ भारत के सात धार्मिक क्षेत्र में से सबसे बड़ा धार्मिक क्षेत्र हरिहरक्षेत्र के श्मशान कोनहारा घाट पर पिछले 600 वर्ष पूर्व तक श्मशान होली महोत्सव होता था जिसे गुलामी के काल से बंद कर दिया गया था। काशी के मणिकर्णिका घाट से लेकर हरिपुर के कोनहारा घाट तक होने वाली श्मशान होली पुनः कौनहारा घाट में प्रारंभ करने हेतु 108 मन चीता की लकड़ियां इकट्ठा की जा रही है ।इस क्रम में हरिहर क्षेत्र कालीघाट के मसान की लकड़ियां भी भेजी गई है।

भेजी गई चीता की लकड़ियां से होली महोत्सव हेतु मसान चिता का सजना प्रारंभ हो चुका है। इस ऐतिहासिक मसान होली महोत्सव के उद्घाटन हेतु जगतगुरु शंकराचार्य जी के आगमन की अनुमति प्राप्त हो गई है। देश-विदेश से पूज्य संत की टोली यहां पधारेगी। साथ ही, किन्नर समाज के अलावे संगीत, नृत्य, होली गायन तथा मध्य प्रदेश के महाकाल भस्म आरती की टीम द्वारा भस्म नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा।

इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन तथा देशभर से भेजे जा रहे 56 भोग जिसमें आगरे की पेठा, मथुरा का पेड़ा, मनेर के लड्डू ,गया का तिलकुट, पटना सिटी की खुरचन मिठाई, सिलाव का खाजा, सीतामढ़ी की बलशाही जैसे अनेकों प्रमुख मिष्ठान शामिल है । गायत्री परिवार की ओर से सभी लोगों के लिए भंडारा तथा मां तारापीठ सेवा समिति द्वारा और अटूट लंगर की भी व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय माधव सिंह स्मृति सेवा मंच द्वारा तथा इसका प्रायोजक विमल फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन वैशाली जिला विधिक संघ तथा वैशाली जिला चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से किया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आए अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की योजना हिंदू जागरण के प्रदेश संयोजक विनोद कुमार सिंह यादव द्वारा किया गया।

# खुरहान मे डाकिनी मंदिर-शाम 6 बजे के बाद पुजारी तक का प्रवेश है वर्जित, वजह जानकर चौंक जाएंगे आप

प्रात: किरण, संवाददाता



आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के खुरहान मे डाकिनी मंदिर मे,शाम 6 बजे के बाद पुजारी तक का प्रवेश है वर्जित, मंदिर में सुबह से शाम 6 बजे तक पूजा होती है, और इसके बाद मां डाकिनी मंदिर परिसर में लोगों का आना वर्जित है।पुजारी बताते हैं कि आरती के बाद शाम के बाद डाकिनी माता मंदिर के विशाल परिसर में स्वयं भ्रमण करती हैं।डाकिनी माता मंदिर में बकरे की बलि दी जाती है, जो यहां की अद्वितीय पूजा प्रथा का हिस्सा है।इसके अलावा, यहां सर्वाधिक चढ़ाता हैं लड्डू का भोग, जो एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान को दिखाता है। मंदिर की स्थापना1348 में हुई थी माता डाकिनी, जिन्हें प्रसिद्ध रूप में दुर्गा माता कहा जाता है, इस स्थान पर माता लगभग पौने सात सौ साल से विराजमान हैं।मंदिर के पुजारी, बताते हैं कि उनके परदादा पंडित भयो झा को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए थे, जिसके पश्चात साल 1348 में स्थानीय लोगों की सहायता से यहां मंदिर का निर्माण हुआ। यहां माता के 9वें रूप की पूजा की जाती है, और लोग इस माता को तीन नामों से पुकारते हैं झ माता जंगल वाली, मां डाकिनी, और मां छिन्नमस्तिका।माता जंगल वाली का नाम इसलिए है क्योंकि यहां मां जंगल में निवास करती थीं, जबकि मां छिन्नमस्तिका का अर्थ है जो अपना सर काटकर चढ़ाती थीं। कालांतर का इसका पुनः निर्माण किया गया। अब पुनः भव्य मंदिर देखने लग रहा है। हालांकि मंदिर बगीचा के प्रांगण में है। तत्पश्चात चारों ओर से सड़क निर्माण किया गया।अब वह मंदिर स्वर्ग के ऐसा दिखने लगा। प्रांगण में प्रत्येक दिन सैकड़ो के भीड़ में जुटे रहते हैं वहां के श्रद्धालु ग्रामीण के सहयोग से बनाया गया भव्य मंदिर। मान्यताओं के अनुसार यहां के पवित्र कुएं से दूध निकालने की घटना हो चुकी है। इस मंदिर का निर्माण में वहां के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भव्य मंदिर निर्माण किया गया। साथी इस मंदिर का धीरे-धीरे प्रचलित होने लगा। मंदाकिनी मंदिर में गाली देने की परंपरा आज तक चल रही है। इस मंदिर में सोमवार एवं शुक्रवार को बली व पूजा करने की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर में कई जिलों से भक्तों पहुंचते हैं। साथ ही मनोकामना पूर्ण होने पर बली दिया जाता है। मंदाकिनी मंदिर में सरकारी योजनाओं का भी लागत लगाया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि जिस महिलाओं को संतान की प्राप्ति नहीं होती है। सच्चे मन से सच्चे दरबार में पहुंचने से मनोकामना पूर्ण होती है। साथी वही के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की बीमारी हो केस मुकदमा हो किसी भी प्रकार की मन्नत मांगने से मनोकामना पूर्ण होती है। वही इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुआं का जल दूध के सम्मान दिखता है। इस मंदिर का स्थापना 1348 ईस्वी में हुआ था। मगर वहां के ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण किया गया। धीरे-धीरे दूर दराज के लोग इस मंदिर को जानने लगे।

# विहार प्रदेश पंच सरपंच संघ ने बकाया भुगतान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।विहार प्रदेश पंच सरपंच संघ ने ज़िलाधिकारी एवं ज़िला पंचायत राज पदाधिकारी वैशाली को आग्रह पत्र समर्पित कर ज़िले ग्रामकचहरियो के पूर्व एवं वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधि पंच,सरपंच,उपसरपंच,तथा कर्मी सचिव तथा न्याय मित्रों का वर्षों वर्ष का बकाया व अनुशंसित राशि का शत प्रतिशत भुगतान करने कराने का आग्रह किया है ।पंच सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला,संरक्षक दीपक दानवीर सोनी,अधिवक्ता राहुल अमृत राज,बुल बुल यादव उच्च न्यायालय पटना ने संयुक्त रूप से बताया कि पंचायती राज विभाग विहार सरकार द्वारा 08 फरवरी 2024 को ही सभी 38 ज़िलों के लिए कुल एक अरब बत्तीस लाख रुपये भेजीं जा चूँकि है जिसमें पूर्व का बकाया भी शामिल है पर अबतक प्रशासनिक उदासीनता के कारण भुगतान नहीं हो सका है जवकि हिन्दु मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व होली और रमजान का समय चल रहा है। सामने 31 मार्च क्लोजीग है पिछले वर्ष भी समयावधि के भीतर निकासी नहीं होने के कारण प्रतिनिधि कर्मी को पैसा नहीं मिला दुर्भाग्य और विडंबना है कि ज़िले के लगभग चार हजार से अधिक प्रतिनिधि कर्मी रोज प्रखंड ज़िला का चक्कर लगाकर तंग तबाह परेशान हो रहे हैं ।संघ नेताओं ने माँग किया कि अविलंब सत प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा संघ लोक तांत्रिक पद्धति से आन्दोलन चलाने को बाध्य होंगी जिसकी सारी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# डी एम, एस पी ने महुआ में निकाला फ्लैग मार्च

प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ ।आगामी लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही जिला प्रशाशन की तरफ से निष्पक्ष चुनाव को लेकर लगातार प्रयास जारी हैं। इस कड़ी में सोमवार की शाम डीएम, एसपी महुआ पहुंचे। महुआ पहुंचने के बाद जिलाधिकारी यशपाल मीना और वैशाली के एस पी हरी किशोर राय ने महुआ अनुमंडल कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए लोकसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए



अनुमंडल पदाधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारियों को दिए कई सख्त निर्देश। वही बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को डी एम यशपाल सिंह मीना तथा एसपी हरी किशोर राय ने चुनाव आचार संहिता के पालन सहित कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए इन सभी का सख्ती से पालन कीए जानें को कहा। इस दौरान मीटिंग में एसडीएम चंद्रिमा अत्री,एसडीपीओ सुरभी सुमन,बीडीओ संजीत कुमार,महुआ थानाध्यक्ष अरविंद पासवान,कटहरा थानाध्यक्ष सोनू कुमार,एसएसबी इंस्पेक्टर विवेक पांडेय के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। वही डी एम यशपाल मीना और वैशाली एस पी हरी किशोर राय के नेतृत्व ने महुआ में फ्लैग मार्च निकालते हुए आमजनो से भय मुक्त चुनाव में भाग लेते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने का संदेश दिया।

# एक सौ लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर । वाहन चेकिंग में पुलिकर ने एक बाइक पर प्लास्टिक बोरी में ले जा रहे देसी शराब को जप्त कर एक को गिरफ्तार किया है ।जानकारी देते हुए पुअनि मनोज कुमार ने बताया है कि सोमवार को वे दीवा गस्ती में थाना क्षेत्र के बखरी बराई पंचायत भवन चकसिकंदर महुआ रोड के पास सघन वाहन चेकिंग कर रहे थे कि पुलिस गाड़ी देखकर एक बाइक सवार जिस पर बोरी लदा था बाइक घुमाकर भागने लगा ।जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया ।जब बोरी की तलाशी ली गई तो 10/10 लीटर के पॉलिथीन में कुल 100 लीटर देसी चुलाई शराब पाया गया।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। आज मुख्यालय, हाजीपुर में रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# सतर्क रहते हुए संरक्षा सुनिश्चित करने वाले कर्मियों को किया गया पुरस्कृत



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे का परिचालन पूरी तरह संरक्षा के मानकों के तहत हो और यह यात्रियों के लिए पुरी तरह सुरक्षित हो सके, इसके लिए सोनपुर मंडल का संरक्षा विभाग लगातार प्रयासरत रहता है। इसके लिए समय- समय पर रेलखंडों का निरीक्षण किया जाता है तथा संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों की काउंसलिंग की जाती है एवं उनके कार्यों को जांच परखा जाता है। आज सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद द्वारा मंडल कार्यालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में संरक्षा के क्षेत्र में दिसंबर एवं जनवरी माह में विशिष्ट कार्य करने वाले मंडल के कुल 18 रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया ।ये वो कर्मचारी है जिन्होंने अपने कार्य के दौरान समय- समय पर न सिर्फ अतिरिक्त तत्परता दिखाई थी बल्कि अपनी सूझबूझ तथा तत्क्षण कार्यवाई से रेलवे की संरक्षा को बढ़ावा दिया था। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर ने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों के इन कार्यों की सराहना की तथा आगे भी इसी तरह कर्तव्यपरायणता से कार्य करते रहने साथ ही अपने साथी कर्मचारियों को भी इसी तत्परता से कार्य करने के लिए अभिप्रेरित करने की सलाह दी।

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी, हम सब की जिम्मेदारी:ऋतुराज



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी ,वैशाली के निदेर्शानुसार भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली यूनिट द्वारा जिले के उच्च विद्यालयों के स्काउट गाइड ने ह्डोर टू डोरह्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए आम लोगों से अपील की। भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली के जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वही स्काउट मास्टर उमेश कुमार प्रसाद सिंह ने कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। आम व्यक्ति को अपने वोट की अहमियत समझनी चाहिए। वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है। इसलिए हर वर्ग के लोगों को वोट डालना चाहिए। वोट देना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट डालें। वही मॉक ड्रिल के माध्यम से दिव्यांग मतदाता , वरिष्ठ मतदाताओं की सेवा करने एक अभ्यास सत्र भी चलाया गया। जिसमें विद्यालय के स्काउट गाइड पोषक क्षेत्र के दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर लाने एवं उनके घर पहुंचने के वादा करते हुए बुजुर्गों एवं दिव्यांगों से मुलाकात की। आज कार्यक्रम में जिले के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर, उच्च विद्यालय रामदोली, माध्यमिक विद्यालय कमला कन्या कनौती, माध्यमिक विद्यालय पानापुर सिलौथार, उच्च विद्यालय जंदाहा, उच्च विद्यालय बेलवर घाट, मध्य विद्यालय रुकमंजरी, मध्य विद्यालय असाधरपुर, उच्च विद्यालय मथुरा गोखुला, उच्च विद्यालय करताहा,जी ए उच्च विद्यालय भगवानपुर सहित दर्जनों विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड ने बेहतर प्रदर्शन किया।

## सम्पादकीय

### कठघरे में है सरकार

अगर लगे आरोपों को साक्ष्यों के जरिए साबित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की विशेष एवं पूरी जांच जरूरी नहीं है? इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मुद्दे ने भारतीय लोकतंत्र की साख पर ऐसा ग्रहण लगाया है, जिसकी छाया से उबरना आसान नहीं होगा। अब यह बात बेहिचक कही जा सकती है कि चुनावी चंदे की यह योजना शुरूआत से ही बदनीयती से प्रेरित थी। मकसद चुनावी चंदे पर मोटा परदा डालना था। वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक ने जो जानकारियां सौंपी हैं, उससे बात सिर्फ यहीं तक नहीं रह गई है। बल्कि उससे कई बुनियादी सवाल उठे हैं। जब तक इन प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, यह धारणा पुख्ता बनी रहेगी कि स्वार्थी और अवांछित ताकतें धन-बल के जरिए सत्ताधारी दलों एवं राजनेताओं को साध कर अपना उल्लू सीधा कर रही हैं। सबसे परेशानी वाली बात यह सामने आई है कि कथित खोखा (शेल) कंपनियां सियासी चंदा दे रही हैं और पार्टियां उन्हें स्वीकार भी कर रही हैं। कई ऐसी कंपनियां बेनकाब हुई हैं, जिन्हें एक वित्त वर्ष में जितना मुनाफा हुआ, उससे छह गुना से भी ज्यादा रकम उन्होंने चंदा दिया। तो सवाल उठा है क्या सियासी चंदा देने के लिए ही कुछ बड़े कॉरपोरेट घरानों ने ऐसी कंपनियां बनाईं? यह पहलू इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि इनमें से कई कंपनियों की स्थापना इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना लागू होने के बाद हुई। एक अन्य मुद्दा चंदे के बदले लाभ पहुंचाए जाने और भयादोहन के बदले चंदा उगाहने के आरोप से संबंधित है। चूंकि स्टेट बैंक ने अभी तक यूनिक कोड उपलब्ध नहीं करवाए हैं, इसलिए ठोस रूप से यह दिखा पाना अभी संभव नहीं है कि किस कंपनी ने कब किस पार्टी को कितना चंदा दिया। मगर आकलन के आधार पर विशेषज्ञों ने इस तरफ इशारा किया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के शुरू होने तुरंत बाद कुछ कंपनियों ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड खरीदे। उधर कुछ कंपनियों को इस माध्यम से चंदा देने के कुछ समय बाद परियोजनाओं के बड़े ठेके मिले। अगर यह रिश्ता साक्ष्यों के साथ स्थापित कर दिया जाता है, तो फिर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना की छवि आजाद भारत में हुए एक बड़े राजनीतिक घोटाले के रूप में बनेगी। क्या इस प्रकरण की पूरी जांच जरूरी नहीं है?

### मैराथन चुनाव कार्यक्रम

चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर मैराथन दौड़ की याद आती हो, यह कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए आर्थिक संसाधन, टिकाऊ चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता पूर्व शर्त बन जाती हैं। लोकसभा के आम चुनाव के कार्यक्रम की खबर एक विदेशी अखबार ने इस शीर्षक के साथ प्रकाशित की है- भारत में मैराथन चुनाव कार्यक्रम का एलान। एथलेटिक्स की दुनिया में कहा जाता है कि मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए शारीरिक बल, अंतर्शक्ति, टिकाऊ ऊर्जा एवं गहरे धीरज की जरूरत होती है। जिन धावकों में ये गुण ना हों, वे 42.195 किलोमीटर की इस प्रतिस्पर्धा में सफल नहीं हो सकते। भारत के चुनाव कार्यक्रम को देखकर अगर इस दौड़ की याद आती हो, यह भी सहज ही कहा जाएगा कि इसमें अंत तक टिके रहने के लिए कई खास पहलू अनिवार्य हो जाते हैं। आर्थिक संसाधन, लंबे समय तक सक्रिय रह सकने वाली चुनाव मशीनरी और अपने चुनावी नैरेटिव को आकर्षक बनाए रखने की क्षमता इनमें शामिल हैं। चुनावी चंदे और प्रचार तंत्र की वर्तमान स्थिति देखें, तो कहा जाएगा कि इन तकाजों को पूरा करना विपक्षी दलों के लिए एक कठिन चुनौती है। वैसे तो सात चरणों में लोकसभा का चुनाव होना अब नई बात नहीं रही, लेकिन इस बार एक खास पहलू यह है कि अनेक बड़े राज्यों में भी चुनाव को सात चरणों तक खींच दिया गया है। इससे यह कहने की स्थिति बनती है कि मैच शुरू होने के पहले ही पिच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल हो गई है। चूंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सातों चरणों में वोट डाले जाएंगे, इसलिए वहां हर मतदान के दिन करीब के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की गुंजाइश बनी रहेगी। वर्तमान रुझान यह है कि प्रधानमंत्री के भाषणों का टीवी चैनल सीधा प्रसारण करते हैं। इस तरह मतदान के समय भी उनका संदेश मतदाताओं तक पहुंचता रहेगा। मतलब यह कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम के कारण प्रचार संबंधी आदर्श चुनाव आचार संहिता बेमायने हो गई है। फिर मतदान के बाद 40 दिन तक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीय ढंग से रक्षा और सुरक्षा की कठिन चुनौती बनी रहेगी। जिस समय चुनाव प्रक्रिया को लेकर कई तरह के संदेह वातावरण में हैं, कहा जा सकता है कि ऐसे चुनाव कार्यक्रम से उन्हें दूर करने में कोई मदद नहीं मिलने वाली है।

### चुनावी बॉन्ड काला धन कैसे?

चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत असंवैधानिक करार दे चुकी है और उन पर रोक भी लगा दी गई है, लिहाजा यह अध्याय यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था। अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को बहुत बड़ा घोटाला चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदा! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल ह्यघोटालेबाजह्न हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा घोटाला कैसे माना जा सकता है? विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां राजनीतिक दलों को चंदा न दिया जाता हो। जहां आम चुनाव के लिए सरकारें आर्थिक संसाधन मुहैया कराती हैं, वहां भी औद्योगिक घराने और वैचारिक तौर पर जुड़ी आम जनता चुनावी चंदे देती रही है। यह एक सार्वजनिक परंपरा और प्रक्रिया है। औसत करदाता को आयकर या अन्य कर-योग्य संपदा में छूट भी मिलती है, लिहाजा देश की आजादी और संविधान को ग्रहण करने के बाद चंदा देने की परंपरा रही है। इस चंदे के संदर्भ में काला धन का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्रोत को काला धन करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक ईकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन काला धन कैसे कहा जा सकता है? दरअसल काला धन वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई काले रहस्योद्घाटन हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले लॉटरी किंग मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है। ऐसी कई कंपनियां चुनावी चंदे की सूची में हैं, जिनका मुनाफा कम है, लेकिन वे कई गुना ज्यादा चंदा दे रही हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि किसी ने बंद लिफाफे में 1-1 करोड़ के 10 बॉन्ड जद-यू के दफ्तर में भेज दिए। भाजपा को 8 बार एक ही दिन में 100-100 करोड़ मिले। एक दिन में 200 करोड़ भी मिले। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल सहित कई दलों ने चंदा देने वालों के नाम के खुलासे नहीं किए हैं। बताया जाता है कि बसपा, इंनेलो, एमआईएम, एनपीपी समेत कई छोटे दलों को बॉन्ड से चंदा नहीं मिला है।

## क्योंकि मोदी जी को पुतिन का कीर्तिमान भंग करना है?...

**मुझे लगता है कि मोदी जी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें तीसरी बार ही नहीं बल्कि पुतिन की तरह चौथी और पांचवीं बार भी प्रधानमंत्री बनना चाहिए, लेकिन ये होगा कैसे? पुतिन के पांचवीं बार चुने जाने पर अमेरिका ने कहा है कि पुतिन ने लोकतान्त्रिक दायरे से बाहर जाकर चुनाव कराये हैं। यदि मोदी जी भी तीसरी बार जीते तो अमेरिका उनके बारे में भी यही सब कहेगा। वैसे भी मोदी जी आने वाला चुनाव लोकतान्त्रिक दायरे में करा रहे हैं या नहीं कहना कठिन है। मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये जिस तरह से असंवैधानिक तरीके से 60 अरब का चन्दा जुटाया है उसे हम क्या देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी गलत करार दे दिया है। यानि मोदी के रास्ते में पहले ही कदम पर अपशकुन हो गया। मोदी जी को देश की जनता ने दो मौके दिए। यानि एक दशक तक देश की कमान सम्हालने के बाद न वे गरीबी को समाप्त कर पाए और न आतंकवाद का। न युवाओं को रोजगार के अवसर दे पाए और न किसानो को समृद्धि। आज भी जब मोदी जी चुनाव मैदान में उत्तर चुके हैं तब भी देश के किसान दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डाले बैठे हैं। यानि देश ने मोदी जी के पांव पालने में ही नहीं पलंग के बाहर भी देख लिए हैं। जनता समझ चुकी है कि मोदी जी हैं तो मुमकिन है का नारा भी खोखला है और दावा भी खोखला है। लेकिन मेरा मोदी जी के प्रति सम्मान पहले की तरह बरकरार है। मुझे देश कि जनता से ज्यादा मोदी जी कि कलाकारी पर ऐतवार है।**





**राकेश अचल-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चूंकि आम चुनावों की घोषणा हो चुकी है इसीलिए मुझे भी रोजाना आम चुनावों के मुताल्लिक ही कुछ न कुछ अर्ज करना होगा। आज मेरा सवाल है कि आखिर कार्यवाहक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी क्यों तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पापड़ बेल रहे हैं? क्या उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कीर्तिमान भंग करना है? पुतिन पांचवीं बार चुनाव जीते हैं और उन्होंने क्रीं 88 फीसदी मत प्राप्त किये हैं यानी की वहां मुकाबला एकतरफा हुआ है। ये सही है कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है लेकिन नेता को देखकर नेता भी रंग बदलता है ये हैरानी की बात है। पुतिन उस रूस के राष्ट्रपति हैं जिसकी आबादी 15 करोड़ से ज्यादा नहीं है। इससे ज्यादा आबादी तो हमारे अकेले उत्तर प्रदेश की है। यानि पुतिन का लक्ष्य मोदी जी के लक्ष्य के मुकाबले बहुत छोटा था। मोदी जी दरअसल गरीबी और आतंक से निबटने, किसानों की समृद्धि युवाओं को रोजगार के नए अवसर और भ्ष्टाचार्र पर कार्रवाई के लिए अबकी बार 400 पार करना चाहते हैं। उन्होंने खुद कर्नाटक में ये गणित कर्नाटक की उस जनता को समझाया जो विधानसभा चुनावों में भाजपा को और खुद मोदी जी को खारिज कर चुकी है। मुझे लगता है कि मोदी जी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें तीसरी बार ही नहीं बल्कि पुतिन की तरह चौथी और पांचवीं बार भी प्रधानमंत्री बनना चाहिए, लेकिन ये होगा कैसे? पुतिन के पांचवीं बार चुने जाने पर अमेरिका ने कहा है कि पुतिन ने लोकतान्त्रिक दायरे से बाहर जाकर चुनाव कराये हैं। यदि मोदी जी भी तीसरी बार जीते तो अमेरिका उनके बारे में भी यही सब कहेगा। वैसे भी मोदी जी आने वाला चुनाव लोकतान्त्रिक दायरे में करा रहे हैं या नहीं कहना कठिन है। मोदी सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये जिस तरह से असंवैधानिक तरीके से 60 अरब का चन्दा जुटाया है उसे हम क्या देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी गलत करार दे दिया है। यानि मोदी के रास्ते में पहले ही कदम पर अपशकुन हो गया। मोदी जी को देश की जनता ने दो मौके दिए। यानि एक दशक तक देश की कमान सम्हालने के बाद न वे गरीबी को समाप्त कर पाए और न आतंकवाद का। न युवाओं को रोजगार के अवसर दे पाए और न किसानो को समृद्धि। आज भी जब मोदी जी चुनाव मैदान में उत्तर चुके हैं तब भी देश के किसान दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डाले बैठे हैं। यानि देश ने मोदी जी के पांव पालने में ही नहीं पलंग के बाहर भी देख लिए हैं। जनता समझ चुकी है कि मोदी जी हैं तो मुमकिन है का नारा भी खोखला है और दावा भी खोखला है। लेकिन मेरा मोदी जी के प्रति सम्मान पहले की तरह बरकरार है। मुझे देश कि जनता से ज्यादा मोदी जी कि कलाकारी पर ऐतवार ह। मुझे लगता है कि मोदी जी भी पुतिन की तरह पांचवीं बार नहीं तो कम से कम तीसरी बार तो भारत के प्रधानमंत्री बन जायेंगे। मोदी जी ने विजय का मूल मन्त्र खोज लिया है। वे धर्मध्वजा लगे सियासत के रथ पर सवार होकर सत्ता कि सीता का वरण करने में सक्षम भी हैं और समर्थ भी। उन्होंने अतीत में परिवार छोड़ने की जो गलती की थी उसे भी सुधारकर अपना खुद का परिवार अपने संघ के प्रियवर से भी बड़ा कर लिया है। यानि अब मोदी जी से बड़ा मोदी जी का नाम है। और ये सब करना आसान काम नहीं है। मोदी जी ने जो असम्भव काम किया है उसके सामने राजनाथ सिंह भी नतमस्तक हैं और माननीय गडकरी भी। संघ तो पहले से मोदी शरणम गच्छामि हो चुका है। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत न जाने कब से मोदी जी कि भागवत बांचते सुनाई और दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बात ये है कि चुनाव में उतरे मोदी जी का आत्मविश्वास आज भी सातवें आसमान पार है। देश के चुनाव भी इसीलिए सात चरणों में कराये जा रहे है। इसीलिए एक कम सात राज्यों के गृह सचिवों को आनन-फानन में बदला गया है। मोदी जी ने तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए पहले ही देश के 17 राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें बनाकर खड़ी कर लीं है। हालाँकि इसके लिए उन्हें साम, दाम, दंड और भेद के अलावा बहुत कुछ करना पड़ा है। 2019 में मोदी जी के असर वाले इलाके 44 फीसदी थे जो दुर्भाग्य से अब 34 फीसदी हैं लेकिन इससे मोदी जी के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। अगर मोदी जी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री न बने तो भारत का बेड़ा गर्क हो सकता है। क्योंकि जो काम कांग्रेस ने पिछले साथ साल में नहीं किया, वो मोदी जी ने कुल जमा दस साल में कर दिखाया है। मोदी गति सचमुच तेज है। भारत का पुतिन बनना आसान काम नहीं है। मोदी जी को पिछले आम चुनाव में यानि 2019 में 37 . 43 फीसदी वोट मिले थे। अब यदि उन्हें पुतिन की तरह 88 फीसदी वोट चाहिए तो सबसे पहले तो देश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना होगा जो फिलहाल 67 फीसदी से ऊपर नहीं जा सका है और फिर अपने लिए 40 फीसदी वोट और कबाड़ना होंगे। ये काम देश की जनता तो करने वाली नहीं है, लेकिन ईवीएम कर दे तो कोई हैरानी नहीं है। क्योंकि आज भी ईवीएम सत्तारूढ़ दल की ही बात मानती है। हमारे डॉ फारुख अब्दुल्ला तो कह ही चुके हैं कि - ईवीएम चोर है। अब जिस मशीन पर चोरी का आरोप लगा हो उसके बारे में ज्यादा क्या कहना? मोदी जी के सामने खड़े बिखरे और कथित रूप से एकजुट विपक्ष कि अगुवाई कर रही कांग्रेस के पास कुल जमा 20 फीसदी वोट भी नहीं है। यानि विपक्ष को मोदी जी को रोकने के लिए पहले तो मोदी जी कि पार्टी के बराबर आना पडेगा और फिर उनसे आगे जाना पडेगा। ये मोदी जी हैं तो मुमकिन नहीं है। बात लम्बी न खींचते हुए मुझे कहना है कि मोदी जी देश के पहले और शायद आखरी ऐसे प्रधानमंत्री हैं या होंगे जो गारंटी के साथ राजनीति करते है। वे किसी महात्मा के नाम की नहीं बल्कि अपने नाम की गारण्टी देकर राजनीति कर रहे है। मोदी जी की गारंटी पर देश के कितने नए-पुराने लोगों को बैंकों से ऋण मिला है, उनकी दुआएं भी मोदी जी के साथ होंगी है। क्योंकि मोदी जी डूबे तो बैंकों का पैसा और तमाम असली, नकली स्टार्टअप भी डूब जायेंगे। देश भी डूबेगा और मोदी जी का देश को दुनिया की पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का ख्वाब भी। ये सब नहीं डूबना चाहिए। देखते हैं आगे-आगे होता है क्या?

### 20मार्च : विश्व गौरैया दिवस

## जलवायु परिवर्तन से गौरैया को खतरा

**गौरैया पर भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिलता है। गौरैया का प्रजनन काल अप्रैल से अगस्त तक अमूमन होता है। जलवायु परिवर्तन की वहज से प्रजनन काल में आगे पीछे भी देखा जा रहा है। बल्कि कई सालों से गौरैया के बच्चे बिहार के कई इलाकों में कम दिखें तो कही नहीं। अमूमन बरसात आते ही झुण्ड में नए बच्चे युवा होकर दिखने लगते हैं। हमारी गौरैया और इनवारमेंटल वारियर्स के सदस्यों ने बिहार के कई इलाकों में सर्वे के दौरान नवम्बर माह में गौरैया के बच्चे को देखा। गौरैया मौसम में उतार चढ़ाव यानि जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखा था। भीषण गरमी और सर्दी ने उन पर कहर बरपाया है, कई इलाकों से यह गायब या कम हो गयी। मौसम में प्रतिकूल मौसम होने से ये अचानक अपने अधिवास से गायब हो जाती है। जैसे ही मौसम अनुकूल हो जाता है ये फिर अचानक से अपने पुराने अधिवास पर आ जाती है। इसके पीछे का कारण उन्हें मालूम होता है कि वहां उनके दाना-पानी और आवास की व्यवस्था है। हालाँकि लौटने वाली गौरैयों की संख्या में कमी देखी जाती है। जाहिर है वे पलायन कर गयी या हादसे का शिकार हो गयी। गौरैया ज्यादा गरमी या ठंड बर्दास्त नहीं कर पाती है। गौरैया संरक्षण में लगे लोगों को अक्सर मौसम की मार से घायल गौरैया मिलती रहती है।**





**संजय कुमार-**
(लेखक : गौरैया संरक्षक है और गौरैया संरक्षण पर तीन पुस्तक लिख चुके हैं)

गौरैया की संख्या में कमी या विलुप्ति के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है, वहीँ एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन भी है। केवल गौरैया ही नहीं, दूसरे पक्षियों को भी इसने प्रभावित किया है। जलवायु परिवर्तन की चपेट में आज लगभग पूरी दुनिया है। इसने सिर्फ इंसानों को ही अपना निशाना नहीं बनाया है। बल्कि, इसका असर जीवों, पेड़-पौधों, और इकोसिस्टम पर भी पड़ रहा है। रिसर्च के मुताबिक पिछले 50 वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन ने दुनिया भर में पक्षियों को प्रभावित किया है। इसकी वजह से पक्षियों के बच्चों की जन्मदर में गिरावट आई है। गौरैया पर भी जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिलता है। गौरैया का प्रजनन काल अप्रैल से अगस्त तक अमूमन होता है। जलवायु परिवर्तन की वहज से प्रजनन काल में आगे पीछे भी देखा जा रहा है। बल्कि कई सालों से गौरैया के बच्चे बिहार के कई इलाकों में कम दिखें तो कही नहीं। अमूमन बरसात आते ही झुण्ड में नए बच्चे युवा होकर दिखने लगते हैं। हमारी गौरैया और इनवारमेंटल वारियर्स के सदस्यों ने बिहार के कई इलाकों में सर्वे के दौरान नवम्बर माह में गौरैया के बच्चे को देखा। गौरैया मौसम में उतार चढ़ाव यानि जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखा था। भीषण गरमी और सर्दी ने उन पर कहर बरपाया है, कई इलाकों से यह गायब या कम हो गयी। मौसम में प्रतिकूल मौसम होने से ये अचानक अपने अधिवास से गायब हो जाती है। जैसे ही मौसम अनुकूल हो जाता है ये फिर अचानक से अपने पुराने अधिवास पर आ जाती है। इसके पीछे का कारण उन्हें मालूम होता है कि वहां उनके दाना-पानी और आवास की व्यवस्था है। हालाँकि लौटने वाली गौरैयों की संख्या में कमी देखी जाती है। जाहिर है वे पलायन कर गयी या हादसे का शिकार हो गयी। गौरैया ज्यादा गरमी या ठंड बर्दास्त नहीं कर पाती है। गौरैया संरक्षण में लगे लोगों को अक्सर मौसम की मार से घायल गौरैया मिलती रहती है, जिसे उपचार के बाद उड़ा दिया जाता है इअक मामलों में उनकी मौत हो जाती है। हर मौसम में जहाँ का जलवायु गौरैया के लिए अनुकूल होता है देर सबेर रहने जरुर आ जाती है। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पनास) में प्रकाशित रिपोर्ट में शोधकताओं ने दुनिया भर में पक्षियों की 104 प्रजातियों पर पिछले 50 वर्षों तक अध्ययन किया है। नतीजे में बताया गया कि जलवायु में आता बदलाव पक्षियों की प्रजनन दर में कमी की वजह बन रहा है। आशंका भी जताई गयी कि प्रजनन दर में आती यह कमी बड़े और प्रवासी पक्षियों को कहीं ज्यादा प्रभावित करेंगे। रिसर्च के मुताबिक अध्ययन किए गए 56.7 फीसदी पक्षियों की प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की गई थी, वजह बढ़ता तापमान था। बात गौरैया कि तो ऑर्निथोलॉजिकल एप्लिकेशन में एक नए अध्ययन से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ गौरैया प्रजातियाँ सदी के भीतर विलुप्त हो जाएँगी। साइनस न्यूज टुडे की 19 अक्तूबर 2021 की रिपोर्ट को देखें तो दुनिया में जैव विविधता (Biodiversity) बेहद तेजी से खत्म हो रही है। हम अपने आसपास के कई जीवों को याद करें, तो पाएंगे कि जो कभी बहुतायत में थे लेकिन वे अब नहीं के बराबर दिखते हैं। इनमें घरेलू गौरैया चिड़िया भी शामिल हैं। नन्ही गौरैया हमारे घर आंगन, खेत-खलिहान में चहचहाती थी लेकिन अब नहीं के बारबर दिखती हैं। घर आँगन एवं खेत-खलिहान में बदलाव हुआ और उसे हमने बाहर कर दिया। रहने-खाने और आवास से उसे दूर किया। मौसम की मार से खपरैल का घर और आँगन-बगीचे में लगे पेड़ पौधे उसे बचाते थे लेकिन अब नहीं। दरअसल, ऐसा केवल हमारे यहां नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। एक रिपोर्टे के मुताबिक धरती पर जीवों की 90 लाख प्रजातियां और इनमें से 10 लाख प्रजातियों के इसी सदी में विलुप्त हो जाने का खतरा है। अक्तूबर 2021 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के 15वें जैव विविधता सम्मेलन (सीओपी15) में इन बातों पर चिंता जताई गई थी। तो वहीँ इंटरनेशनल यूनियन फॉर कॉनसरवेशन ऑफ नेचर(क्वउठ) - ने 2008 में गौरैया सहित कई पक्षियों को रेड लिस्ट में डाला था। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन के कई कारकों को उत्प्रेरक के बताया गया, जिसने दुनिया के आठ में से एक पक्षी को विलुप्त होने के खतरे में डाल दिया। आईयूसीएन के अनुसार पक्षी के ऊपर जलवायु परिवर्तन के कारण भारी दबाव में हैं। अगर बात करें कि जलवायु परिवर्तन आखिर है क्या? तो इससे जानना जरुरी है। जलवायु परिवर्तन का तात्पर्य तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव से है। सूर्य की गतिविधि में बदलाव या बड़े ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण ऐसे बदलाव प्राकृतिक हो सकते हैं। लेकिन इसमें 1800 के दशक से, मानव गतिविधियाँ भी जलवायु परिवर्तन में शामिल हो गयी हैं। मानवीय विकास ने तस्वीर बदली है। मुख्य रूप से कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन के जलने के कारण। जीवाश्म ईंधन जलाने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन उत्पन्न होता है जो पृथ्वी के चारों ओर लिपटे कंबल की तरह काम करता है, जो सूर्य की गर्मी को घेरे में लेता है और तापमान बढ़ाता है। जलवायु परिवर्तन का कारण बनने वाली मुख्य ग्रीनहाउस गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन शामिल हैं। उदाहरण के लिए, ये कार चलाने के लिए गैसोलीन या किसी इमारत को गर्म करने के लिए कोयले का उपयोग करने से आते हैं। भूमि साफ करने और जंगलों को काटने से भी कार्बन डाइऑक्साइड निकल सकता है। कृषि, तेल और गैस संचालन मीथेन उत्सर्जन के प्रमुख स्रोत हैं। ऊर्जा, उद्योग, परिवहन, भवन, कृषि और भूमि उपयोग ग्रीनहाउस गैसों का कारण बनने वाले मुख्य क्षेत्रों में से हैं। जलवायु वैज्ञानिकों की माने तो, पिछले 200 वर्षों में लगभग सभी वैश्विक तापन के लिए मनुष्य जिम्मेदार हैं। मानवीय गतिविधियाँ ग्रीनहाउस गैसों का कारण बन रही हैं जो कम से कम पिछले दो हजार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में दुनिया को तेजी से गर्म कर रही हैं।

## व्यंग्य : फागुन में चंदे की कालिख नहीं वोट का गुलाल लगाइए

**प्रभुनाथ शुक्ल-**

रामखेलावन काका चौपाल पर खैनी ठोकते हुए कहा देखिए! चंदे के फंदे में मत उलझिए यह फागुन है रंग और मस्ती का मौसम है। काहे को काले चंदे से अपना मुँह कला कर रहे हैं। अबकी सब गिले शिकवे भूल कर गले मिल जाइए। रंग उड़ाइए और गुलाल लगाइए। क्योंकि होली में रंगों में रंग मिल जाते हैं और दिल से दिल खिल जाते हैं। फिर आपका काला चंदा कहाँ दिखेगा। फिर देर किस बात की रंग में भंग चढ़ाइए और होली की मस्ती में डूब जाइए। दैव संयोग से इस बार की होली भी कुछ खास होगी। एक तरफ फागुन के रंग होंगे दूसरी तरफ चुनावी रंग। दोनों रंग जब एक साथ मिलेंगे तो नया रंग बनेगा। आजकल राजनीति और राजनेता रंगीन हो चले हैं। क्योंकि यह चुनावों का मौसम है। वे गिरगिट से भी तेज रंग बदलने लगे हैं। फिर फागुन में हम चंदे की कालीख से अपना मुँह क्यों काला करने पर तुले हैं। रामगोपाल ने अखबार में छपी चुनावी चंदे की खबर पर रामखेलावन काका को आखिरकार छेड़ ही दिया। काका आजकल चंदे की खूब चर्चा है। अरे भईया! यह सब राजनीति का खेल है। हमारे झोपडी में जो वोट माँगने आएंगे वहीं चंदा भी मांगते हैं। चुनावी बांड का मतलब कानूनी घूस है। पहले यह घूस खुले आम चोरी-चोरी चुपके-चुपके लिए जाते थे लेकिन बाद में इस पर चुनावी बांड का कानूनी लिफाफा चढ़ा दिया गया। जो कल तक कालेधन को कानूनी तरीके से सफेद कर नेताजी और उनकी पार्टी को चुनावी चंदा के रूप में दे रहे थे। वे ही कालेधन को बांड के जरिए सफेद करने में लगे थे। लेकिन भला हो कोरट का जिसने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। देखिए! रामगोपाल जी, वैसे भी हमारे देश में चंदा एक धंधा और अपन लोगों का जन्मसिद्ध अधिकार है। यह एक ऐसा धंधा है जो कभी मंदा नहीं पड़ता। हम चंदे के लिए जीते हैं और चंदे के लिए मरते हैं। हमारे यहाँ जीतने भी काम होते हैं बगैर चंदे के नहीं होते हैं। चंदा मांगना एक लोकतांत्रिक अधिकार है। हम लोग भी चंदा मांगते आए हैं। अब देखिए, होली का त्यौहार करीब है। अपने मोहल्ले में चंदे वाले गिरोह फनफनाने लगे हैं। चंदा हमारी जिंदगी का एक फंडा बन गया है। अब जिसकी जीतनी औकात है चंदा उसी के हिसाब से मिलता है। कभी -कभी चंदा देने वाले से अहम चंदा लेने वाला हो जता है। हम चंदा के लिए मरते और चंदा के लिए जीते हैं। चंदा हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा है। फिर चंदे की बात छोड़िए, अब यह बात पुरानी है। नए दौर की राजनीति में आओ फिर से लिखे नई कहानी हम। बुरा न मानो होली है, हम चुनावों में हमजोली हैं।

# लोस चुनावः उत्तर प्रदेश की 48 सीटों पर हैट्रिक लगाने का भाजपा का है लक्ष्य

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 48 पर भाजपा हैट्रिक लगाने के लिए प्रयासरत है। नौ सीटें ऐसी हैं, जहां वह तीन बार और इससे ज्यादा बार से जीतती आ रही है। विपक्ष भी पिछले चुनाव में जीती सीटों की गिनती बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की आंधी में विपक्ष का तंबू उखड़ गया था। उसकी झोली में मात्र 07 सीटें आई थीं। वर्ष 2019 के चुनाव में विपक्ष 16 सीटें जीतने में कामयाब रहा। इस बार प्रदेश में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा-रालोद ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सपा-बसपा ने अपनी विचारधारा और रीति-नीति से हटकर मजबूरी में गठबंधन किया। हालांकि वो भाजपा के विजय रथ को पूरी तरह रोक नहीं पाया। सपा को 5, बसपा को 10 सीटें मिलीं, तो वहीं रालोद के हाथ खाली ही रह गये। कांग्रेस अकेले मैदान में उतरी थी। उसके हिस्से में एक मात्र रायबरेली सीट आई। उसके बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी की पुश्तैनी सीट भाजपा के हाथों गंवा बैठे। राज्य में 56 सीटें ऐसी थीं जहां भाजपा ने लगातार वर्ष 2014 एवं 2019 में जीत दर्ज की। वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, आंवला और बांसगांव सीट पर भाजपा ने लगातार तीन चुनाव (2009, 2014 और 2019) जीते हैं। यहां वो चौथी बार जीत की तैयारियों में जुटी है। पीलीभीत सीट 2004 से भाजपा के खाते में हैं। गोरखपुर लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो भाजपा यहां लगातार पिछले तीन दशक से इस पर जीत दर्ज करती आ रही है। वहीं लखनऊ सीट पर भी भाजपा पिछले ढाई-तीन दशक से जीत दर्ज कर रही है। पिछले चुनाव में इन सीटों पर हारी भाजपा पिछले चुनाव में भाजपा 16 सीटें गंवा दी थी। इनमें गाजीपुर, लालगंज, नगीना, रायबरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, अंबेडकरनगर, घोसी, सहारनपुर, श्रावस्ती, जौनपुर, मैनपुरी, सम्भल, आजमगढ़ और रामपुर थीं। वर्ष 2022 में रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी सीटों में इजाफा किया। वर्ष 2014 के आम चुनाव में भाजपा रायबरेली, अमेठी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, कन्नौज और आजमगढ़ सीटों पर विजय पताका नहीं फहरा पाई थी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक 2024 के आम चुनाव में भाजपा के रणनीतिकारों ने पिछले चुनाव में हारी हुई सीटों को जीतने पर ध्यान केंद्रित किया है। साथ ही 48 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए भी सारे गुणा-भाग और समीकरण सेट किये हैं। एनडीए के कुनबे का विस्तार भाजपा ने इस बार उत्तर प्रदेश में पश्चिम से पूर्वांचल तक एनडीए के कुनबे का विस्तार अपनी जीत को बड़ा बनाने के लिए किया है। भाजपा इस बार 74 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। छह सीटें उसने अपने सहयोगी दलों रालोद (02 सीट), निषाद पार्टी (01 सीट), सुभासपा (01 सीट) और अपना दल सोनेलाल (02 सीट) को दी हैं। असल में भाजपा इस बार कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं दिखती। वो एक-एक सीट पर चिंतन-मंथन और समीकरणों के हिसाब से उम्मीदवार उतारकर 2014 के अपने ही रिकार्ड को तोड़ना चाहती है। फूंक-फूंक कर कदम रख रही भाजपा पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में भाजपा ने प्रदेश में 51 उम्मीदवारों का ऐलान किया। पार्टी ने 47 पुराने चेहरों को रिपीट किया, केवल चार सीटों पर नए उम्मीदवार उतारे हैं। प्रदेश की जिन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान होना बाकी है, उनमें ज्यादातर वो सीटें हैं, जिन पर पिछली बार पार्टी को निराशा हाथ लगी थी। सूत्रों के अनुसार इन सीटों पर विपक्षी दलों की रणनीति और चाल पर पार्टी की नजर है। इसके अलावा जीत के समीकरणों और अन्य बिंदुओं पर चिंतन-मंथन से उम्मीदवारों के ऐलान में देरी हो रही है। इन सीटों पर हैट्रिक की तैयारी बरेली, शाहजहांपुर, कैसरगंज, खीरी, भदोही, सीतापुर, मिश्रिख, हरदोई, मोहनलालगंज, उन्नाव, सुल्तानपुर, अकबरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, फतेहपुर सीकरी, बहराइच, गोंडा, बस्ती, डुमरियागंज, महाराजगंज, गौतमबुद्ध नगर, सलेमपुर, देवरिया, बलिया, मछलीशहर, चंदौली, फूलपुर, प्रयागराज, संतकबीर नगर, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर, झांसी, जालौन, धौरहरा, कानपुर, इटावा, फर्रूखाबाद, कुशीनगर, एटा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, बुलंदशहर, कौशाम्बी, बागपत, मुजफ्फरनगर और कैराना पर हैट्रिक की तैयारी पार्टी कर रही है। वाराणसी, लखनऊ, आंवला, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बांसगांव और पीलीभीत पर भाजपा तीन या उससे ज्यादा बार जीत चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रयागराज में युवक की हथियार से प्रहार कर हत्या की गई

गंगा नगर के उतरांव थाना अंतर्गत मोतिहा गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक की अज्ञात हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। उतरांव थाना के एसएचओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आज सुबह साढ़े छह बजे पुलिस को मोतिहा गांव में रंजीत कुमार कुशवाहा (30) की हत्या कर शव फेंके जाने की सूचना मिली। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास एक मोटरसाइकिल भी पड़ी मिली। शव के सिर में पीछे चोट का निशान है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह हत्या का मामला है, लेकिन हत्या गोली मारकर की गई या किसी अन्य हथियार से, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा। त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस इस मामले में ग्रामीणों से पूछताछ कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है।

### यूपी के नए प्रमुख सचिव गृह बने दीपक कुमार, आयोग ने दी हरी झंडी

चुनाव आयोग के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाने के आदेश के बाद गृह विभाग की जिम्मेदारी 1990 बैच के आईएएस दीपक कुमार को मिली है। आयोग ने उनके नाम पर हरी झंडी दे दी है। दरअसल, चुनाव आयोग ने उन सभी राज्यों में गृह सचिवों को हटा दिया था, जिनके पास सीएम कार्यालय की भी कोई जिम्मेदारी थी। इसके साथ ही यूपी में भी संजय प्रसाद से प्रमुख सचिव गृह का चार्ज ले लिया गया और गृह विभाग का चार्ज स्वतः ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के पास चला गया था। आईएएस दीपक कुमार के पास बेसिक शिक्षा और वित्त विभाग का चार्ज है। उनकी बेदाग छवि के कारण उनके नाम पर चुनाव आयोग ने मुहर लगाई है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों गुजरात, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गृह सचिव को हटाने के आदेश जारी किए थे। चुनाव आयोग के अनुसार, सातों राज्यों के गृह सचिवों के पास सीएम दफ्तर में अन्य चार्ज भी था, इसलिए निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए गृह सचिव को हटाना जरूरी था।

### उत्तर प्रदेश में वांछित आरोपी की हिरासत में मौत, दो अज्ञात महिला कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज

प्रतापगढ़ जिले के सांगीपुर क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित आरोपी की हिरासत में मौत होने के मामले में दो अज्ञात महिला कांस्टेबल के खिलाफ हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ के गोमती नगर थाने में दर्ज एक मुकदमे में वांछित लखहरा गांव के निवासी अजय सिंह को रविवार शाम पुलिस विशेष कार्यबल की एक टीम घर से हिरासत में लेकर जा रही थी। उन्होंने बताया कि रास्ते में अचानक तबीयत खराब होने के कारण अजय को लालगंज के स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। राय ने बताया कि पुलिस ने मृतक की बेटी जाह्नवी की तहरीर पर दो अज्ञात महिला कांस्टेबल तथा अन्य के विरुद्ध हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि पुलिसकर्मियों ने बुरी तरह पिटाई की, जिसके बाद अजय सिंह की मौत हो गई।

### निशान शोभा यात्रा में श्रद्धालु उमड़े

शहर में मंगलवार को ठाकुरद्वारा मंदिर से निशान शोभा यात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्री खाटू श्याम कुटुंब सेवा परिवार की ओर से बुधवार को फाल्गुन महोत्सव और एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव से पहले निशान शोभा यात्रा निकाली गई। बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर प्रेमचंद गुप्ता ने शोभा-यात्रा का शुभारंभ किया।

### महिला को घर में खींचकर अभद्रता

ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने बताया कि 17 मार्च की रात पड़ोस में रहने वाला युवक हाथ पकड़कर उसे अपने घर में खींचकर ले गया। वहां उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। उसके शोर मचाने पर अभद्रता करने लगा। वहीं, जब मोहल्ले के लोग बचाने आए तो उन्हें भी गोली मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस जांच कर रही है।

## स्योहारा थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित



- भाईचारे और शांति से मनाये होली का पर्वःउपजिलाधिकारी
- त्योहार पर रंग में भंग डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः एस.पी. पूर्वी

**प्रात : किरण संवाददाता**

स्योहारा। होली के पर्व को शांति व्यवस्था के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना स्योहारा प्रांगण में थाना प्रभारी जीत सिंह ने अमन कमेटी का पुनः आयोजन कराया। इससे पहले 10 मार्च को भी अमन कमेटी की एक बैठक आयोजित करा चुके हैं। आज की शांति समिति की मीटिंग उप जिलाधिकारी रितु रानी की अध्यक्षता तथा पत्रकार इकबाल रूमानी के संचालन में सम्पन्न हुई मीटिंग में एसपी पूर्वी मुख्य अतिथि रहे ।एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व एसडीएम रितु रानी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने अपने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी धर्मों के लोगो तथा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही कानून व्यवस्था बनाई जाती है और भाईचारा कायम कराया जाता है उन्होंने विश्वास जताया कि हर साल की तरह इस बार भी यहां की जनता होली के रंग का जुलूस आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराएगी ।वहीं दूसरी ओर अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी ने भी रंग में भंग डालकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी जिसको वे हमेशा याद रखेंगे। अमन कमेटी की मीटिंग में उपस्थित हुए व्यक्तियों ने भी शासन प्रशासन को होली और अन्य त्योहारो पर भी पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर शहरी इमाम मौलाना मौहम्मद कामिल, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मनोज कुमार वर्मा व्यपारी व भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विनीत देवरा, विजेंद्र सिंह पाल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका , मौलाना अरशद हक्की, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, महफूज गाजी, उज्जवल चौहान ब्लॉक प्रमुख, शेंकि रस्तौगी, पंकुल रस्तौगी, संदीप शर्मा, पीयूष रस्तौगी, प्रियांशु वर्मा,अमित शर्मा, नीतू जोशी,राजपाल सिंह प्रजापति ,राजवीर त्यागी, मोनू विकास,शैलेन्द्र बब्बू,सुफियान अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति तथा उप निरीक्षकगण एवं पुलिसकर्मी स्टाफ मौजूद रहे। अंत में थाना प्रभारी निरीक्षा जीत सिंह मीटिंग में उपस्थित होने के लिए सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

## मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ के बीच दम घुटने से एक श्रद्धालु की मौत



**मथुरा, एजेंसी**

मथुरा के वृंदावन में स्थित ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में मंगलवार को दर्शन करने पहुंचे मुंबई के निवासी एक व्यक्ति की कथित रूप से भीड़ में दम घुटने के कारण मंदिर के बाहर मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद चिकित्सकों के दल ने उसके इलाज का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। चिकित्सकों ने दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की बात कही है। चिकित्सा विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया टीम के प्रभारी डॉक्टर भूदेव प्रसाद ने बताया कि वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे मुंबई के साई कोलीवाड़ा की कर्मक्षेत्र बिल्डिंग में रहने वाले सुनील मांगो (68) को मंदिर के अंदर भीड़ में सांस लेने में दिक्कत हुई थी जिसके बाद वह मंदिर के द्वार (संख्या एक) से बाहर निकल आए थे। मांगो के साथ आईं प्रमिला कन्नौजिया ने बताया कि वह 40 लोगों के दल के साथ मुंबई से रविवार को ब्रज दर्शन पर वृंदावन आए थे, वे लोई बाजार में स्थित बसंती धर्मशाला में ठहरे थे, मंगलवार को वे सभी बिहारी जी मंदिर में दर्शन करने गए थे, तभी यह हादसा पेश आया। मांगो सेवानिवृत्त बैंककर्मी थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि श्रद्धालु की मौत मंदिर के अंदर नहीं, बाहर चबूतरे पर विश्राम करते वक्त हुई है। पुलिसकर्मी उन्हें एंबुलेंस में संयुक्त जिला अस्पताल ले गए थे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## गाजियाबाद में कपड़ों के वेयर हाउस में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**गाजियाबाद, एजेंसी**

गाजियाबाद के शाही एनक्लेव सिटी फॉरेस्ट के पास कपड़ों के एक गोदाम में बीती रात भीषण आग लग गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल इस घटना में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। फायर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 18 मार्च की रात करीब 11.15 बजे फायर स्टेशन कोतवाली पर सूचना मिली थी कि ए-1 शाही एनक्लेव सिटी फॉरेस्ट के सामने वेस्टिज कपड़े के गोदाम में आग लगी है। इसकी सूचना पर एफएसओ सहित 4 फायर टैंकर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए, इसके बाद एक और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को वैशाली फायर स्टेशन से भेजा गया। टीम ने मौके पर पहुंच कर देखा कि पुराने कपड़ों की कतरन के गोदाम में आग लगी हुई है। फायर सर्विस यूनिट ने शीघ्रता से होज पाईप लाईन बिझाकर आग बुझाना शुरू किया। फायर सर्विस यूनिट ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से बुझा लिया। विभाग ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने देखा कि आग काफी भीषण है और बड़े दायरे में फैली हुई है। इसलिए वैशाली फायर स्टेशन से तुरंत एक गाड़ी मौके पर रवाना की गई। ग पर काबू पा लिया गया और उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

## ससुराल में फांसी के फंदे पर मिला युवती का शव, उग्र परिजनों ने सास-ससुर को जिंदा जलाया

**प्रयागराज, एजेंसी**



प्रयागराज से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नवविवाहित महिला का शव अपने ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। इसके बाद महिला के परिजन उसके ससुराल पहुंचे और उसके घर को आग के हवाले कर दिया, जिसमें महिला के सास-ससुर की जिंदा जलकर मौत हो गई। सभी तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घर के आसपास शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसबलों को तैनात किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना सोमवार देर रात हुई, जब अंशिका केसरवानी का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। अंशिका की मुट्ठीगंज के रहने वाले एक व्यापारी से शादी हुई थी। अंशिका के परिजनों को जैसे ही उसकी मौत की खबर लगी, वो कई लोगों को अपने साथ लेकर उसके ससुराल पहुंचे और इसके बाद दोनों पक्षों में भयंकर युद्ध हुआ। अंशिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया और यह भी कहा कि वो लोग उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अंशिका के परिजनों ने उसके ससुराल वालों को घर में बंद कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। प्रयागराज डीसीपी (सिटी) दीपक भूकर ने कहा, ह्लपुलिस को सोमवार देर रात फोन आया था, जिसमें कहा गया था कि अंशिका नाम की एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। अंशिका के परिजन और ससुराल वाले दोनों घटनास्थल पर मौजूद हैं। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों पक्ष आपस में झगड़ते हुए दिखे। इसके बाद अंशिका के परिजनों ने उसके ससुराल वालों के घर को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग की गाड़ियों को मौके पर भेजा, जिसके बाद पांच लोगों को बचा लिया गया। आग बुझने के बाद राजेंद्र केसरवानी और शोभा देवी का शव बरामद हुआ।

## अमेठी के एक गांव में सड़क नहीं बनने के विरोध में मतदान के बहिष्कार का ऐलान

**अमेठी , एजेंसी**




अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैंलिखा है। जिला प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है तथा समस्या का समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। उन्होंने कहा हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गांव में जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है और तो और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना भी इस गांव तक नहीं पहुंची है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। गांव के एक अन्य निवासी राम अभिलाष ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक इस गांव का विकास ही नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग अपने जनप्रतिनिधियों से लगातार शिकायत करते रहे मगर किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा ह्यह्ललगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है। ह्यह्लजांच के बाद समस्या के समाधान का पूरा प्रयास किया जाएगा। कुछ सीमित समय को छोड़ दिया जाए तो अमेठी की जनता लगातार कांग्रेस उम्मीदवारों को ही चुनती रही है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी वर्ष 1980 में अमेठी लोकसभा सीट से सांसद चुने गये थे। उनके निधन के बाद हुए उपचुनाव में इंदिरा के बड़े बेटे राजीव गांधी ने इस सीट से दो लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। राजीव इस सीट से 1984, 1989 और 1991 में भी जीते थे। उनके बेटे राहुल गांधी वर्ष 2004 से 2019 तक अमेठी से ही सांसद रहे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल को हराने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पांच साल का कार्यकाल भी बीत गया है। पिछले हफ्ते संग्रामपुर विकासखंड के भवानीपुर गांव के लोगों ने भी ह्यरोड नहीं तो वोट नहींह्ल का बैनर लगाया था। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन देकर नाराज लोगों को शांत कराया था।

## मरीजों को सीरम न लगाने के मामले में सीएमओ से शिकायत

**गाजियाबाद, एजेंसी**

सरकारी अस्पताल में कुत्ता काटने वाले गंभीर मरीजों को सीरम की नहीं लगाया जा रहा है। मामले को लेकर ईएनटी सर्जन डॉ बीपी त्यागी मंगलवार को सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर से उनके कार्यालय में मिले और इसकी शिकायत की। उन्होंने सीएमओ को बताया कि एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में सीरम उपलब्ध नहीं है। कुछ दिन पहले एमएमजी अस्पताल में एक बच्चे को सीरम नहीं लगाया गया। जब वह उनके पास आया को उन्होंने इस मरीज को निशुल्क सीरम लगाया। मरीज ने बताया कि वह एमएमजी और संयुक्त दोनों अस्पतालों में गया था लेकिन कहीं भी सीरम नहीं लगाया गया। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उनको अवगत कराया कि एमएमजी औस संयुक्त अस्पताल में सीरम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। संबंधित डॉक्टर द्वारा मरीज की जांच की गई तो उसको सीरम लगाने की जरूरत नहीं थी। अगर किसी भी मरीज को सीरम लगाने की आवश्यकता पड़ती है तो उसको लगाया जाएगा। सीरम की कमी नहीं है। इसके बावजूद वह सभी अस्पतालों को निर्देश जारी करेंगे कि कुत्ता या बंदर काटने वाले गंभीर मरीजों को एंटी रेबीज सीरम जरूर लगाया जाए।

## सीबीएसई 12 वीं की जीव विज्ञान परीक्षा में कई प्रश्न रहे लंबे और कठिन



**गाजियाबाद, एजेंसी**

सीबीएसई 12वीं की जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में कई प्रश्न लंबे और कठिन रहे, जिन्हें करने में थोड़ा समय लगा। इससे छात्रों का टाईम मैनेजमेंट गड़बड़ा गया और अंत में जल्दबाजी में परीक्षा पूरी करनी पड़ी। हालांकि परीक्षा देने वाले छात्रों ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के स्तर को सामान्य बताया। जिले में मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 12वीं के छात्रों ने जीव विज्ञान (बायोलॉजी) की परीक्षा दी। परीक्षा देने वाले कई छात्रों पेपर को कठिन तो कई छात्रों ने मध्यम स्तर का बताया। हालांकि सभी प्रश्न पाठ्यक्रम से ही पूछे गए। कमला नेहरु नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय से परीक्षा देकर निकले छात्र प्रियांशु ने बताया कि आलोचनात्मक सोच और अवधारणाओं पर आधारित प्रश्नों को समझकर हल करने में ज्यादा समय लगा। छात्रा मोनिका ने बताया कि केस स्टडीज के प्रश्न थोड़े क्लियर नहीं थे। वहीं कुछ छात्रों ने कहा कि जिसने अच्छी तैयारी की होगी उसके लिए परीक्षा सामान्य रही, हालांकि पेपर को करने में समय ज्यादा लगा। छात्रा देवांशी ने भी पेपर को लंबा बताया। उन्होंने कहा कि लघुउत्तरीय प्रश्न बड़े ही होते हैं, लेकिन इन्हें करने में जरूरत से ज्यादा समय लगा, जिसके चलते अन्य प्रश्नों को समय नहीं दे पाए और अंत में जल्दी-जल्दी पेपर पूरा करना पड़ा ताकि प्रश्न छूट ना जाएं। वहीं छात्र प्रत्यूष ने कहा कि पेपर सामान्य रहा। गौरतलब है कि जिले में 47 केंद्रों पर 15 फरवरी से सीबीएसई परीक्षाएं चल रही हैं। अब बुधवार को 12वीं की टूरिज्म, एयर-कंडीशिनिंग एंड रेफ्रिजरेशन और सेल्समैनशिप की अतिरिक्त विषयों की परीक्षाएं होंगी।

## निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले के दूसरे चरण में भी पहुंची अभिभावकों की भीड़




**गाजियाबाद, एजेंसी**

निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू हो गया। विजय नगर रामलीला मैदान में आयोजित मेले का उद्घाटन विजय नगर के पुलिस उपनिरीक्षक प्रेम सिंह ने किया। इस दौरान हजारों अभिभावकों और छात्रों ने मेले में शामिल होकर अपनी किताबें देकर अगली कक्षा की किताबें लेकर आदान-प्रदान किया। निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन गाजियाबाद अभिभावक संघ की तरफ से किया जा रहा है, जिसमें भाग लेकर हर साल बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों की नई किताबें खरीदने पर होने वाले खर्च से बच जाते हैं। इसके अलावा कई अभिभावक स्वेच्छा से किताबें, कॉपी, ड्रैस, स्कूल बैग दान भी करते हैं जिन्हें गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क दे दिया जाता है। संस्था की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि इस मेले का मकसद अभिभावकों को आर्थिक लाभ देने के साथ पर्यावरण को बचाना है। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने की मांगः जीपीए ने सरकार ने एक बार फिर देशभर के सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने की मांग की है, ताकि किसी भी अभिभावक पर निजी स्कूलों द्वारा अधिक दामों पर निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के दबाब पर लगाम लग सके।

## युवती के शव मामले को सुलझाने में पुलिस उलझी

**गाजियाबाद, एजेंसी**



निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर के जंगल में मिले युवती के शव मामले की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस ही उलझती जा रही। पुलिस को शक है कि शव एक गांव से लापता युवती का है, जबकि परिजन इससे इनकार कर रहे हैं। अब पुलिस डीएनए कराने की तैयारी कर रही है। बता दें कि तीन दिन पहले गांव शेरपुर के जंगल में एक युवती का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। तीन दिन बीत जाने के बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उधर, एक गांव से एक सप्ताह पहले युवती लापता हुई थी, उसका भी पता नहीं चला है। पुलिस को शक है कि यह शव उसी युवती का हो सकता है, जो लापता हुई है। वहीं, परिजन इस बात से इनकार कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अब शव और लापता हुई युवती के परिजनों का डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है, जिससे इस मामले में स्थिति स्पष्ट हो सके। पुलिस को शक है कि युवती की हत्या कर शव को गांव शेरपुर के जंगल में फेंका गया है। पुलिस इसके साथ अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। एसीपी कहना है कि शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस हर पहलु को ध्यान में रखकर पड़ताल कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने किया आचार संहिता का उल्लंघन, कार्रवाई करें

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा कि ऋतु खंडूरी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत चुनाव आयोग से की है। उन्होंने कहा है कि पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी की कोटद्वार रैली में भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान के लिए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी उनके प्रचार वाहन पर मौजूद रही। यह लोकसभा चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहने के दौरान किसी भी राजनीतिक पार्टी के पक्ष में चुनावी प्रचार नहीं किया जा सकता। यह चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन है। भाजपा, उनके प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

### हल्द्वानी की सड़कों पर मौत का सफर, फौजी की मौत

**नैनीताल , एजेंसी।** रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार मूल रूप से नाचनी पिथौरागढ़ निवासी फौजी की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार मूल रूप से नाचनी पिथौरागढ़ निवासी फौजी की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। टीपी नगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे दिल्ली का कैंटर सामान छोड़कर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। मुखानी हल्द्वानी निवासी फौजी ललित सिंह (40) पुत्र प्रताप सिंह स्कूटी से रुद्रपुर से अपने घर मुखानी आ रहे थे। टांडा बैरियर के पास कैंटर और स्कूटी में टक्कर हो गई जिससे ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि कैंटर चालक उत्तम नगर दिल्ली निवासी जवाहर सिंह को पुलिस ने पकड़ लिया है। कैंटर टांडा चौकी में खड़ा करा दिया है। बताया कि मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी ललित सिंह महार रेजिमेंट दिल्ली में तैनात थे। उनके दो बच्चे हैं। वह दो दिन पहले ही छुट्टी पर आए थे। सूचना पर परिजन सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच गए हैं।

### निकाय चुनाव में 32,2285 मतदाता करेंगे मतदान

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** जिले में इस बार 32,2285 मतदाता अगामी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। जिला पंचस्थानी कार्यालय भीमताल की ओर से नगर निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के साथ पुरुष और महिला मतदाताओं की तस्वीर भी साफ हो गई है। नगर निकाय हल्द्वानी-काठगोदाम में महिला 114930, पुरुष 119318 कुल 234330 मतदाता, नगर पालिका परिषद नैनीताल में महिला 11372, पुरुष 11757 कुल 23130 मतदाता, नगर पालिका भवाली में महिला 2863, पुरुष 2915 कुल 5779 मतदाता, नगर पालिका रामनगर में महिला 17177, पुरुष 18288, कुल 35480 मतदाता, नगर पंचायत भीमताल में महिला 4606, पुरुष 4938, कुल 9544 मतदाता, नगर पंचायत कालाढूंगी में महिला 4129, पुरुष 4333 कुल 8465 मतदाता, नगर पंचायत लालकुआं में महिला 2545, पुरुष 3009 और कुल मतदाता 5557 शामिल है। जिले में कुल महिला 157622, पुरुष 164558 और कुल मतदाता 322285 शामिल है।

### खेलों में लगने वाली चोट और पुनर्वास पर की चर्चा

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का हर्मिटेज भवन में शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी एंड हेल्थ केयर दिल्ली के निदेशक डॉ. रमनदीप कौर ने विभिन्न खेलों से संबंधित लगने वाली चोट तथा पुनर्वास पर चर्चा कर प्राथमिक इलाज से संबंधित उपकरणों की जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. डीएस रावत ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेकर पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ओलंपियन मनीष रावत तथा अंतराष्ट्रीय धावक सुरेश पांडेय ने उत्तराखंड में पहली बार आयोजित इस तरह की कार्यशाला के लिए आयोजकों को बधाई दी।

### बंदरों का आतंक तो रात में तेंदुए की दस्तक ने डराया

**नैनीताल, एजेंसी।** जंगली जानवरों की दस्तक से लोगों में दहशत है। दिन में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं तो रात में आवासीय क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक लोगों को डरा रही है। हालांकि वन विभाग की ओर से गश्त भी की जा रही है और पिंजरे लगाकर बंदरों को पकड़ा भी जा रहा है लेकिन इसके बाद भी समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हो रहा है।

# रामपुर तिराहा कांड : मुलायम सरकार के दबाव में नहीं झुके थे सीबीआई अधिकारी





**नैनीताल, एजेंसी।** रामपुर तिराहे पर उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार के विरोध में सुनवाई होने के बाद सीबीआई ने बिहार सीबाआई में तैनात निर्मल ढौंडियाल को जांच सौंपी। उन्होंने ही अपनी रिपोर्ट में महिलाओं पर हुए अत्याचार को उजागर किया था।

रामपुर तिराहे पर उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार के विरोध में सुनवाई नहीं होने पर जब उत्तराखंडियों के स्वर बुलंद हुए तब हाईकोर्ट ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। तत्कालीन मुलायम सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच की सिफारिश तो कर दी लेकिन इस जांच को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजतन, सीबीआई की पहली जांच सत्य से परे आई, जिसका विरोध हुआ। इस पर सीबीआई ने बिहार सीबाआई में तैनात निर्मल ढौंडियाल को जांच सौंपी। उन्होंने ही अपनी रिपोर्ट में महिलाओं पर हुए अत्याचार को उजागर किया था। देहरादून के बसंत विहार में रहने वाले निर्मल ढौंडियाल का पिछले दिनों ही निधन हो गया है।

गढ़वाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्व एचओडी और वरिष्ठ पत्रकार आशा राम डंगवाल ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि 1951 में नरेंद्र नगर टिहरी में जन्मे निर्मल ने आईपीएस के लिए चयनित होने के बाद 1988 से 1997 तक सीबीआई में सेवाएं दी थीं। 30 अप्रैल 2012 को वह एडीजीपी बिहार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्मल चंद्र ने उत्तराखंड आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार की जांच के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की धमकियों और प्रलोभनों की परवाह न करते हुए मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा कांड के सत्य को अपनी जांच में उजागर करने के साथ ही पुष्टि भी की थी कि महिला आंदोलनकारियों के साथ अभद्रता और दुराचार हुआ। इस रिपोर्ट के आधार पर ही मुख्य रूप से दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए जिसमें से एक पर फैसला 18 मार्च को आया है। अन्य मुकदमों पर अभी सुनवाई जारी है।

#### बोले राज्य आंदोलनकारी

दो सिपाहियों को सजा सुना देने से राज्य आंदोलन के शहीदों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। असल गुनहगारों को सजा होनी चाहिए थी। सिंह कुंवर, प्रमुख राज्य आंदोलनकारी, हल्द्वानी। निहत्थे आंदोलनकारियों मारा गया, जिन अधिकारियों ने गोली कांड का आदेश दिया, जिनके इशारे पर इतना बड़ा कांड हुआ, उनका सजा का नंबर अब तक नहीं आने से हम निराश हैं।

#### नेताओं को भी दंड मिलने की उम्मीद जगी

**नैनीताल।** रामपुर तिराहा कांड में दोषी पीएसी के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने न्यायालय के फैसले की सराहना की है।

राज्य आंदोलन के दौरान दो अक्तूबर 1994 को चर्चित रामपुर तिराहा कांड में दोषी पीएसी के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने न्यायालय के फैसले की सराहना की है। राज्य आंदोलनकारी विजय भट्ट ने बताया कि आंदोलन के समय उन्हें भी बरेली के नवाबगंज में रखा गया था। जो अधिकारी और नेता इस कांड में लिप्त थे, उन्हें भी जल्द सजा मिले।

# होली आई रे होली आई...पर झूमे होल्यार



**काशीपुर, एजेंसी।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की ओर से रामनगर रोड स्थित एक होटल में आयोजित होली मिलन समारोह में कलाकारों ने होली के गीतों पर नृत्य किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों ने होली गीत, भजन, चुटकुले आदि की प्रस्तुत दी। कलाकारों ने होली आई रे होली आई..., रंग मारो पिचकारी... आदि के गीतों पर नृत्य किया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देने वालों में समिति अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, इंदुमान, भास्कर त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रह

## सार्वजनिक पार्क है या नशेड़ियों का अड्डा

**काशीपुर, एजेंसी।** सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्र में दर्जनों छोटे-बड़े पार्क का निर्माण कराया गया है लेकिन कहीं लोग निजी प्रयोग में ले रहे हैं तो कहीं नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है। नेशनल हाइवे रामनगर रोड स्थित एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय से सटा पार्क देखरेख के अभाव में नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। दिनभर नशेड़ी यहां पर नशे करते देखे जा सकते हैं। पार्क में जगह-जगह नशे की सामग्री पड़ी रहती है, वहीं पार्क का मुख्य गेट भी कई महीने पहले टूट चुका है। जिससे आवारा गाय, कुत्ते आदि घुसकर गंदगी कर देते हैं। वहीं पार्क के आगे कुछ लोगों ने अतिक्रमण अपना रोजगार शुरू कर दिया है। जिसके चलते पार्क की सुंदरता सड़क से नजर नहीं आती है। वहीं पार्क में लाइटिंग व्यवस्था नहीं होने से शाम ढहलने के बाद इसमें कोई जाना पसंद भी नहीं करता है। ऐसे में इसका उपयोग अराजक तत्व व नशेड़ी ही करते हैं।

अराजक तत्वों व नशेड़ियों के चलते आमजन ने पार्क में आना-जाना बंद कर दिया है। शुरू-शुरू में लोग सुबह शाम पार्क में टहलने और योगा करने के लिए आते थे। जब से पार्क में अराजक लोगों की आवाजाही बड़ी है तब से आम आदमी ने यहां आना बंद कर दिया है।

सरकारी अस्पताल के मुख्य गेट के पास पार्क बनाने का उद्देश्य था कि अस्पताल आने वाले रोगियों के तीमारदारों को बैठने के लिए एक अच्छा स्थान मिलेगा, लेकिन पार्क में रात के समय लाइटिंग व्यवस्था नहीं होने से तीमारदार इधर-उधर बैठ जाते हैं, पार्क में जाना पसंद नहीं करते हैं।

## महिलाओं ने होली के जुलूस में रचा स्वांग



**नैनीताल, एजेंसी।** श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित 28वें फागोत्सव 2024 के अंतर्गत महिला होली दलों की ओर से सोमवार को होली जुलूस निकाला गया और स्वांग दिखाए गए। इससे पहले मुख्य अतिथि ईओ राहुल आनंद, संस्था के अध्यक्ष मनोज शाह, सरस्वती खेतवाल, मंजू तिवाड़ी, खष्टी बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर फागोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

सोमवार को महिला होल्यारों ने तल्लीताल धर्मशाला से स्वांग एवं होली जुलूस निकाला, जो मल्लीताल रामसेवक सभा प्रांगण में संपन्न हुआ। यहां जीवन वर्षा कला संगम समिति बेतालघाट, मां का आशीर्वाद, जय ईस्ट होली ग्रुप जज फार्म हल्द्वानी, मधुबन महिला होली टीम हल्द्वानी, गौड़ धरा महिला सेवा समिति हल्द्वानी, जीवन वर्षा कला समिति गरमपानी, प्रगति महिला होली दल लालडांट हल्द्वानी, पर्वतीय सांस्कृतिक कला मंच हल्द्वानी, मां नंदा सुनंदा होली समिति भवाली, ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस भवाली, महिला होली दल कृष्णापुर के होली दलों की ओर से होली गायन किया गया।

# एशिया के सबसे बड़े सेब बागान में ट्यूलिप गार्डन की रंगत, फलों की बहार से पहले इन खास फूलों का दीदार कर सकेंगे सैलानी



**रानीखेत, एजेंसी।** एशिया के सबसे बड़े चौबटिया सेब बागान में ट्यूलिप गार्डन अब पूरी रंगत में आ गया है। करीब 235 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस बागान के बीचोंबीच इन दिनों बारी बारी खिल रही हालैंड व डेनमार्क की लगभग 12 प्रजातियां सैलानियों को आकर्षित करने लगी हैं। सात रंगों वाले इन फूलों में लाल पीला मिक्स ट्यूलिप हर किसी को मुग्ध कर रहा है।

समुद्रतल से लगभग 2200 मीटर की ऊंचाई पर चौबटिया स्थित सेब बागान में फलों के साथ फूलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्यूलिप गार्डन स्थापित किया गया। मकसद था सैलानियों को मार्च से अप्रैल मई पहले पखवाड़ा तक बागान की ओर खींचना। दरअसल, मई पहले सप्ताह तक सेब बागान में फल देखने को नहीं मिलते। मगर नैसर्गिक सौंदर्य से लबरेज सीढ़ीदार एप्पल गार्डन में फूलों खासतौर पर ट्यूलिप का दीदार कराना भी बड़ा उद्देश्य रहा।

अधीक्षक एनएस राणा के अनुसार बीते वर्ष हालैंड की लीवंडरमार्क, स्नोलेडी, व्हाइटहेग व रोसिलियन समेत चार प्रजातियों के बल्ब लगाए गए थे। परिणाम बेहतर मिलने पर इस वर्ष ट्यूलिप की आठ प्रजातियां स्ट्रांग गोल्ड, एटेलाग्रेफिटी, लैपटाप-आर, क्वीन आफ नाइट, डेनमार्क, अपडेट, रेड क्वैंक्यूरर व टामप्यूसी के बल्ब लगाए गए। वर्तमान में 6700 बल्ब पौधों की शक्ल लेने लगे हैं। इनमें कई प्रजातियों में फूल खिलने भी लगे हैं। जो एप्पल गार्डन की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं।

ट्यूलिप के बल्ब लगाने का सही समय दिसंबर है। पौधा बनने के बाद मार्च पहले सप्ताह से अप्रैल मध्य तक ट्यूलिप के फूल खिलते हैं। इसके बल्ब अमूमन गल जाते हैं। 30 प्रतिशत पुराने बल्ब बचते हैं। जो सुरक्षित रह जाते हैं, उनमें पुराने मूल बल्ब एक से तीन नए बल्ब बनाते हैं।

बागान अधीक्षक एनएस राणा के अनुसार अगले सीजन से पर्यटकों को ट्यूलिप के बल्ब भी उपलब्ध कराएंगे। जो सैलानी बल्ब लेना चाहेंगे, उन्हें उपयुक्त कीमत पर क्रय भी किए जाने की योजना है।

उद्यान संयुक्त निदेशक बृजे गुप्ता के अनुसार, परिणाम सुखद मिले हैं। अगले सीजन में ट्यूलिप का क्षेत्रफल बढ़ाएंगे।

# एम्स के चिकित्सकों ने की बुजुर्ग महिला के ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी




**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ऋषिकेश स्थित इकाई के चिकित्सकों ने ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित एक 82 वर्षीया बुजुर्ग महिला की जटिलतम सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। अपने आप में यह किसी चमत्कार से कम नहीं है, जो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और विशेषज्ञों की दक्षता से संभव हुआ। इस अप्रतिम सफलता के लिए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है। एम्स के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि उनकी न्यूरो-सर्जिकल टीम ने उक्त पीड़ित महिला के मस्तिष्क में आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान के जोखिम को कम करते हुए ट्यूमर को हटाने के लिए ग्रसित भाग को सावधानीपूर्वक नेविगेट किया। उन्होंने बताया कि पांच घंटे तक चली इस जटिल तंत्रिका शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अपने अंजाम तक पहुंचाने के लिए सटिकता, कौशल और न्यूरोसर्जिकल सिद्धांतों की गहरी समझ की नितांत आवश्यकता थी, जो इस जटिलतम सर्जरी को सफलता से अंजाम देकर एवं बुजुर्ग महिला को जीवनदान देकर विशेषज्ञों ने साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, ''मुझे शल्य चिकित्सा के उच्चतम मानक की देखभाल प्रदान करने के लिए हमारी टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। न्यूरो एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) संजय अग्रवाल ने मरीज के प्रभावशाली इच्छा शक्ति और मेडिकल टीम के सहयोगात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। इस मामले से जुड़े चिकित्सकों के अनुसार बीते माह में की गई यह सर्जरी महिला के मस्तिष्क में एक बड़े ट्यूमर से मरीज को राहत दिलाने के कारण आवश्यक हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से रोगी को गंभीर सिरदर्द, संज्ञानात्मक हानि और चलने-फिरने में कठिनाई, दुर्बलता और लकवा जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ रहा था। महिला अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ थी। ऐसी स्थितियों वाले बुजुर्ग मरीजों के ऑपरेशन से अत्यधिक जोखिम व चुनौती के बावजूद, एम्स, ऋषिकेश की मेडिकल टीम ने दृढ़ संकल्प और विशेषज्ञता के साथ इस कार्य को बखूबी अंजाम दिया। चिकित्सकों की इस उपलब्धि पर प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा, ''एम्स, ऋषिकेश में हम अपने सभी रोगियों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### भारत पर वैश्विक कंपनियों की निगाह, भविष्य को लेकर आशावादी : नायका सीईओ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौंदर्य प्रसाधन एवं फैशन कंपनी नायका की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फाल्गुनी नायर ने कहा कि युवा, महत्वाकांक्षी आबादी, आय के बढ़ते स्तर और मजबूत बुनियादी ढांचे एवं डिजिटल नेटवर्क जैसे सशक्त चालकों के साथ भारत वैश्विक कंपनियों की निगाह में बना हुआ है। भविष्य को लेकर आशावादी नजरिया रखने वालीं नायर ने कहा कि कुछ स्टार्टअप कंपनियों में कॉरपोरेट प्रशासन की खामियों के हालिया उदाहरणों से निवेशकों की अब अधिक जांच होगी। उन्होंने कहा कि उद्यम के शुरुआती दौर में ही प्रशासन का एजेंडा तय करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी कंपनी के बढ़ने या आकार और फलक का विस्तार करने के दौर में कंपनी प्रशासन को लेकर कोई समझौता करना सही नहीं ठहराया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि नाइका प्रशासन के मामले में बहुत मजबूत रही है। उन्होंने एक उद्यमी के तौर पर अपने सफर का जिक्र करते हुए कहा कि 50 साल की उम्र में शुरू हुआ यह सिलसिला अद्भुत रहा है। उन्होंने इच्छुक उद्यमियों को अपने सपनों से प्रेरित होने और लंबी अवधि में टिकाऊ मूल्य के सृजन के लिए अपने उद्यम में निवेश कायम रखने की सलाह दी। नायर भारत में सौंदर्य, व्यक्तिगत देखभाल और फैशन व्यवसाय में वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी नजरिया रखती हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियां भी समग्र वृद्धि के लिए मददगार रही हैं। उन्होंने कहा, ''जैसे ही बढ़ती खपत, उद्यमिता, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा जैसे तत्व एक साथ आते हैं, भारत पर वैश्विक कंपनियों का ध्यान जा रहा है।

### कंगाल हो चुके किशोर बियाणी ने बैंकों को दिया 476 करोड़ का ऑफर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंगाल हो चुके कारोबारी किशोर बियाणी के एक ऑफर ने बैंकों को चौंका दिया है। बियाणी ने केनरा बैंक की अगुवाई वाले कंसोर्टियम को 476 करोड़ रुपये का ऑफर दिया है। यह ऑफर बंसी मॉल मैनेजमेंट कंपनी के 571 करोड़ रुपये के कर्ज के वन टाइम सेटलमेंट के लिए दिया गया है। यह कंपनी मुंबई के हाजी अली इलाके में सोबो म सेंट्रल मॉल चलाती है। कुछ ही दिन पहले बैंकों ने इसके लिए रनबाल ग्रुप की 475 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी दी थी। बैंकों ने कंपनी के खिलाफ सरफेसी प्रॉसीडिंग शुरू की थी और इसी महीने की शुरुआत में उसे 475 करोड़ रुपये की बोली मिली थी। लेकिन सूत्रों के मुताबिक बियाणी ने बैंकों के फैसले को ऋण वसूल पंचाट में चुनौती दी है और खुद ही कर्ज चुकाने का ऑफर दिया है। एक सूत्र ने बताया कि बियाणी बैंकों के संपर्क में थे लेकिन जबसे बैंकों ने रनवाल की बोली को मंजूरी दी है।

# क्रेडिट कार्ड की बिलिंग साइकिल में कर सकते हैं बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप क्रेडिट कार्ड रखते हैं तो यह खबर आपके लिए फायदे वाली हो सकती है। दरअसल, केंद्रीय बैंक यानी कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड जारी करने के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। बैंकिंग रेगुलेटर ने इस बारे में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक क्रेडिट कार्ड के मौजूदा ग्राहक अपने हिसाब से बिलिंग साइकिल बिलिंग साइकिल में बदलाव कर सकते हैं।

### क्रेडिट कार्ड के लिए खास नियम

क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों के लिए रिजर्व बैंक एक खास नियम लेकर आया है। यह नियम बिलिंग साइकिल में बदलाव का है। नया नियम कहता है कि कार्डहोल्डर अपने हिसाब से बिलिंग साइकिल में बदलाव कर सकते हैं। इस बारे में पहले ही अधिसूचना जारी हो चुकी है। इस नियम को लागू भी कर दिया गया है।

### ड्यू डेट भी बदल जाएगा

जैसे ही बिलिंग साइकिल में बदलाव कर ड्यू डेट में भी बदलाव हो सकता है। पहले यह काम आसान नहीं था। क्योंकि




किसी कार्ड की बिलिंग साइकिल क्रेडिट कार्ड के इश्यू करने के वक्त ही फिक्स कर दी जाती है। उसी समय बिलिंग डेट और ड्यू डेट फिक्स होता है। यह क्रम तब तक चलता है जब तक कार्ड को कैंसिल न किया जाए। अब रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड धारकों को बिलिंग साइकिल में बदलाव करने का एक मौका दिया है।

### क्या होता है बिलिंग साइकिल

क्रेडिट कार्ड बिलिंग साइकिल आपके बिलिंग स्टेटमेंट के बीच का टाइम पीरियड होता है। ये बिलिंग पीरियड एक क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक/एनबीएफसी से दूसरे में अलग हो सकता है। इसकी अवधि 27 दिन से लेकर 31 दिन तक हो सकती है। आपके बिलिंग साइकिल के अंत में आपका स्टेटमेंट आपके क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक द्वारा जनरेट किया जाता है। इस बिल का भुगतान करने के लिए आपके पास ड्यू डेट तक का समय मिलता है।

### एक उदाहरण से समझिए

मान लें कि आपके क्रेडिट कार्ड का स्टेटमेंट हर महीने की 6 तारीख को जेनरेट किया जाता है। ऐसे में आपका क्रेडिट कार्ड बिलिंग पीरियड उस महीने की 7 तारीख से शुरू होगा और अगले महीने की 6 तारीख को समाप्त होगा। इस अवधि के दौरान आपके सभी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन मासिक क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में दिखाई देंगे। इसमें सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट, कैश विड्रॉल (अगर कोई हो) और क्रेडिट कार्ड इएमआइ की जानकारी होती है। इस उदाहरण में हमने बिलिंग पीरियड को 30 दिनों का माना है, लेकिन यह कार्ड के प्रकार और आपके क्रेडिट कार्ड प्रदाता के मुताबिक अलग-अलग हो सकती है।

### क्या होता है क्रेडिट कार्ड ड्यू डेट

क्रेडिट कार्ड के बिलों का भुगतान करने की अंतिम तारीख को क्रेडिट कार्ड ड्यू डेट कहा जाता है। ये ड्यू डेट आमतौर पर स्टेटमेंट की तारीख से 15 से 25 दिनों के बाद होती है। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आपका क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट हर महीने की 6 तारीख को जेनरेट होता है और आपकी ड्यू डेट उसी महीने की 26 तारीख को होती है, तो इसका सीधा-सा मतलब है कि आपको 26 तारीख तक अपने बिलों का भुगतान करना होगा और इस समय सीमा के भीतर भुगतान करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

### बिलिंग साइकिल बदलवाने का क्या होगा फायदा

मान लिया जाए कि आपके क्रेडिट कार्ड का बिल हर महीने की 28 तारीख को जनरेट होता है। इसका मतलब है कि आपका ड्यू डेट या पैसे चुकाने का अंतिम दिन 16 या 17 तारीख को पड़ेगा। आपका वेतन एक तारीख को आपके बैंक अकाउंट में क्रेडिट होता है। वेतन आने के बाद खर्च तो चलता ही रहता है। कई बार ऐसा होता होगा कि महीने की 16 तारीख आते आते आपका पैसा खत्म हो जाता है। ऐसे में यदि आप अपने कार्ड का बिलिंग डेट 17 तारीख करवा लेते हैं तो आपका ड्यू डेट महीने की तीसरी या चौथी तारीख को पड़ेगा। उसी समय वेतन आता है तो आप पूरा पैसा एक बार में चुका पाएंगे। आपको कोई पेनल इंटरेस्ट या जुर्माना नहीं भरना होगा।

# रिश्वतखोरी जांच मामला: अडानी ग्रुप ने खबरों को बताया झूठा, कहा- यूएस से नहीं मिला कोई नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति गौतम अडानी को लेकर हाल में एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में प्रॉसिक्यूटर अडानी ग्रुप के फाउंडर गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के रिश्वतखोरी में शामिल होने का आंशका पर जांच कर रही है। इसके बाद शेयर बाजार में लिस्टेड अडानी की कंपनियों के शेयरों में जोरदार गिरावट देखने को मिली। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई जानकारी में अडानी ग्रुप ने कहा कि ग्रुप को इस तरह की जांच को लेकर अमेरिकी न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है। अडानी की ओर से इस तरह की खबरों को झूठा करार दिया गया है। ग्रुप की ओर से पहले भी कहा गया था कि, हमें अपने चेयरमैन के खिलाफ किसी जांच की जानकारी नहीं है। एक ऐसे बिजनेस ग्रुप के रूप में जो गवर्नेंस के उच्चतम मानकों के साथ काम करता है, हम भारत और अन्य



देशों में भ्रष्टाचार विरोधी और रिश्वत विरोधी कानूनों के अधीन हैं और उनका पूरी तरह से अनुपालन करते हैं।

ब्लूमबर्ग ने बीते सप्ताह एक रिपोर्ट जारी कर कहा था कि अमेरिका में प्रॉसिक्यूटर इस बात की जांच कर रहा है कि गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप की जांच कर रहा है कि कहीं रिश्वतखोरी में इसकी संलिप्तता तो नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि न्यूयॉर्क के ईस्टर्न जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय और वाशिंगटन में न्याय विभाग की फ्रॉड यूनिट इस जांच का काम संभाल रही है और इस मामले में रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी एज्योर पावर ग्लोबल पर भी नजर रख रही है।

इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद तेजी से भाग रहे अडानी स्ट्रोक में अचानक ब्रेक लग गया और इनकी रफ्तार गिरावट में तब्दील हो गई। बीते कारोबारी दिन सोमवार को अडानी ग्रुप की बाजार में लिस्टेड 10 में से 9 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर बंद हुए थे। अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर से लेकर अडानी पोर्ट तक में शुरुआती कारोबार में 5 से 8 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली थी। जांच की खबरों से पड़े शेयरों पर असर के चलते अडानी ग्रुप ने इस तरह की खबरों को झूठा करार देते हुए अपना स्पष्टीकरण जारी किया है।सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी शेयर बाजार में गिरावट के बीत अडानी ग्रुप की 9 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं।

# ब्लूस्मार्ट को 4,000 इलेक्ट्रिक वाहन की आपूर्ति करेगी सिट्रॉन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्रांसीसी कार विनिर्माता सिट्रॉन ने सोमवार को कहा कि वह ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी को 12 माह में अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-सी3 की 4,000 इकाइयों की आपूर्ति करेगी। सिट्रॉन ने इलेक्ट्रिक वाहन कैब सेवा और ईवी चार्जिंग सेवा प्रदाता ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के साथ इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि शुरुआती चरण में 125 सिट्रॉन ई-सी3 कारों को ब्लूस्मार्ट के बेंगलुरु स्थित ईवी चार्जिंग केंद्र से हरी झंडी दिखाई गई।



सिट्रॉन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा कि दोनों कंपनियों के बीच यह सहयोग इलेक्ट्रिक परिवहन के क्षेत्र में एक स्थायी भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है। ब्लूस्मार्ट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनमोल जग्गी ने कहा, ''जिस तरह वाहन विनिर्माता (ओईएम) ई-मोबिलिटी को अपना रहे हैं और हमारे बेड़े का आकार बढ़ रहा है, हम सवारियों को विविध रेंज की पेशकश करते हुए भारतीय महानगरों में टैक्सी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

# आइसक्रीम कारोबार को अलग करेगी दिग्गज कंपनी यूनीलिवर पीएलसी

### 7500 कर्मचारियों की छंटनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की दिग्गज कंपनी-यूनीलिवर पीएलसी ने बेन एंड जेरी जैसे ब्रांड वाले अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग करने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी डीमर्जर के जरिए नए कारोबार की लिस्टिंग योजना पर विचार कर सकती है। बता दें कि यूनीलिवर पीएलसी के आइसक्रीम डिवीजन की साल 2023 में 7.9 बिलियन की बिक्री हुई थी। यूनीलिवर पीएलसी के री-स्ट्रक्चरिंग प्लान की वजह से 7500 कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। कंपनी ने कहा कि यह कदम व्यापक री-स्ट्रक्चरिंग का हिस्सा है।



नौकरी में कटौती से अगले तीन वर्षों में €800 मिलियन तक के फायदे की उम्मीद की जा रही है।

री-स्ट्रक्चरिंग से यूनीलिवर पीएलसी का ध्यान चार कारोबार पर केंद्रित हो जाएगा। ये चार कारोबार- ब्यूटी एंड वेलबीइंग, पर्सनल केयर, होमकेयर और न्यूट्रिशियन। इससे पहले कंपनी की प्रतिद्वंद्वी नेस्ले एसए ने पहले निजी इक्विटी फर्म पीएआई पार्टनर्स के साथ एक ज्वाइंट वेंचर स्थापित करके अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग कर दिया था। कंपनी की ओर से आइसक्रीम इकाई को अलग करने से यूनीलिवर की बड़ी टेंशन खत्म हो जाएगी।

# पथ्य 2030 कौशल लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है आईएचसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक प्रभाव उपायों की अपनी पहल पथ्य के तहत काम करते हुए हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में वर्ष 2030 तक 1,00,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर कामयाबी से आगे बढ़ रही है। आईएचसीएल भारत के 15 राज्यों के 25 शहरों में 32 कौशल केन्द्रों का या तो संचालन कर रही है या फिर उनके साथ सहभागिता में है।

इस अवसर पर आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष-मानव संसाधन श्री गौरव पोखरियाल ने कहा, ''हमारे संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदर्शिता से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए आईएचसीएल का प्रयास ऐसी नीतियों व कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का है जिनसे एक मानवोचित एवं समावेशी समाज हेतु आवश्यक पुलों का निर्माण जारी रहे। हाशिए पर रहने वाले योग्य युवाओं को रोजगार के काबिल की राह में जो चुनौतियां उनका समाधान करने के लिए हम समर्पित हैं। इन भागीदारियों द्वारा क्षमता निर्माण से व्यापक अप्रत्यक्ष असर कायम होगा, खासकर सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों और आदिवासी समूहों के लिए।'' राज्य सरकारों, संस्थानों व निजी संगठनों के साथ साझेदारी कर के आईएचसीएल ऐसे हस्तक्षेप करती है जिनमें व्यापारिक मजबूती होती है,



जिससे की वंचित वर्ग के युवाओं की रोजगार पाने की काबिलियत में इजाफा होता है। आईएचसीएल की नॉलेज पार्टनरशिप में शामिल हैं- प्रशिक्षण सामग्री, कक्षाओं की रचना पर सुझाव, फैकल्टी विकास, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, संयुक्त प्रमाणन तथा हमारे इंडस्ट्री नेटवर्क के जरिए अन्य सहयोग। तेजी से बढ़ते हॉस्पिटैलिटी उद्योग में वंचित युवाओं को रोजगार हेतु कुशल बनाने के लिए आईएचसीएल पूरे भारत में कौशल केन्द्रों के साथ साझेदारी करती है और अब तक कंपनी 10,000 कुशल युवाओं में से 75 प्रतिशत युवाओं को सफलतापूर्वक रोजगार दिलवा चुकी है।

# खिलौनों के खेल में भारत ने चीन को किया चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खिलौनों की दुनियाभर में धूम मच रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फाइनेंशियल ईयर 2015 से 2023 के बीच भारत से खिलौनों के निर्यात में 239 फीसदी तेजी आई है। इस दौरान आयात में 52 फीसदी गिरावट आई है। इसके साथ ही खिलौनों को ग्लोबल मार्केट में चीन का दबदबा कम हो रहा है और भारत नेट एक्सपोर्टर बनकर उभरा है। दुनिया की कई बड़ी खिलौना कंपनियां अब चीन के बजाय भारत से खिलौने खरीद रही है। मार्केट रिसर्च फर्म आइएमएआरसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की टॉय इंडस्ट्री की वैल्यू पिछले साल 1.7 अरब डॉलर थी जिसके 2032 तक 4.4 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। मोदी सरकार ने देसी खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनकी बदौलत भारत आज इस इंडस्ट्री में पावरहाउस बन रहा है।

बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में खिलौनों की बिक्री के लिए बीआईएस अप्रूवल को अनिवार्य बनाने, देसी खिलौनों को बढ़ावा देने, दुनियाभर की कंपनियों की चाइना-प्लस-वन पॉलिसी और बेसिक कस्टम्स ड्यूटी को बढ़ाकर 70 फीसदी किए जाने से देश में खिलौना उद्योग



ने उड़ान भरी है। । बीआईएस की अनिवार्यता लागू होने से पहले भारत में 80 फीसदी खिलौने चीन से आते थे लेकिन अब चीन से खिलौनों के आयात में काफी कमी आई है।

### दुनिया में बढ़ रहा दबदबा

टायर बनाने वाली चेन्नई की कंपनी एमआरएफ के पास भी एक टॉय ब्रांड है जिसका नाम फनस्कूल है। कंपनी के सीईओ आर जसवंत ने कहा कि चीन के खिलौनों को बीआईएस से मान्यता नहीं मिली है। चीन से होने वाले आयात की जगह अब भारतीय प्रॉडक्ट्स ने ले ली है। दस साल पहले शायद ही कोई कंपनी भारत से खिलौने खरीद रही थी। लेकिन अब कई कंपनियों ने भारत में अपना बेस बनाया है।

आरपी एसोसिएट्स के मालिक पवन गुप्ता ने कहा कि भारत में खिलौनों का उत्पादन बढ़ गया है और कई कंपनियों ने भारत में अपना बेस बनाया है। पहले चीन से खिलौने खरीद रही कई कंपनियां अब दूसरे देशों में शिफ्ट हो रही हैं। इनमें भारत भी शामिल है। भारत सरकार ने एक जनवरी, 2021 से उन खिलौनों के आयात पर रोक लगा दी थी जिन्हें बीआईएस से सर्टिफिकेट नहीं मिला है। साथ ही सरकार ने फरवरी 2020 में खिलौनों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 20 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दी थी जिसे मार्च 2023 में बढ़ाकर 70 फीसदी कर दिया गया था।

### गुजरात बन रहा हब

टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज को सपोर्ट करने के लिए बीआईएस नियमों में और ढील देने की जरूरत है। एसोसिएशन का कहना है कि देश में 6,000 से अधिक खिलौना बनाने वाली यूनिट्स हैं जिनमें से केवल 1,500 के पास ही बीआईएस लाइसेंस है। एसोसिएशन के प्रेजिडेंट अजय अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने पिछले दो साल में एमएसएमई सेक्टर में कई तरह की छूट दी हैं। देश में कई स्टार्टअप कंपनियां इस सेक्टर में आगे आ रही हैं। देश में गुजरात टॉय मैन्यूफैक्चरिंग का हब बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो साल पहले मन की बात कार्यक्रम में देश के खिलौना उद्योग की जमकर तारीफ की थी।

# आईएलएंडएफएस के निदेशक मंडल ने एनसीएलएटी में बैंकों के खिलाफ अर्जी लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी ढांचागत वित्त कंपनी आईएलएंडएफएस के निदेशक मंडल ने 'इरादतन चूककर्ता घोषित करने की कार्यवाही शुरू करने से 11 कर्जदाताओं को रोकने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष अर्जी दाखिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता आईएलएंडएफएस समूह की कंपनियों को बकाया भुगतान न करने पर 'इरादतन चूककर्ता घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में हैं। इस पर रोक लगाने के लिए निदेशक मंडल ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) का रुख किया है।

कंपनी ने अपनी याचिका में कहा है कि वह अपीलीय न्यायाधिकरण के पिछले आदेशों का बैंकों द्वारा किए गए 'घोर उल्लंघन और अवहेलना से व्यथित है। उसने बैंकों पर आरबीआई दिशानिर्देशों की आड़ में प्रक्रियात्मक कार्रवाई करने और समूह की कंपनियों के निदेशकों को परेशान करने का भी आरोप लगाया। इस याचिका में आरोप




लगाया गया है कि बैंक कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं, इरादतन चूककर्ता पहचान समिति के समक्ष व्यक्तिगत सुनवाई की मांग कर रहे हैं और कंपनियों एवं उनके निदेशकों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की धमकी दे रहे हैं। आईएलएंडएफएस ने नए बोर्ड द्वारा अक्टूबर, 2018 के बाद नियुक्त अन्य समूह कंपनियों और/या उनके निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने से बैंकों को रोकने का अनुरोध किया है। इसके अलावा इसने बैंकिंग क्षेत्र के नियामक आरबीआई को भी एक पक्ष बनाया है। इन बैंकों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, आईडीबीआई बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। वर्ष 2018 में भारी अनियमितता और वित्तीय संकट सामने आने के बाद एनसीएलएटी ने केंद्र की सिफारिश पर उसके तत्कालीन निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। उस समय समूह पर 94,000 करोड़ रुपए का कर्ज था।

# पाकिस्तान क्रिकेट में फिर मचने वाला है बवाल !

## बाबर आजम का 'दुश्मन-इमाद वसीम' करेगा संन्यास से वापसी



**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर इमाद वसीम से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास पर पुनर्विचार करने को कहा गया है। उनसे इस साल जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए वापसी करने का आग्रह किया गया है। ऑलराउंडर ने सोमवार को इस्लामाबाद यूनाइटेड को तीसरा पीएसएल खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 35 साल खिलाड़ी ने पांच विकेट लेने के बाद नाबाद 19 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। इमाद और पूर्व कप्तान बाबर के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं। पिछले साल वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलने के बाद इमाद ने संन्यास का ऐलान कर दिया था।

**पीएसएल के तीनों नॉकआउट में कमाल** – इमाद वसीम ने लगातार तीसरा मैच था जहां उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। क्वेटा ग्लैडियेटर्स के खिलाफ एलिमिनेटर 1 में बाएं हाथ के खिलाड़ी ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए, इसके बाद पेशावर जाल्मी के खिलाफ एलिमिनेटर 2 में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने नाबाद 59 रन बनाए। इमाद ने आखिरी बार मई 2023 में पाकिस्तान के लिए खेला था। उन्होंने पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पाकिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर और इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम के साथी शादाब खान ने इमाद से संपर्क किया है, उन्हें उम्मीद है कि वह इस साल के 20 ओवर के विश्व कप में वापसी करेंगे। आईसीसी ने शादाब के हवाले से कहा, जब इमाद ने फैसला लिया तो मैंने भी उनसे बात की थी कि मैं नहीं चाहता कि वह जाएं क्योंकि पाकिस्तान को उसके जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है। उम्मीद है कि वह वापस आएगा क्योंकि विश्व कप करीब आ रहा है और जिस तरह से वह प्रदर्शन कर रहा है और सीपीएल में उसका अनुभव है, पाकिस्तान को निश्चित रूप से इसकी जरूरत है।

### कप्तान शाहीन से भी हुई थी बात

पिछले साल अप्रैल में रावलपिंडी में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट लेने के बाद से पाकिस्तान के लिए टी20 में शामिल नहीं होने के बावजूद, अगर कप्तान शाहीन आफरीदी उनकी वापसी का अनुरोध करने का फैसला करते हैं तो इमाद ने संभावित वापसी की संभावना खुली रखी है। इमाद ने कहा, मैंने पाकिस्तान के लिए खेलते हुए अपना नाम बनाया और अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी तो मैं उपलब्ध रहूंगा। अगर नहीं, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। मेरे रिटायर होने के बाद शाहीन ने मुझे फोन किया लेकिन मैंने उससे कहा कि हम पीएसएल के बाद बात करेंगे।

आस्ट्रेलिया-अफगानिस्तान

## वाह ! ऑस्ट्रेलिया ने फिर तालिबान को दिखाई औकात, क्रिकेट टीम के साथ नहीं खेलेगा सीरीज



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी20 मैच की घरेलू सीरीज स्थगित कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का आगामी सीरीज स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद्द कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज भी स्थगित कर दी थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, 'पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है।' बयान के अनुसार, 'इस कारण हमने अपनी पूर्व की स्थिति को बरकरार रखा है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज स्थगित कर देंगे।' अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है जिसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी क्योंकि देश ने महिलाओं पर क्रिकेट खेलने से रोक लगा दी है।

## ऑस्ट्रेलिया ने तैयार किया भारत के लिए माया जाल, टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार इस सीरीज के बाकी मैच एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है,'एडिलेड दूसरे टेस्ट मैच जबकि ब्रिस्बेन तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच हर बार की तरह मेलबर्न में होगा जबकि नए साल पर दोनों टीम सिडनी में अंतिम मैच खेलेंगे।' एडिलेड में खेले जाने वाला दूसरा मैच डे-नाइट का होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अगले सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन वह इस महीने के आखिर तक अंतिम घोषणा कर सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत इस साल नवंबर में हो सकती है। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। इससे पहले 1991-92 में भारतीय टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने जब 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तब पर्थ में दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 146 रन से जीता था। इन दोनों देश के बीच 2020-21 में खेली गई सीरीज से पहले पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ ने पर्थ को एक भी मैच की मेजबानी नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की थी। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में सिर्फ भारत को ही ऐसी टीम माना जा रहा है, जो ऑस्ट्रेलिया को उसी के मैदान पर हराने में सक्षम है।

# पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे : पीसीबी अध्यक्ष



**कराची (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह अगले साल होने वाली इस प्रतियोगिता के देश से बाहर आयोजन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल के दौरान सोमवार की रात को संवाददाताओं से बात करते हुए नकवी ने पुष्टि की कि उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से बात की थी। नकवी ने कहा, 'हां हमने थोड़ी देर के लिए बातचीत की थी लेकिन उसका ब्योरा देना बुद्धिमानी पूर्ण नहीं होगा। नकवी से पूछा गया कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो क्या यह टूर्नामेंट किसी अन्य देश में आयोजित किया जाएगा, उन्होंने कहा, 'मैं अभी टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में आयोजित करने के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं। हमें पूरा विश्वास है कि हम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेंगे।

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने हाल में कहा था कि वह भारत को पाकिस्तान का दौरा नहीं करने की सरकारी नीति का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहेगा। नकवी ने इसके साथ ही कहा कि पीसीबी प्रतियोगिता के करीब आने पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि कराची, लाहौर और रावलपिंडी के स्टेडियमों का नवीनीकरण किया जाएगा। इन स्थानों पर चैंपियंस ट्रॉफी के अधिकतर मैचों का आयोजन किया जाएगा।

भारत ने नवंबर 2008 में मुंबई आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। भारतीय टीम आखिरी बार जून जुलाई 2008 में एशिया कप में खेलने के लिए पाकिस्तान आई थी। भारतीय टीम ने पिछले साल एशिया कप लिए पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान ने तब इस टूर्नामेंट के केवल चार मैच की मेजबानी की थी तथा बाकी मैच श्रीलंका में खेले गए थे।

## सिद्धू की क्रिकेट कॉमेंट्री में वापसी

### कहा-कमेंट्री मेरे खून में है, यह मेरी पहचान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू लगभग एक दशक के बाद अपने 'होम ग्राउंड', कमेंट्री बॉक्स में लौटने जा रहे है। एक राजनेता के रूप में एक्टिव रहने के बाद, सिद्धू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दौरान माइक्रोफोन के पीछे वापस कमेंट्री करते दिखेंगे।

आईपीएल के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने, आईपीएल 2024 सीज़न में नवजोत सिंह सिद्धू की हिंदी में आईपीएल कमेंट्री में वापसी की घोषणा की। पूर्व बल्लेबाज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच सीज़न की शुरुआत में कमेंटेटर के रूप में अपनी दूसरी पारी शुरू करेंगे।

नवजोत सिंह सिद्धू उन प्रशंसकों की पीढ़ी के लिए क्रिकेट की पुरानी यादों का हिस्सा हैं जो 2000 के दशक की शुरुआत में खेल देखकर बड़े हुए थे। बल्ले के साथ अपनी तेजतर्रारता और आक्रामकता के लिए जाने जाने वाले सिद्धू अपने करिश्मे और स्वभाव को कमेंट्री बॉक्स में पेश करने में सक्षम थे। उनके वन-लाइनर और शायरी, विशेष रूप से हिंदी प्रसारण में, प्रशंसकों के बीच एक बड़ी हिट थी, जो आईपीएल से प्यार करने लगे।

एक बातचीत में सिधू ने कहा देखो, कमेंट्री मेरे खून में है। यह मेरी पहचान है। जैसे महान गुरु ने हमें हमारी पगड़ी दी थी। मैं अपनी पगड़ी से पहचाना जाता हूं। मैं बहुत भाग्यशाली व्यक्ति हूं कि खेल मेरा शौक ही मेरा पेशा है। आपके पास ऐसे लोग होंगे जो क्रिकेटर बनना चाहते थे, वे अब डॉक्टर हैं। आपके पास ऐसे लोग होंगे जो खेल खेलना चाहते थे और आज, वे एक व्यवसाय चला रहे हैं। ऐसे बहुत कम लोग हैं जिन्हें वह करने का मौका मिलता है जिसमें उन्हें सबसे अधिक आनंद आया है। यदि आप कुछ ऐसा करते हैं जो खुशी का प्याला है, तो समय उड़ जाता है। आप धन्य हैं। मेरे लिए, कमेंटरी एक आशीर्वाद है, यह एक वरदान है।

# बांगलादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान, संन्यास से लौटे हसरंगा को मिली जगह



**कोलम्बो (एजेंसी)।** पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को श्रीलंका ने बांगलादेश के साथ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में वापस बुलाया है। श्रीलंका की टीम में वानिंदु हसरंगा को शुक्रवार से बांगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है। इसके साथ ही तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की भी टीम में वापसी हुई है और अनकैप्ड ऑफस्पिनर निशान पाइरिस को टीम में जगह मिली है।

उल्लेखनीय है कि हसरंगा ने सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अगस्त 2023 में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। अब तक चार टेस्ट मैचों में उनके नाम 100.75 की औसत से चार विकेट हैं। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2021 में घरेलू मैदान पर बांगलादेश के खिलाफ टेस्ट खेला था। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला तीन अप्रैल को समाप्त होगी। इस कारण हसरंगा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

श्रीलंकाई तेजगेंदबाज लाहिरू ने एक साल से कोई टेस्ट नहीं खेला है। जहां तक पेइरिस ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में 24 विकेट लिए हैं। कुल मिलाकर, उन्होंने 37 मैचों में 24.79 की औसत से 153 विकेट लिए हैं।

### बांगलादेश के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका टीम

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस, दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुश्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), कामिंडु मेंडिस, लाहिरू उदारा, वानिंदु हसरंगा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, निशान पेइरिस, कासुन राजिथा, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और चमिका गुणशेखरा

## मुख्य कोच मूसा का अंडर-23 खिलाड़ियों को मैसेज, सीनियर टीम की शैली से खेलो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अंडर-23 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने अपने खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश देते हुए सीनियर टीम के लक्ष्यों के अनुरूप खेलने की महत्ता पर जोर दिया ताकि उन्हें देश के लिए खेलने में कोई परेशानी नहीं हो। भारत की अंडर-23 टीम 22 और 25 मार्च को कुआलालंपुर में दो अभ्यास मैच में मलेशिया से भिड़ेगी जिसके लिए टीम यहां शिविर में तैयारी में जुटी है। मूसा ने कहा, 'हमारे लिए यह देखना अहम है कि सीनियर टीम क्या चाहती है और हमें इसी के अनुसार खेलना चाहिए। ये ही खिलाड़ी आखिर सीनियर टीम में जायेंगे और खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण चीज लड़कों को यह बताना है कि हम किस तरह से खेलना चाहते हैं ताकि वे पिच पर इसी तरह का खेल दिखा सकें।

### भारत अंडर-23 संभावित खिलाड़ी

**गोलकीपर** – अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल और विशाल यादव।

**डिफेंडर** - विकास युमनाम, चिंगंबम शिवाल्डो सिंह, होर्मिपम रुइवा, नरेंद्र, रॉबिन यादव और संदीप मंडी।

**मिडफील्डर** – अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथनपुइया, मोहम्मद ऐमेन, फिजाम सनाथोई मीतेई, थोइबा सिंह मोइरांगथेम और विबिन मोहनन।

**फॉरवर्ड** – अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान यदवाड, इसाक वनलालरुआतफेला, खुमानथेम निन्थोइंगनबा मीतेई, मोहम्मद सानन, पार्थिब सुंदर गोगोई, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन और विष्णु पुथिया वलप्पिल।


# वेलामल महिला ग्रांड मास्टर शतरंज

### साक्षी नें मंगोलिया की उर्तशेख को हराया

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज की राजधानी कहलाने वाली चेन्नई में आज से वेलामल एआईसीएफ़ महिला ग्रांड मास्टर राउंड रॉबिन टूर्नामेंट का उदघाटन समारोह सम्पन्न हुआ । इस टूर्नामेंट में मंगोलिया, सर्बिया, फ्रांस, इटली और कोलंबिया से कुल पाँच विदेशी महिला टाइटल खिलाड़ियों और सात भारतीय महिला खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर कुल 11 क्लासिकल मुक़ाबले खेले जाएँगे । भारत की वेलपुला सरायु प्रतियोगिता की शीर्ष वरीय खिलाड़ी है । उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मद्रास हाइ कोर्ट की न्यायाधीश श्रीमति एन माला नें सभी खिलाड़ियों से मिलकर उन्हे शुभकामना दी और उसके बाद मंगोलिया की महिला ग्रांड मास्टर उर्तशेख उरीइनतुया के साथ शतरंज बोर्ड पर कुछ चालें चलकर टूर्नामेंट का औपचारिक आरंभ किया । इसके बाद पहले राउंड के मुक़ाबले खेले गए जिसमें सबसे बड़ा परिणाम तीसरे बोर्ड पर आया जहां भारत की भारत की साक्षी चित्लांगे नें मंगोलिया की तीसरी वरीय उर्तशेख उरीइनतुया को शानदार एंडगेम में पराजित करते हुए जीत से अपने अभियान की शुरुआत की । अन्य मुकाबलों में पहले बोर्ड पर भारत की वेलपुला सरायु नें भारत की ही मौनिका अक्षया को पराजित किया तो दूसरे बोर्ड पर भारत की महालक्ष्मी एम नें भारत की ही रिंधिया वी को मात दी , चौथे बोर्ड पर इटली की सेदिना एलेना और मंगोलिया की एंखतुल अलतान के बीच बाजी अनिर्णीत रही , जबकि पांचवें बोर्ड पर भारत की मोनिषा जीके नें फ्रांस की नीनों मैसूरद्जे को और छठे बोर्ड पर भारत की मेरी एन गोम्स नें कोलंबिया की एंजेला फ़्रांको को पराजित किया ।

# गौतम गंभीर ने शाहरुख खान से हुई बातचीत की याद

### यह आपकी फेंचाइजी है, इसे बनाएं या तोड़ दें



**कोलकाता (एजेंसी)।** कभी गौतम गंभीर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2 खिताब जीतकर अपनी अलग पहचान बनाई थी और अब मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में टीम से जुड़े इस पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज का लक्ष्य टीम को वर्तमान स्थिति से बेहतर स्थिति में पहुंचाना है। केकेआर की टीम पहले तीन आईपीएल में नॉकआउट में भी नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद चौथे सत्र में गंभीर ने टीम की कमान संभाली थी।

केकेआर में शामिल होने पर शाहरुख खान के साथ अपनी प्रारंभिक बातचीत को याद करते हुए गंभीर ने कहा कि उन्होंने (एसआरके) मुझसे वही बात कही जो उन्होंने मुझसे तब कही थी जब मैं एक खिलाड़ी के रूप में शामिल हुआ था। यह आपकी फेंचाइजी है, इसे बनाएं या तोड़ दें। इस बात ने सभी को मनोबल बढ़ाया था। हमारी टीम में सभी को खेल को बढ़िया बनाने के लिए अपनी प्रतिक्रिया देने का अधिकार था। जब आप टीम के तौर पर बेहतरी के लिए प्रयास करते हैं तो आपके सफल होने के चांस ज्यादा होते हैं।

गंभीर ने यह भी कहा कि मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जब भी मैं इस जगह (केकेआर) को छोड़ूंगा, हम काफी बेहतर स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैंने केकेआर को सफल नहीं बनाया बल्कि केकेआर ने मुझे सफल बनाया। केकेआर ने मुझे एक नेतृत्वकर्ता बनाया।

केकेआर के साथ अपनी यात्रा पर विचार करते हुए गंभीर ने शाहरुख खान और वेंकी मैसूर के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि केकेआर के प्रबंध निदेशक को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे संभालना बहुत मुश्किल है। इतने वर्षों तक मेरे नखरे सहने के लिए मैं एसआरके (शाहरुख) और (वेंकी) मैसूर को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# वर्ल्ड बिलियर्ड्स म्यूजियम के हॉल ऑफ फेम में पंकज आडवाणी

### अब तक 26 वर्ल्ड टाइटल जीत चुके हैं, सोशल मीडिया पर दी जानकारी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टार पंकज आडवाणी वर्ल्ड बिलियर्ड्स म्यूजियम के हॉल ऑफ फेम में शामिल हो गए हैं। पंकज ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। वर्ल्ड बिलियर्ड्स म्यूजियम चीन के शांगराव शहर में है। यहां पंकज की फोटो लगाकर उन्हें शामिल किया गया। पंकज स्नूकर और बिलियर्ड्स में मिलाकर 26 वर्ल्ड टाइटल जीत चुके हैं।

**पंकज के पास 18 बिलियर्ड्स और 8 स्नूकर वर्ल्ड टाइटल** – 38 साल के क्यू स्टार पंकज ने18 बिलियर्ड्स वर्ल्ड टाइटल, 17 आईबीएसएफ वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप और एक वर्ल्ड टीम बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीती है। स्नूकर में पंकज तीन बार आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप, दो बार आईबीएसएफ वर्ल्ड सिक्स-रेड चैंपियनशिप और एक-एक बार आईबीएसएफ वर्ल्ड टीम कप और आईबीएसएफ वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप जीती। उनके पास आईबीएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप की रिकॉर्ड संख्या है। पंकज 2012/2013 में स्नूकर प्रोफेशनल बने थे। बिलियर्ड्स में उन्होंने साल 1999 में डेब्यू किया था। वहीं, 2005 में बिलियर्ड्स का पहला वर्ल्ड टाइटल जीता था।

## संक्षिप्त समाचार

### कोच्चि में नियमित प्रशिक्षण के दौरान रिमोट संचालित विमान दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एक रिमोट संचालित विमान सोमवार शाम करीब पांच बजे कोच्चि में आईएनएस गरुड़ पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय नौसेना के हवाले से यह जानकारी दी है। नौसेना ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय नौसेना ने कहा कि यह हादसा उस समय हुआ जब आईएनएस गरुड़ पर एक रिमोट संचालित विमान को नियमित प्रशिक्षण के लिए उड़ाया जा रहा है। नौसेना के मुताबिक, इस हादसे में किसी के घायल होने या फिर किसी तरह की संपत्ति के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। इस घटना पर नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

### केरल हाई कोर्ट ने ईडी से सहकारी बैंक घोटाला मामले की जांच में तेजी लाने को कहा




**कोच्चि , एजेंसी।** केरल हाई कोर्ट ने सोमवार को ईडी से करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच में तेजी लाने को कहा है। जस्टिस देवन रामचंद्रन ने मामले की जांच पूरी करने में देरी पर नाराजगी व्यक्त की, जिसमें ईडी ने दावा किया है कि कई आरोपित सत्तारूढ़ राजनीतिक दल सीपीआई (एम) के पदाधिकारी और सदस्य हैं। इस बीच, एजेंसी ने कोर्ट से कहा कि जांच में न्यायिक हस्तक्षेप देरी का कारण है। इसमें कहा गया है कि एक अदालत ने सहकारी रजिस्ट्रार से पूछताछ पर रोक लगा दी है। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि राज्य के 12 अन्य सहकारी बैंकों के लेनदेन की जांच चल रही है। कोर्ट की यह टिप्पणी एक आरोपित द्वारा ईडी के कुर्की आदेश को चुनौती देने और उसके बैंक खातों को डी फ्रीज करने की मांग करने वाली याचिका पर आई। ईडी ने पहले हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि करुवन्नूर सहकारी बैंक में अनियमितताएं सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेताओं के इशारे पर की गई थीं।

### मेले में अब तक 20 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन, ऐसी है व्यवस्थाएं

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान में खाटू मेला परवान पर है। सीकर जिला स्थित खाटू श्याम मेले में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। खाटू मेला में इस बार प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए है। श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। श्रद्धा भक्ति और आस्था के रंग में रंगे लाखों श्याम भक्त बाबा के दरबार में हाजिर लगा चुके हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार अब तक करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु खाटू श्याम के दर्शन कर चुके है। सोमवार को करीब दो लाख पचास हजार श्रद्धालु दर्शन करने खाटूश्यामजी पहुंचे।

बता दें कि जैसे-जैसे एकादशी नजदीक आ रही है भक्तों की भीड़ खाटू श्याम जी में लगातार बढ़ रही है। हाथों में केसरिया निशान थामें बाबा श्याम के भक्त जयकारा लगाते हुए नाचते गाते बाबा श्याम के दरबार पहुंच रहे हैं। श्याम भक्तों की सेवा के लिए रास्ते में जगह-जगह पर शिविर चल रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभर से श्याम भक्त बड़ी संख्या में शीश के दानी को रिझाने व अपने मन की मुराद को पुरी करने के लिए बाबा श्याम की एक झलक पाने को बेताब है। रिंगस से पैदल और पलसाना से वाहन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम पहुंच रहे हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भी मंदिर को सजाने व संवारने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन हो सके, इसके लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी की तरफ से लखदातार ग्राउंड का निर्माण कराया गया है। मंदिर कमेटी के अनुसार करीब 40 करोड़ की लागत से इस मेला ग्राउंड का निर्माण किया गया है जिसमें एक लाख श्याम भक्तों की क्षमता रहेगी। लखदातार मेला ग्राउंड में बरसात में धूप से बचने के लिए डोम के साथ ही अनेक सुविधाएं हैं।

# अतिरिक्त समय ने कम किया भाजपा और शिअद पर दबाव, दोनों दलों की रणनीति पर है कांग्रेस की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पंजाब में सभी की नजर इस पर है कि भाजपा व शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के गठबंधन की घोषणा कब होगी। दरअसल, पंजाब में चुनाव अंतिम चरण यानी एक जून को होने के कारण दोनों ही दल किसी जल्दबाजी में नहीं हैं।

दोनों ही दलों को उम्मीद है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब किसान संगठन शंभू और खनौरी बार्डर पर से अपना धरना समाप्त कर सकते हैंधरना खत्म होने पर ही गठबंधन की घोषणा की जाए तो ठीक रहेगा। वहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इसी बात का इंतजार कर रही है।

शिअद किसानों के मुद्दे पर ही भाजपा से अलग हुआ था। अतः गठबंधन से पहले वह आश्वस्त हो जाना चाहता है कि गांवों में उसका खोया जनाधार वापस आ जाएगा। शिअद की परेशानी यह है कि शहरी क्षेत्र उसके लिए हमेशा ही कमजोर कड़ी रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में यही स्थिति भाजपा की है। भाजपा शहरों में तो बेहतर प्रदर्शन करती है। मगर गांव में उसका प्रदर्शन खराब हो






जाता है।

ऐसे में अकाली दल से गठबंधन के दौरान शिअद ग्रामीण और भाजपा शहरी क्षेत्रों की राजनीति करती थी। अकाली दल से गठबंधन टूटने और तीन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने के बाद भाजपा ने गांव में जाने की राह तो बनाई, लेकिन बीती 13 फरवरी को किसान संगठनों द्वारा पुनः संघर्ष शुरू करने से भाजपा की परेशानी बढ़ गई।

हालांकि, किसान संगठनों को 2020 के मुकाबले पंजाब में समर्थन नहीं मिला, लेकिन भाजपा कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। इसलिए गठबंधन को लेकर वह अभी और इंतजार के मूड में है। भाजपा चाहती है कि गठबंधन होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिअद के माध्यम से पार्टी को आधार मिल जाए।

गठबंधन की संभावनाओं को देखते हुए ही शिअद ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। अन्यथा शिअद पंजाब में पहला ऐसा दल होता था, जो सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा करता था।

शिअद के इतिहास पर अगर नजर डालें तो चुनाव की घोषणा से दो-दो माह पहले ही वह अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देता था, लेकिन इस बार तस्वीर बदली हुई है। पंजाब में केवल आम आदमी पार्टी (आप) ही है, जिसने 13 में से आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। अन्य पांच पर भी वह जल्द ही घोषणा करने जा रही है। शिअद और भाजपा जहां अनुकूल समय का इंतजार कर रहे हैं तो कांग्रेस की नजर इन दोनों पार्टियों पर लगी हुई हैंकांग्रेस इस बात का इंतजार कर रही है कि शिअद-भाजपा की रणनीति कैसी रहती है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का कहना है दोनों पार्टियों का तो गठबंधन हो ही चुका है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बताते हैं, चुनाव अंतिम चरण में हैं। इसलिए अभी इंतजार करना ही बेहतर है। कांग्रेस के सामने यह भी परेशानी है कि उसकी पार्टी में टूट का क्रम जारी है। पहले बस्सी पठाना से पूर्व विधायक गुरप्रीत जीपी गए और बाद में चब्बेवाल के विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल। वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी की नजर फिरोजपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के एक नेता पर टिकी हुई है। कांग्रेस टिकटों के आवंटन से पहले आश्वस्त हो जाना चाहती है कि नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला थम जाए।

## सचिन पायलट के गढ़ में इस बार भाजपा का पलड़ा भारी?

**दौसा, एजेंसी।** पूर्वी राजस्थान की सियासत का केंद्र बिंदु कहे जाने वाले दौसा में सचिन पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर है। दौसा को पायलट फैमिली का गढ़ माना जाता है। लेकिन लगातार तीन बार से यहां से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी चर्चा है बीजेपी इस बार दौसा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट सकती है। किरोड़ी लाल के भाई जगमोहन मीणा को मिल सकता है। जबकि कांग्रेस सचिन पायलट कैंप के विधायक मुरारी लाल मीणा को टिकट दे सकती है। पिछले चुनाव में मुरारी लाल की पत्नी बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गई थी। लेकिन इस बार हालात बदले-बदले नजर आ रहे है। कांग्रेस इस बार बीजेपी को कड़ी चुनौती दे सकती है।

सियासी जानकारों का कहना है कि दौसा से टिकट उसी को मिलेगा, जिसे सचिन पायलट पंसद करते है। कांग्रेस की तरफ से सेवानिवृत्त आईएएस प्रभु दयाल मीणा और टीकाराम मीणा भी दावेदारी जता रहे है। टीकाराम मीणा केरल में अहम पदों पर रहे है। ऐसे में माना जा रहा है कि केसी वेणुगोपाल के मार्फत टिकट लाने की कोशिश कर रहे है। जबकि प्रभु दयाल मीणा पूर्व रक्षा सचिव रहे है। कांग्रेस के बड़े नेताओं से अच्छे संपर्क है। सचिन पायलट के समर्थक नरेश मीणा भी दावेदारी जता रहे है। दौसा सीट एसटी के लिए रिजर्व है। ऐसे में यहां आमतौर पर मीणा बनान अन्य जातियों के बीच मुकाबला माना जाता रहा है। मीणा-गुर्जर, माली और एससी के मतदता ज्यादा है। गहलोत की वजह से माली समुदाय के वोट कांग्रेस को मिलने लगे है। जबकि गुर्जर वोट कांग्रेस के माने जाते है। मीणा वोट पर बीजेपी सेंध लगाने में सफल रही है। पिछले चुनावों आंकड़ों के हिसाब से मीणा वोटर्स पर बीजेपी ने सेंध लगा दी है। जबकि आमतौर पर मीणाओं को कांग्रेस को वोटर माना जाता रहा है। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है। ब्राह्मण वोटर किसी जमाने में कांग्रेस के थे, लेकिन अब बिखरे हुए है। दोनों दलों से टिकट पाने के लिए दावेदारों ने एड़ी से चोटी का जोर लगा रखा है।

## दिल्ली में टैरो कार्ड रीडर से दुष्कर्म, दोस्त ने मीटिंग के बहाने बुलाकर लूटी आबरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय में एक टैरो कार्ड रीडर के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी व्यक्ति गौरव अग्रवाल महिला का परिचित बताया जा रहा है। एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच करने और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के नेब सराय में 36 वर्षीय एक महिला टैरो कार्ड रीडर के साथ एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महिला को संपत्ति बेचने में मदद करने का वादा किया था। इसके बाद में उसने ज्योतिष सीखने के बहाने महिला से दोस्ती कर ली। महिला ने 11 फरवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसके एक परिचित ने उसके साथ बलात्कार किया।


पुलिस के मुताबिक, महिला ने जनवरी 2024 में एक प्लॉट की बिक्री के संबंध में मालवीय नगर निवासी गौरव अग्रवाल से संपर्क किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, गौरव शिकायतकर्ता के घर आय और उसे आश्वासन दिया कि वह उसकी संपत्ति बेचने में मदद करेगा। पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी को यह भी पता चला कि महिला को ज्योतिष में रुचि है और उसने उससे मेलजोल बढ़ाने के लिए ज्योतिष सीखने के बहाने उसे फोन करना शुरू कर दिया। 24 जनवरी को गौरव अग्रवाल ने महिला को मिलने बुलाया और प्लॉट का सौदा तय करने के बहाने नेब सराय में अपने एक दोस्त के घर ले गया। अधिकारी ने बताया कि वहां उसने उसके ड्रिंक में कथित तौर पर कुछ मिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई और फिर उसने उसके साथ बलात्कार किया।

## स्वैग और भौकाल के लिए रेव पार्टी करता था एल्विश यादव?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
रेव पार्टी में सांपों का जहर की सप्लाई करने लेकर नोएडा पुलिस ने रविवार को बिग बॉस ओटीटी के विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। नोएडा पुलिस का कहना है कि पैसा कमाने के अलावा एल्विश ने ऐसा दिल्ली-एनसीआर में अपना सोशल मीडिया फैन बेस बढ़ाने और स्वैग दिखाने के लिए किया। गिरफ्तारी के बाद यादव को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान, यादव ने आरोप स्वीकार नहीं किएज लेकिन हमारे पास बहुत सबूत हैं। उसे यह दिखाना था कि उसके पास स्वैग या भौकाल है। वह अपने फैंस के बीच एक ऐसे व्यक्ति की इमेज बनाना चाहता था जो कानूनी एजेंसियों (लॉ इनफोर्समेंट) से डरता नहीं है और वह जो चाहे कर सकता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उन्हें यादव से जुड़ी छह से ज्यादा पार्टियों में सांप के जहर के इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। जांच में शामिल अधिकारियों का कहना है कि कुछ पार्टियों में वह खुद शामिल







हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, जो लोग इन पार्टियों में शामिल हुए थे, उनकी पहचान की जा रही है। सांप के जहर का इस्तेमाल करने को लेकर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पिछले साल तीन नवंबर को भाजपा की सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित एक गैर सरकारी संगठन पीपल फॉर एनिमल्स की सूचना के बाद सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने नोएडा सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल से पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। एफआईआर में आरोपी के तौर पर यादव का नाम सामने आया था। हालांकि उसे उस वक्त गिरफ्तार नहीं किया गया था।

मामले से संबंधित एफआईआर में लिखा है, हमें जानकारी मिली है कि एक यूट्यूबर एल्विश यादव, गिरोह के अन्य सदस्यों/यूट्यूबर्स के साथ नोएडा-एनसीआर के फार्महाउसों में सांप के जहर और जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट करता है और अवैध रूप से रेव पार्टियों का आयोजन करता है। पुलिस ने 20 मिलीलीटर सांप का जहर, पांच कोबरा, एक अजगर, दो सिर वाले दो सांप और एक रैट स्नेक बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि जयपुर की फोरेंसिक लैब में भेजे गए नमूनों में क्रेट जहर पाया गया।

## बिना आधिकारिक पद के पंजाब में प्रशासनिक बैठकों में शामिल हुए नवाज शरीफ, विवादों में घिरे पूर्व पीएम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पिछले महीने आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज शरीफ के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है। नवाज शरीफ मे की पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षतातीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया, पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने मंत्रियों और अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। 74 वर्षीय नवीज शरीफ के पास फिलहाल कोई भी आधिकारिक पद नहीं है। मौजूदा समय में वह केवल नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है। पिछले महीने हुए आम चुनाव में नवाज शरीफ का चौथी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनना तय था, लेकिन सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी के पास पर्याप्त सीटें



नहीं थीं। आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थन प्राप्त निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थी। हालांकि, नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत पांच अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन की सरकार बनाई। इसके बाद से ही नवाज शरीफ राजनीति से दूर थे।

## बाइडेन के लिए 13 हजार रुपए के स्पेशल शूज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** 81 साल के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेंटल और फिजिकल हेल्थ अकसर सवालों के घेरे में रहती है। अब तक तीन बार वो गिर चुके हैं और हर बार कैमरे की नजर उन पर थी।

'फॉक्स न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक- प्रेसिडेंट के बार-बार गिरने का खतरा कम करने के मकसद से उनके लिए नए तरह के शूज डिजाइन कराए गए हैं। इनकी कीमत इंडियन करंसी के हिसाब से करीब 13 हजार रुपए है।

प्रेसिडेंट बाइडेन के नए शूज पहली बार पिछले महीने चर्चा में आए थे। हालांकि, तब कई जानकारियां सामने नहीं आ सकीं थीं। रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन के नए शूज ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत कई नेता बाइडेन की फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर सवाल उठा रहे हैं। ज्यादातर का कहना है कि बाइडेन अब मेंटली और फिजिकली फिट नहीं हैं। ट्रम्प ने तो नवंबर 2023 में एक रैली में साफ कहा था कि बाइडेन की हालत ऐसी नहीं है कि वो अमेरिका जैसे ताकतवर देश को लीड कर सकें। इसके जवाब में बाइडेन ने कहा था- मुझे मेरे काम से आंका जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक- आरएनसी रिसर्च एजेंसी ने कुछ दिन पहले बाइडेन के नए स्नीकर्स के फीचर्स का एनालिसिस किया था। एजेंसी ने कहा था कि ये लाइफस्टाइल स्नीकर्स हैं और इन्हें होका ब्रांड ने तैयार किया है।



इसके अलावा 'इनसाइड एडिशन' मैगजीन की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नए शूज में प्रेसिडेंट को मैक्सिमम सपोर्ट और वॉकिंग कम्फर्ट मिलेगा। इसके अलावा ये नए शूज बाइडेन का बैलेंस भी मेंटेन करेंगे, ताकि प्रेसिडेंट को चलते वक्त गिरने का खतरा कम रहे। एक रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन के लिए तैयार शूज को होका ट्रांसपोर्ट कहा जा रहा है। बाइडेन कई बार गिर चुके हैं, लिहाजा इन शूज का सोल चौड़ा और बेहतर ग्रिप वाला रखा गया है। वो इन्हें पहनकर जब चलते हैं तो बेहद कम्फर्टेबल महसूस करते हैं। अमेरिकन पोडियाट्रिक एसोसिएशन ने भी माना है कि यह शूज पैरों के लिए काफी आरामदेह है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियानों में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

**वाशिंगटन/ सोफ़िया, एजेंसी।**
अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री लुटेरों के खिलाफ अभियानों में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है। उन्होंने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर चर्चा करते हुए नौसेना की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग के मुद्दों पर संक्षेप में चर्चा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने हाल की द्विपक्षीय घटनाओं जैसे फरवरी 2024 में नई दिल्ली में आयोजित इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन और 18 मार्च 2024 को भारत में ही शुरू तीनों सेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने पिछले साल संपन्न भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग रोडमैप को लागू करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारतीय शिपयार्डों में अमेरिकी नौसैनिक जहाजों की मरम्मत जैसे अन्य रक्षा औद्योगिक सहयोग मुद्दों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई। दोनों की आखिरी मुलाकात नवंबर 2023 में भारत-अमेरिका मंत्रिस्तरीय टू प्लस टू वार्ता के दौरान नई दिल्ली में हुई थी।

बुल्गारिया प्रेजीडेंट, पीएम मोदी को कहा थैंक्स

भारतीय नौसेना ने 40 घंटे चले एक अभियान में सोमालिया के 35 समुद्री डाकुओं को पकड़ने और उनके द्वारा बंधक बनाए गए 17 बंधकों को मुक्त कराया। इस अभियान के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सात साल में सोमालिया के समुद्री डाकुओं से किसी जहाज को इस तरह से छुड़ाने का यह



पहला सफल अभियान है। समुद्री लुटेरों ने जहाज को तीन महीने पहले हाइजैक किया था। बुल्गारिया के राष्ट्रपति भारतीय नेवी की बहादुरी के कायल हो गए हैं। हाइजैक शिप से अपने सात नागरिकों की जान बचाने को लेकर बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन राडेव ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी और भारतीय नेवी को धन्यवाद कहा है।

नौसेना ने शनिवार को अभियान के तहत भारतीय तट से लगभग 2,600 किलोमीटर दूर पूर्व में माल्टा के ध्वजांकित व्यापारिक जहाज (एमवी) रुएन को अपने कब्जे में लिया। नौसेना ने करीब 40 घंटे के अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा और सी गार्जियन ड्रोन को तैनात किया। अभियान के लिए सी-17 विमान से विशिष्ट मार्कोस कमांडो को उतारा गया। नौसेना ने बाद में बताया कि एमवी रुएन का सोमालिया के जलदस्युओं ने 14 दिसंबर को अपहरण कर लिया था।

एक बयान में, नौसेना ने कहा कि एमवी रुएन की समुद्री यात्रा की क्षमता का आकलन किया जा रहा है और पोत पर लगभग 37,800 टन माल लदा है जिसकी कीमत करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर है। इसे सुरक्षित भारत लाया जाएगा।

**भारतीय नेवी की बहादुरी का मुरीद हुआ बुल्गारिया:** बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया गेब्रियल ने अपहृत जहाज और उनके देश के सात नागरिकों सहित चालक दल के सदस्यों को बचाने के सफल अभियान के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया। गेब्रियल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर कहा, दोस्त इसी के लिए होते हैं।

अब इस पर बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन राडेव का रिएक्शन आया है। सोशल मीडिया पर वो लिखते हैं, अपहृत बुल्गेरियाई जहाज रुएन और 7 बुल्गेरियाई नागरिकों सहित उसके चालक दल को बचाने के लिए नौसेना की बहादुरीपूर्ण कार्रवाई के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

## लोस चुनाव में पीएम मोदी की जीत के लिए सिलिकॉन वैली में भारतवंशियों ने किया हवन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत के लिए सिलिकॉन वैली में भारतीय-अमेरिकी टेक्नोलॉजी पेशेवरों ने एक हिंदू मंदिर में हवन किया। इस हवन का आयोजन ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे-एरिया चैप्टर ने किया। इस हवन में कई लोग शामिल हुए। इस हवन को लेकर जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, यह सिर्फ एक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि बहुसंख्यक भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति का एक आह्वान है। आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत के लिए यहां लोग प्रार्थना करने के लिए एक साथ आए हैं। ओएफबीजेपी ने अबकी बार 400 पार के नारे पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के लिए 400 से अधिक सीटें जीतने और भाजपा के अकेले 370 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होने वाला है। नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129